पारा आपडेट
मैक्सिमम 22.00 | मिनीमम 9.00
सूर्यास्त (आज) ▸ 17.17
सूर्योदय (कल) ▸ 06.31
बोकारो से प्रकाशित

सेंसेक्स 79,223.11 ● निफ्टी 24,004.75 ● डॉलर 85.77 ₹ ● सोना 77,650 ₹ ● चांदी 1,00,000 ₹

पेज 06 संविधान को संकीर्ण राजनीतिक...
पेज 08 बिहार-बंगाल का कुख्यात सुशील...

हिन्दी दैनिक
# झारखंड दर्शन
हर खबर पर नजर
पौष शुक्ल पक्ष षष्ठी संवत 2082

पेज 12



RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, रविवार 05 जनवरी 2025 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया ● वर्ष : 07 अंक : 183 | Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### आआपा विधायक नरेश बाल्यान की जमानत याचिका पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मकोका से जुड़े मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के उत्तम नगर से विधायक नरेश बाल्यान की जमानत याचिका पर आज सुनवाई टाल दी। स्पेशल जज कावेरी बावेजा के उपलब्ध नहीं होने की वजह से सुनवाई टली। जमानत याचिका पर अगली सुनवाई अब आठ जनवरी को होगी। आज ही दिल्ली पुलिस ने इस मामले के एक आरोपित रितिक पीटर के खिलाफ मकोका की धारा 3 के तहत लगभग 300 पेज की पहली चार्जशीट दाखिल की। कोर्ट चार्जशीट पर संज्ञान लेने के लिए नौ जनवरी को सुनवाई करेगा। मकोका के मामले में नरेश बाल्यान नौ जनवरी तक की न्यायिक हिरासत में है। चार दिसंबर को वसूली के मामले में बाल्यान को जमानत मिलने के बाद दिल्ली पुलिस ने मकोका के मामले में गिरफ्तार किया था।

### दिल्ली : भाजपा ने जारी की 29 उम्मीदवारों की पहली सूची

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को 29 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। महत्वपूर्ण नई दिल्ली विधान सभा सीट से अरविंद केजरीवाल के खिलाफ भाजपा ने प्रवेश साहिब सिंह वर्मा और कालकाजी सीट से मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ रमेश बिधूड़ी को चुनावी मैदान में उतारा गया है। इसके अलावा आप से बगावत कर के भाजपा में शामिल होने वाले कैलाश गहलोत को बिजवासन सीट से टिकट दिया गया है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली विधान सभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी सभी 70 सीटों पर अपने उम्मीदवार पहले ही घोषित कर चुकी है। कांग्रेस ने भी 43 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा की दी है।

### मणिपुर में सुरक्षाबलों ने हथियार और गोला-बारूद बरामद किया

**इंफाल।** मणिपुर के पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमावर्ती और संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। तलाशी और नियंत्रण अभियान के दौरान कांगपोकपी जिले के लोइबोल खुनौ क्षेत्र से हथियारों और गोला-बारूद को जखीरा सुरक्षाबलों के हाथ लगा है। बताया गया है कि 7.62 एमएम स्नाइपर राइफल, एक इम्प्रोवाइज्ड लॉन्ग रेंज मोर्टार (पंपी), तीन पिस्तौल (9एमएम) और तीन मैगजीन, 12 बोर गन, एसबीबीएल गन, 10 कारतूस, तीन हैंड ग्रेनेड (नंबर 36), तीन पिकेट ग्रेनेड (एंटी-रायट), दो आंसू गैस ग्रेनेड (एंटी-रायट) और एक वायरलेस सेट (मोटोरोला) बरामद किया गया है।

### बारामूला में दो मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पुलिस ने शनिवार को एक महिला सहित दो कथित तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से प्रतिबंधित मादक पदार्थ जब्त किया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि उरी में बेला क्रॉसिंग बोनियार में एक जांच चौकी पर एक संदिग्ध को रोका गया और तलाशी के दौरान उसके पास से 50 ग्राम चरस बरामद किया गया। तस्कर की पहचान हुंडी नौशेरा निवासी रफीक अहमद शेख के तौर पर की गयी और उसको गिरफ्तार कर लिया गया। उसके खिलाफ बोनियार थाने में कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई।

# नक्सली कनेक्शन : बोकारो में कई स्थानों पर एनआईए की छापेमारी

संवाददाता

**बोकारो।** जिले के गोमिया के विभिन्न स्थानों में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को नक्सलियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। एनआईए की आठ टीमों ने सुबह छह बजे से नक्सल प्रभावित गोमिया के विभिन्न इलाकों में लगभग तीन से चार घण्टे तक छापेमारी की। यह छापेमारी झुमरा पहाड़ और उसके आसपास के गांव चतरो चट्टी, रजडेरबा, लोधी, चेयाटांड, कुरकुटिया, धमधरवा,तूईयो और हरयीदमो में हुई।



बोकारो पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने पुष्टि की है कि एनआईए को नक्सलियों और उनके नेटवर्क से जुड़ी अहम जानकारी मिली थी, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई है। छापेमारी के दौरान टीम कई दस्तावेजों को साथ लेकर गई है, जो नक्सली संगठन की गतिविधियों और उनके संबंधों को उजागर करने में मदद कर सकते हैं।

एनआईए की यह कार्रवाई झारखंड में नक्सलियों के खिलाफ नए साल की सबसे बड़ी जांच मानी जा रही है। टीम का मुख्य उद्देश्य नक्सलियों के नेटवर्क को ध्वस्त करना और उनके आर्थिक व संगठनात्मक आधार को कमजोर करना है। छापेमारी से जुड़े इलाके लंबे समय से नक्सली प्रभाव में रहे हैं, जिससे यह जांच और भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। एनआईए की इस कार्रवाई के बाद सुरक्षा एजेंसियों और स्थानीय पुलिस ने भी सक्रियता बढ़ा दी है।

### भाकपा माओवादी बच्चा सिंह को किया गिरफ्तार

**रांची।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने झारखंड में भाकपा माओवादियों के षड्यंत्र मामले में एक मुख्य आरोपित को गिरफ्तार किया है। एनआईए से आधिकारिक रूप से मिली जानकारी के अनुसार, झारखंड के बोकारो जिले के गोविंदपुर निवासी बच्चा सिंह उर्फ बच्चा बाबू सिंह को एनआईए ने गिरफ्तार किया है। वह (आरसी-03/2023/एनआईए/आरएनसी) मामले में एफआईआर में आरोपित है। एनआईए ने अगस्त 2023 में यूए(पी) अधिनियम और सीएलए अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत आनंदपुर पुलिस से मामला अपने हाथ में लिया था। जांच के दौरान पता चला कि बच्चा सिंह मजदूर संगठन समिति (एमएसएस) का सचिव था, जिसे वर्तमान में झारखंड राज्य सरकार ने सीएलए अधिनियम के तहत प्रतिबंधित कर दिया है। आरोपित प्रतिबंधित भाकपा माओवादी और उसके शीर्ष नेताओं के साथ सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ था। वह संगठन की विचारधारा को बढ़ावा देने और झारखंड और अन्य स्थानों में इसकी गतिविधियों को मजबूत करने के लिए धन संग्रह में शामिल था।

### ग्रामीण भारत महोत्सव का हुआ आगाज, प्रधानमंत्री मोदी ने किया उद्घाटन

# भारत में ग्रामीण गरीबी घटकर पांच प्रतिशत से भी कम हुई : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के विकास की अनदेखी करने और गरीबी हटाओ के केवल नारे लगाने को लेकर पिछली सरकारों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 2014 से वह ग्रामीण भारत की सेवा में जुटे हैं और उसी का परिणाम है कि आज ग्रामीण भारत में ग्रामीण गरीबी 5 प्रतिशत से नीचे आ गयी है।

प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में शनिवार को ग्रामीण भारत महोत्सव-2025 के उद्घाटन के बाद कहा कि ग्रामीण भारत महोत्सव के साथ वर्ष की शानदार शुरूआत भारत की विकास यात्रा को दर्शाती है और एक विशिष्ट पहचान बनाती है। प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) और अन्य योगदानकताओं को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने एसबीआई की ताजा शोध रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि कल ही स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट आई है, जिसके अनुसार 2012 में भारत में ग्रामीण गरीबी करीब 26 प्रतिशत थी। जबकि 2024 में ग्रामीण गरीबी घटकर 5 प्रतिशत से भी कम हो गई है।

कांग्रेस के गरीबी हटाओ के नारे पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि सालों से गरीबी हटाओ के नारे सुनाई देते रहे लेकिन अब वास्तव में गरीबी कम हो गई है। मोदी ने कहा कि पहले की सरकारों ने एससी-एसटी-ओबीसी की आवश्यकताओं की ओर ध्यान नहीं दिया। गांव से पलायन होता रहा, गरीबी बढ़ती रही, गांव और शहर के बीच की खाई बढ़ती रही। जिन्हें किसी ने नहीं पूछा, उन्हें मोदी ने पूजा है। जो इलाके दशकों से विकास से वंचित थे, अब उन्हें बराबरी का हक मिल रहा है। उन्होंने कहा, 'ये सब काम (गांवों को सशक्त बनाने का) पहले की सरकारों में भी तो हो सकते थे...मोदी का इंतजार करना पड़ा क्या? आजादी के दशकों बाद भी हमारे देश के गांव बुनियादी जरूरतों से वंचित थे। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ी जातियों की ज्यादातर आबादी गांवों में रहती है। दुर्भाग्य से पिछली सरकारों ने उनकी जरूरतों को नजरअंदाज किया लेकिन मोदी इन गांवों को सशक्त बना रहे हैं और उन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जो पहले उपेक्षित थे।'



#### ग्रामीण भारत को सशक्त बनाना हमारा लक्ष्य

उन्होंने कहा कि वह 2014 से ग्रामीण भारत की सेवा में लगे हैं। गांव के लोगों को गरिमापूर्ण जीवन देना सरकार की प्राथमिकता है। हमारा लक्ष्य गांवों को विकास और अवसर के जीवंत केंद्रों में बदलकर ग्रामीण भारत को सशक्त बनाना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम-किसान योजना के तहत किसानों को 3 लाख करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी गई है। पिछले 10 वर्षों में कृषि ऋण 3.5 गुना बढ़ाया गया है। देश में तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है और अब तक 1.15 करोड़ ग्रामीण महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं। हमारा विजन भारत के गांव के लोग सशक्त बनें, उन्हें गांव में ही आगे बढ़ने के ज्यादा से ज्यादा अवसर मिले, उन्हें पलायन न करना पड़े, गांव के लोगों का जीवन आसान हो, इसलिए हमने गांव-गांव में मूलभूत सुविधाओं की गारंटी का अभियान चलाया। गांव के हर वर्ग के लिए विशेष नीतियां बनाई हैं।

#### ग्रामीण भारत को नई ऊर्जा से भर रहे हैं

प्रधानमंत्री ने कहा कि दो-तीन दिन पहले ही कैबिनेट ने 'पीएम फसल बीमा योजना' को एक वर्ष अधिक तक जारी रखने की मंजूरी दे दी है। दुनिया में डीएपी का दाम बढ़ रहा है, आसमान छू रहा है, लेकिन हमने निर्णय किया कि हम किसान के सिर पर बोझ नहीं आने देंगे और हमने सब्सिडी बढ़ाकर डीएपी का दाम स्थिर रखा है। हमारी सरकार की नीयत, नीति और निर्णय ग्रामीण भारत को नई ऊर्जा से भर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषि के अलावा भी हमारे गांव में अलग-अलग तरह के पारंपरिक कला और कौशल से जुड़े हुए कितने ही लोग काम करते हैं। रूरल इकोनॉमी और लोकल इकोनॉमी में इनका बड़ा योगदान रहा है, लेकिन पहले इनकी भी उपेक्षा हुई। अब हम उनके लिए पीएम विश्वकर्मा योजना चला रहा हैं। ये योजना देश के लाखों विश्वकर्मा साथियों को आगे बढ़ने का मौका दे रही है।

### बांदीपोरा में सेना का वाहन खाई में गिरा

# चार जवान बलिदान

एजेंसी

**बांदीपोरा।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में शनिवार को सेना का एक वाहन खाई में गिर गया। हादसे में चार जवानों का बलिदान हो गया, जबकि दो घायल हैं। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना जिले के एसके पायीन इलाके में हुई। सेना का वाहन सड़क से फिसलकर पास की खाई में गिर गया। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के तुरंत बाद बचाव अभियान शुरू कर दिया गया था।

एमएस बांदीपोरा अस्पताल के डॉ. मसरत ने बताया कि दुर्घटना में घायल हुए छह में से पांच सैन्य कर्मियों को अस्पताल लाया गया। उन्होंने बताया कि इनमें से दो को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि तीन गंभीर घायलों को श्रीनगर रेफर किया गया। इस दौरान एक जवान ने रास्ते में दम तोड़ दिया। इसी बीच सूत्रों के अनुसार एक और सैनिक की श्रीनगर के एक अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई है जिससे इस हादसे में बलिदान हुए सैनिकों की संख्या बढ़कर चार हो गई है।

## वरिष्ठ परमाणु वैज्ञानिक राजगोपाल चिदंबरम का 88 वर्ष की आयु में निधन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के वरिष्ठ परमाणु वैज्ञानिक डॉ राजगोपाल चिदंबरम का शनिवार को मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शोक संदेश में कहा कि डॉ. राजगोपाल चिदंबरम भारत के परमाणु कार्यक्रम के प्रमुख वास्तुकारों में से एक थे और उन्होंने भारत की वैज्ञानिक एवं सामरिक क्षमताओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। डॉ. राजगोपाल चिदंबरम के निधन से बहुत दुःख हुआ। वे भारत के परमाणु कार्यक्रम के प्रमुख वास्तुकारों में से एक थे और उन्होंने भारत की वैज्ञानिक और सामरिक क्षमताओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्हें पूरा देश कृतज्ञता के साथ याद करेगा और उनके प्रयास आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेंगे।

● प्रधानमंत्री ने शोक व्यक्त किया



### आय से अधिक संपत्ति मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई

## दिवंगत जेल डीआईजी की 4.68 करोड़ की प्रॉपर्टी कुर्क

एजेंसी

**भोपाल।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए भोपाल जेल के तत्कालीन डीआईजी जेल स्व. उमेश कुमार गांधी, उनके परिवार के सदस्यों और सहयोगियों से संबंधित 4.68 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति कुर्क कर ली है। यह कार्रवाई तत्कालीन डीआईजी गांधी के घर 12 साल पहले विशेष स्थापना पुलिस (लोकायुक्त) द्वारा पुलिस द्वारा मारे गए छापे के संबंध में की गई है।

ईडी द्वारा शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार, भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) 1860 की विभिन्न धाराओं और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (पीसी एक्ट) के तहत लोकायुक्त पुलिस भोपाल ने उमेश कुमार गांधी के खिलाफ कार्रवाई की थी। गांधी पर अनुपातहीन संपत्ति का संचय करने के आरोप में जांच की गई और लोकायुक्त पुलिस भोपाल ने इस मामले में दो आरोप पत्र दाखिल किए हैं। पहला आरोप पत्र विशेष न्यायालय में पीसी एक्ट के तहत और दूसरा प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश भोपाल की अदालत में दायर किया गया है।

इन मामलों में तत्कालीन जेल डीआईजी उमेश कुमार गांधी, अजय कुमार गांधी (तत्कालीन जेल प्रहरी, जिला जेल सीहोर), और अर्चना गांधी (उमेश कुमार गांधी की पत्नी) पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। इन पर 5.13 करोड़ रुपये की आय से अधिक संपत्ति जुटाने के मामले में यह कार्रवाई की गई है।

## तमिलनाडु में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, छह की मौत

एजेंसी

**विरुधुनगर।** तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले के चतुर इलाके में शनिवार को एक निजी पटाखा फैक्टरी में हुए जबरदस्त विस्फोट में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से वहां पर अफरा-तफरी और दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है। यह विस्फोट कितना जबरदस्त था, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि फैक्टरी के चार कमरे पूरी तरह जमींदोज हो गए हैं। सूचना पर पहुंचे अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने वहां से छह लोगों के शव बरामद किए हैं। अभी वहां पर आग बुझाने और तलाशी का काम किया जा रहा है।



विरुधुनगर जिले के चतुर इलाके में पोमियापुरम गांव के निवासी बालाजी की इसी गांव में साईनाथ फायर वर्क्स नाम से पटाखा फैक्टरी है। इसके लिए उन्होंने केन्द्रीय विस्फोटक नियंत्रण विभाग से लाइसेंस भी ले रखा है। बताया जा रहा है कि आज सुबह पौने दस बजे के करीब पटाखा फैक्टरी में जबरदस्त विस्फोट हो गया। हादसे के वक्त फैक्टरी के 35 कमरों में 80 से ज्यादा मजदूर पटाखों के निर्माण में लगे हुए थे। बताया गया है कि यह विस्फोट पटाखा बनाने के लिए रसायन मिलाते समय अचानक घर्षण के कारण हुआ। इस विस्फोट में 4 कमरे पूरी तरह जमींदोज हो गये। इन कमरों में मौजूद 6 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि इस घटना में और किसी के घायल या नुकसान होने के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। शिवकाशी और चतुर अग्निशमन विभाग की टीम आग बुझाने में जुटी हुई है।

**पशुपालन** › 'मिशन मधुमक्खी' कार्यक्रम के तहत श्वेत क्रांति के बाद मधु क्रांति की बड़ी पहल

# अमूल डेयरी के पशुपालकों ने किया 16,000 किलो शहद का उत्पादन

एजेंसी

**अहमदाबाद।** गुजरात में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के मार्गदर्शन में किसानों को मधुमक्खी पालन जोड़ने और इसके जरिए उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं। 'मिशन मधुमक्खी' कार्यक्रम में एक बड़ी पहल है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत अमूल डेयरी के पशुपालकों ने 16,000 किलो शहद का उत्पादन किया है, जो इस योजना की उल्लेखनीय सफलता को दर्शाता है।



'मिशन मधुमक्खी' कार्यक्रम को खेड़ा जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ, आणंद (अमूल डेयरी) के माध्यम से कार्यान्वित किया गया है। इस प्रोजेक्ट से श्वेत क्रांति के बाद मधु क्रांति की दिशा में एक बड़ी पहल की गई है। अमूल डेयरी ने इस वर्ष की शुरूआत में प्रति लाभार्थी 10,000 रुपये के योगदान के साथ आणंद, खेड़ा और महिसागर जिले के 284 सभासद पशुपालक किसानों को मधुमक्खी पालन के इस प्रोजेक्ट में शामिल किया। डेयरी की ओर से प्रत्येक सभासद को मधुमक्खी के 10 बॉक्स और 5 सभासदों के बीच एक हनी एक्सट्रैक्टर भी दिया गया। इन 284 पशुपालकों ने अब तक लगभग 16,000 किलो शहद का रिकॉर्ड उत्पादन कर प्रोजेक्ट की सफलता का एक नया अध्याय लिखा है।

अमूल डेयरी की प्रोसेसिंग और पैकिंग इकाई ने इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत अब तक करीब 2 टन शहद की प्रोसेसिंग की है। इतना ही नहीं, ये सभासद पशुपालक अमूल के अलावा सीधे बिक्री के माध्यम से भी आय अर्जित कर रहे हैं। खास बात यह है कि इन सभासदों ने पहले ही वर्ष के दौरान मधुमक्खी पालन के लिए योगदान के रूप में निवेश की गई पूंजी का लगभग 75 फीसदी वापस पा लिया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'मन की बात' में मीठी क्रांति का उल्लेख कर चुके हैं, जो मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार की एक बड़ी पहल है।

#### 'मिशन मधुमक्खी' कार्यक्रम के लिए पात्रता

राज्य की चारों कृषि यूनिवर्सिटी, कृषक विज्ञान केंद्र, बागवानी विभाग तथा पंजीकृत किसान समूह, किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), किसान उत्पादक कंपनी (एफपीसी), 'ए' ग्रेड की सहकारी संस्थाएं, सहकारी डेयरी और जिला दुग्ध सहकारी संघ इस कार्यक्रम का लाभ उठा सकते हैं।

#### कार्यक्रम के तहत देय सहायता

गुजरात सरकार के अनुसार कार्यक्रम के अंतर्गत पात्र लाभार्थी समूह, संगठन या संस्थाओं को मधुमक्खी पालन के लिए बॉक्स, आधुनिक तरीके से छत्ते से शहद निकालने के लिए हनी एक्सट्रैक्टर यंत्र, फूड ग्रेड कंटेनर एवं अन्य उपकरणों के अलावा प्रसंस्करण, पैकेजिंग, कोल्ड रूम, मधुमक्खी प्रजनन, न्यूक्लियस कल्चर और मधुमक्खी क्लीनिक तैयार करने के लिए निर्धारित मापदंडों के अनुसार सहायता दी जाती है। 'मिशन मधुमक्खी' कार्यक्रम के अंतर्गत 2022-23 में जूनागढ़ कृषि यूनिवर्सिटी को मधुमक्खी प्रजनन और क्लीनिक प्रोजेक्ट के लिए 53 लाख रुपये की सहायता दी गई है। वहीं, 2024-25 में अमूल डेयरी के प्रोजेक्ट को 127.43 लाख रुपये की सहायता प्रदान की गई है।

### दिल्ली में कोहरे से कोहराम

## विजिबिलिटी शून्य, रेल और विमान यात्री परेशान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** समूचा उत्तर भारत आज कोहरे की गिरफ्त में है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लोगों को घने कोहरे से दो-चार होना पड़ा। लगातार दूसरे दिन दिल्ली घने कोहरे की सफेद चादर में लिपटी नजर आ रही है। इससे दिल्ली के कई इलाकों में विजिबिलिटी न के बराबर है। कुछ जगहों पर ड्राइविंग करते समय 10 मीटर दूर देखना भी संभव नहीं हो पाया। कई इलाकों में विजिबिलिटी शून्य है। खराब दृश्यता का असर रेल और हवाई यातायात पर पड़ा है और यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। रेलवे ने आज सुबह लगभग छह बजे दिल्ली पहुंचने वाली 49 ट्रेनों के देरी से चलने और 22 गाड़ियों के प्रस्थान समय में परिवर्तन की सूचना दी है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने उत्तर भारत में कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। आज सुबह उत्तर भारत के लगभग सभी एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी शून्य है। दिल्ली-एनसीआर में भी कई इलाकों में विजिबिलिटी शून्य दर्ज की गई। कोहरे के कारण दिल्ली एयरपोर्ट पर 100 से ज्यादा उड़ान प्रभावित हुई हैं। दिल्ली एयरपोर्ट पर अभी तक 30 उड़ानों को रद्द किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### सीएम से मिले सांसद और विधायक, दी बधाई



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शनिवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सांसद कालीचरण सिंह एवं विधायक जनार्दन पासवान ने मुलाकात कर नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने भी उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री से झारखंड लोक सेवा आयोग की सदस्य अजिता भट्टाचार्य ने मुलाकात कर उन्हें नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने भी उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। इसके अलावा मुख्यमंत्री से झारखंड के पूर्व राज्यपाल रमेश बैस के पुत्र रितेश बैस ने मुलाकात कर नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने भी उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दी।

### रिम्स पीएचडी एंट्रेंस के लिए आवेदन 15 तक

**रांची।** रिम्स ने पीएचडी एंट्रेंस एग्जाम के सत्र 2024-25 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत रिम्स के कुल 41 विभागों के पीएचडी कोर्स में नामांकन की प्रक्रिया होगी। आवेदन वेबसाइट रिम्स के वेबसाइट से डाउनलोड कर सकेंगे। सभी जरूरी डॉक्यूमेंट के साथ 15 जनवरी तक जमा करना होगा। पीएचडी एंट्रेंस 18 फरवरी को संभावित है। परीक्षा ऑफलाइन मोड पर होगी। परीक्षा अवधि 120 मिनट का होगा। इसमें एमसीक्यू पैटर्न पर सवाल होंगे। परीक्षा केंद्र रिम्स, रांची में ही होगा। इसमें आवेदन फॉर्म शुल्क जनरल और ओबीसी कैटेगरी के लिए 300 रुपये एवं झारखंड के एससी तथा एसटी केटेगरी के लिए 200 रुपये निर्धारित है। साथ ही एंट्रेंस एग्जाम फीस 2500 रुपये निर्धारित है। ज्यादा जानकारी संस्थान के वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने क्षेत्रीय संगठन महामंत्री को जन्मदिन की दी बधाई

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र को जन्मदिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। मरांडी ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर लिखा है कि बाबा बैद्यनाथ से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु जीवन की मंगलकामना करता हूं। दूसरी ओर, भाजपा प्रदेश ने ट्वीट कर कहा है कि हम सभी कार्यकर्ताओं के अभिभावक क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं।

### पूर्व कर्मी ही निकला पंडरा लूट का मास्टर माईंड

**रांची।** 30 दिसंबर को पंडरा के ओटीसी ग्राउन्ड के पास बैंक में 13 लाख रुपये जमा करने गये आर्शीवार आटा के मैनेजर सुमित कुमार गुप्ता से आधा दर्जन अपराधियों ने हथियार के बल पर लूट लिया था। घटना के वक्त वहां मौजूद लोटस होटल के मैनेजर सुमित कुमार द्वारा बीच बचाव करने के दौरान उसे भी अपराधियों ने दो गोली मार कर फरार हो गये थे। घटना के बाद पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल में एक संदिग्ध की तस्वीर होटल में चाय पीते हुए दिखी थी, जिसकी पहचान 26 दिसंबर को रातू में हुई 13 लाख 66 हजार 600 की लूट में शमिल होने के तौर पर की गयी थी। पंडरा घटना के बाद पुलिस ने एसआईटी गठन किया था, साथ ही संदिग्ध की तस्वीर की पहचान के लिए ईनाम भी रखे थे, उसकी तस्वीर वायरल होते ही पुलिस को आरोपियों का सुराग मिल गया और एक के बाद एक कर कुल पांच अपराधियों को पुलिस ने धर दबोचा। सूत्रों के मुताबिक पुलिस की गिरफ्त में एक महिला और एक लालपुर थाने के प्राईवेट ड्राईवर का भाई संतोष भी शमिल है संतोष को पुलिस ने ओरमांझी से गिरफ्तार किया है। उस पर आरोप है कि वह रामगढ़ के अपराधियों से संपर्क किया था और उन्हें हथियार भी दिलवाया था।

### जालिम मां ने बेटी की बैठी से गला रेत डाला

**रांची।** गुमला जिले के घाघरा थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ा अजियातु में बीती रात मां ने अपनी डेढ़ साल की मासूम बच्ची की धारदार बैंठी से गला रेत कर हत्या कर दी। घटना की सूचना पर पहुंची घाघरा थाने की पुलिस ने बच्ची की मां फुलमनी देवी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना के संबंध में हादसे की शिकार मासूम बच्ची के पिता कैलाश गोप ने बताया कि शुक्रवार की देर रात वह खाना बना रहा था इस लिए कड़ाके की ठंड की वजह से उन्होंने अपनी पत्नी फुलमनी देवी को बच्ची को गर्म कपड़ा पहनाने को कहा था, उसके बाद उसकी पत्नी घर में रखे बैंठी से बच्ची का गला रेत डाला। घटना की आहट मिलते ही वह उधर गया तो देखा की उसकी फूल सी बच्ची खून से लथपत छटपटा रही थी। बाद में उसने घटना की जानकारी गांव वालों को दी। उसके बाद गांव वालों ने पुलिस को जानकारी दी।

### रांची पुलिस का चला अफीम के खिलाफ अभियान

**रांची।** ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल के निर्देश पर बुंडू तमाड़ सोनाहातु और दशमफॉल थाना के जंगली व पहाड़ी क्षेत्र में की गयी अफीम की खेती में ट्रैक्टर चला कर रौंदा डाला गया। अफीम के खिलाफ चलाये गये अभियान में बुंडू थाना क्षेत्र में 9 एकड़, सोनाहातु में 5 एकड़ तमाड़ में 25 एकड़ और दशमफॉल थाना क्षेत्र में लगे 4 एकड़ में लगी खेती को पुलिस और ट्रैक्टर के द्वारा बर्बाद कर दिया गया।

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर प्रशासन मुस्तैद

# डीसी ने की समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश



संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने राज्यस्तरीय मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान कार्यक्रम के सम्पूर्ण कार्यक्रम की तैयारियों की क्रमवार समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारियों को कई निर्देश दिए।

उपायुक्त ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कार्यक्रम संचालन के साथ-साथ सभी व्यवस्थाओं जैसे- लाभुकों के खाने, पेयजल, बैठने, शौचालय, बिजली, पार्किंग, बस और वाहनों के लिए रुट मार्किंग, अग्निशमन, मेडिकल टीम, साइनेज, एम्बुलेंस एवं अन्य सभी व्यवस्थाएं ससमय कराने को कहा।

पूरे कार्यक्रम स्थल पर सेक्टरवार दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती की जा रही है, जो विधि व्यवस्था को संभालेंगे। साथ ही इतने बड़े कार्यक्रम आयोजन को लेकर ट्रैफिक की समस्या उत्पन्न ना हो इसके लिए क्यूआरटी टीम तैनात रहेगी, जो पूरी तरह ट्रैफिक को सुगम बनाए रखने की जिम्मेदारी निभाएगी।

## कार्यक्रम के मद्देनजर एसएसपी ने दिए दिशा-निर्देश

### सुरक्षा, भीड़ मैनेमेंट और ट्रैफिक मैनेजमेंट को लेकर किया मंथन

संवाददाता

**रांची।** मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम के मद्देनजर शनिवार को रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) चंदन कुमार सिन्हा सहित वरीय अधिकारियों ने नामकुम पहुंचकर सुरक्षा से लेकर ट्रैफिक मैनेजमेंट तक के लिए सभी पुलिस अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने पुलिस अफसरों और कर्मियों को ब्रीफ भी किया।

सिन्हा ने बताया कि छह जनवरी को मंईयां सम्मान योजना को लेकर रांची में बड़े कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसमें लगभग तीन-चार लाख लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। इसी कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा, भीड़ मैनेमेंट और ट्रैफिक मैनेजमेंट को लेकर मंथन किया गया। साथ ही कार्यक्रम में जिन अफसरों और कर्मियों की ड्यूटी लगी है, उन्हें ब्रीफ भी किया गया। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के राज्य स्तरीय समारोह की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। छह जनवरी को नामकुम खोजा टोली स्थित आर्मी ग्राउंड में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन, मंत्री और अन्य नेता शामिल होंगे। कार्यक्रम में सबसे ज्यादा महिलाएं आएंगी। ऐसे में राज्य के अलग-अलग हिस्सों से आने वाली महिलाओं को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न हो इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है। उनके आने-जाने वाली सड़कों पर किसी तरह की परेशानी न हो। जब वे सभा स्थल पर पहुंचे तो उनके लिए वाशरूम के साथ पानी की समुचित व्यस्था हो। इन सबके लिए हर तरह के इंतजाम किए जा रहे हैं।



**पांच हजार सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी:** समारोह स्थल की सुरक्षा को लेकर पांच हजार बलों की तैनाती की जाएगी। इसके साथ अलग-अलग विंग बनाकर उसमें मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की जाएगी। कार्यक्रम वाले दिन के लिए अलग से ट्रैफिक प्लान जारी किया जाएगा। कार्यक्रम में राज्य के सभी जिलों से लाभुकों को आना है। ऐसे में उनके बैठने के लिए अलग-अलग ब्लॉक बनाए गए हैं। मुख्य मंच के आसपास सुरक्षा के लिए बेहतर सुरक्षा उपाय किए जा रहे हैं। जगह-जगह पर बैरिकेडिंग की जा रही है। सड़कों पर आवागमन प्रभावित न हो इसके लिए भी विशेष प्लान बनाया गया है।

## राज्य के आला अधिकारियों ने सीएम से की मुलाकात

### मुख्यमंत्री को नव वर्ष 2025 की बधाई एवं शुभकामनाएं दी

संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शनिवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में कई आईएएस और आईपीएस अधिकारियों ने मुलाकात की। सभी अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को नव वर्ष 2025 की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने भी सभी को नूतन वर्ष की बधाई एवं मंगलकामनाएं दी। मुलाकात करने वालों में प्रधान सचिव वंदना दादेल, सचिव मुकेश कुमार, सचिव मनोज कुमार, निदेशक शशि प्रकाश सिंह, रिम्स के निदेशक डॉ. राजकुमार, प्रबंध निदेशक कृतिश्री, उपायुक्त कोडरमा मेघा भारद्वाज, उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी, उपायुक्त रामगढ़ चन्दन कुमार शामिल रहे। इनके अलावा मुख्यमंत्री से जेल आईजी सुदर्शन मण्डल, आईजी ऑपरेशन एवी होमकर, डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम, एसएसपी रांची चन्दन सिन्हा एवं जैप-10 कमांडेंट पियूष पांडेय ने मुलाकात कर उन्हें नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने भी सभी को नव वर्ष की बधाई और उनके मंगलमय जीवन के लिए शुभकामनाएं दी।





### उपायुक्त ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात, विकास योजनाओं की दी जानकारी

**रांची।** खूंटी के उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने शनिवार को मुख्यमंत्री,हेमंत सोरेन से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की और उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उपायुक्त ने मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ एवं कटहल प्रोसेसिंग यूनिट में निर्मित विशिष्ट सामग्री भेंट की। मुख्यमंत्री ने सामग्री की प्रशंसा करते हुए खूंटी कटहल प्रोसेसिंग यूनिट के उत्पादों को देश-विदेश में पहचान दिलाने के लिए हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने इन सामग्रियों की गुणवत्ता को प्रोत्साहन देने के लिए विशेष प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। साथ हीं इससे जुड़े किसानों को शुभकामनाएं दी। मुलाकात के दौरान, उपायुक्त ने मुख्यमंत्री को खूंटी जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों एवं संचालित योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने इन योजनाओं को समयबद्ध तरीके से क्रियान्वित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और जिले के समग्र विकास में सहयोग का भरोसा जताया।



## राज्यपाल से हाई कोर्ट के जस्टिस ने की मुलाकात



### राज्यसभा के पूर्व सदस्य अजय मारू ने राजभवन में शिष्टाचार भेंट की

संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शनिवार को झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस डॉ. एसएन पाठक ने राजभवन में भेंट की। इस दौरान न्यायमूर्ति ने राज्यपाल को स्वरचित पुस्तक न्याय पथ के पथिक भेंट की।

राज्यपाल ने पुस्तक रचना के लिए न्यायमूर्ति को बधाई दी और उनकी इस उत्कृष्ट साहित्यिक उपलब्धि की सराहना की। उन्होंने आशा प्रकट कि यह पुस्तक न्यायिक प्रक्रिया, उसके मूल्यों और आदर्शों को समझने में सहायक सिद्ध होगी। दूसरी ओर, राज्यपाल से श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के सचिव मुकेश कुमार ने राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को नव वर्ष 2025 की शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने भी उन्हें नूतन वर्ष की शुभकामनाएं दीं।

इसके अलावा राज्यपाल से राज्यसभा के पूर्व सदस्य अजय मारू ने राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। अजय मारू ने राज्यपाल को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने भी मारू को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी।

## ओटीसी मैदान में 13 को होगा नमो पतंग महोत्सव का आयोजन

### ▶▶ नमो पतंग महोत्सव का आयोजन धार्मिक धरोहर को बनाये रखने के लिए की गई है

संवाददाता

**रांची।** आगामी 13 जनवरी 2025 को ओ टी सी ग्राउंड (रातू रोड) के मैदान में नमो पतंग महोत्सव का आयोजन रखा गया है नमो पतंग महोत्सव की शुरुआत 2006 में सांसद व रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया था। आयोजन के संरक्षक रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ रहेंगे। वहीं कार्यक्रम का संयोजक मुकेश काबरा को बनाया गया है।

संयोजक मुकेश काबरा ने बताया हिंदू धर्म के अनुसार 13 तारीख को मकर संक्रांति के दिन नमो पतंग महोत्सव का आयोजन धार्मिक धरोहर को बनाये रखने के लिए यह परंपरा बनाये रखी गई है।




2006 से प्रारंभ इस उत्सव को लगातार किया जा रहा है इस उत्सव को झारखंड के नगरवासी बड़े ही उत्साह पूर्वक सपरिवार इस्टमित्रो संग मनाते आ रहे हैं। समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष इसको बड़े उत्साह पूर्वक झारखंड सहित रांची नगर वासियों के संग विभिन्न स्थानों में मनाया जाता है। इस प्रतियोगिता में पूरे राज्य सहित राजधानी के लोग भी भाग लेंगे और पतंग महोत्सव का पूर्ण आनंद लेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रतिदिन बैठकों का दौरा चल रहा है जिसमें नमो पतंग महोत्सव से जुड़े अजय मारू, कुणाल आजमानी,प्रमोद सारस्वत, राज वर्मा ,रविंद्र मोदी ,संजय सिंह, नीरज चौधरी, रमाशंकर बगड़िया ,संतोष सेठ ,अमित चौधरी, मनीष लोधा सुबेश पांडेय, संजय पांडेय सहित सैकड़ो की संख्या में समिति के सदस्य आयोजन को सफल बनाने में लगे हुए है।

## फुटपाथ दुकानदार को हटाने के पूर्व पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित करें प्रशासन: संजय सेठ

संवाददाता

**रांची।** भारत सरकार के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने फुटपाथ दुकान को हटाने के पूर्व दुकानदारों को पुनर्वास करने की बात प्रशासन से की है ।

श्री सेठ ने कहा 2016 में नगर निगम के द्वारा सर्वे कराया गया था जिसमें रांची के विभिन्न जगहों पर 5901 वेंडर लाइसेंस निर्गत किए गए थे सर्वे के मुताबिक जहां पर वेंडर अपनी दुकान लगाकर व्यापार कर रहे हैं वहां से हटाने पर उन्हें दूसरी जगह स्थान मुहैया कराई जाएगी। परंतु प्रशासन द्वारा अभी अतिक्रमण के नाम पर



दुकान उजड़े जा रहे हैं यही नहीं हद तो तब हो गई कि बिना नोटिस के दुकानदारो को बिना समय दिए सीधे दुकान उजाड़ दिए जा रहे हैं, ठेला को जेसीबी से तोड़ दिया जा रहा है, गाड़ी उलट दी जा रही है ,जो बिल्कुल ही गलत है। छोटे-छोटे वेंडर को प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत लोन भी मुहैया कराया गया है हजारों वेंडर चलने वाले लोन लेकर व्यापार कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं दुकान हटा दिया जाने के बाद कहां से वह लोन चुका पाएंगे साथ ही उनके सामने जीवन यापन की भी समस्या उत्पन्न हो गई है।

प्रशासन और नगर निगम अतिक्रमण के नाम पर वेंडर को क्षतिग्रस्त ना करें नगर निगम ऐसे 5901 वेंडर जो नगर निगम से निबधित है उसके पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

# दृष्टिबाधित छात्रों को लाभ पहुंचाना ही डालसा का उद्देश्य : स्वीकृति

संवाददाता

**रांची।** झालसा के निर्देशानुसार, न्यायायुक्त के मार्गदर्शन पर झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के द्वारा विश्व ब्रेल दिवस के अवसर पर राजकीय नेत्रहीन मध्य विद्यालय, अरगोड़ा टुंगरी टोली, हरमू, रांची में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एलएडीसी अधिवक्ता स्वीकृति विनाया, पीएलवी पिंकु कुमारी, संगीता देवी, पिंकी गुप्ता, रजनी कुमारी एवं राजा वर्मा उपस्थित थे।



एलएडीसी अधिवक्ता स्वीकृति विनाया ने कहा कि विश्व ब्रेल दिवस लुइस ब्रेल के जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। यह दिवस पूरे विश्व में मनाया जाता है। लुईस ब्रेल बहुत कम उम्र में एक दुर्घटना में अपनी आंखें खो दिये थे और वे अंधा हो गए थे। एक नेत्रहीन प्रणाली का उपयोग करके अपनी आगे की पढ़ाई की और मात्र 15 वर्ष की उम्र में एक ऐसी लिपि का आविष्कार कर दिया जिसे ब्रेल लिपि कहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह दिवस ब्रेल प्रणाली के आविष्कारक लुई ब्रेल के सम्मान में मनाया जाता है। यह नेत्रहीन और दृष्टिबाधित व्यक्तियों को सशक्त बनाने, शिक्षा, संचार और समावेश तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करने, साथ ही समान अवसरों की वकालत करने और वैश्विक स्तर पर उनके अधिकारों को बनाए रखने में ब्रेल की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाता है। उन्होंने यह भी कहा कि जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर दृष्टिबाधित छात्रों को मिलनेवाली योजनाओं का लाभ दिलाना ही डालसा का उद्देश्य है।

कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए डालसा के पीएलवी संगीता देवी व पिंकू कुमारी ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची से मिलनेवाले सुविधा, डायन-बिसाही, बाल विवाह, बाल श्रम, पीड़ित मुआवजा, विशेष मध्यस्थता, श्रम कार्ड, लेबर कार्ड, राष्ट्रीय लोक अदालत, लोक अदालत के बारे में विस्तार से बताया। इसके अलावा पिंकी गुप्ता व रजनी कुमारी ने न्यायालय में चल रहे विवादों को मध्यस्थता के माध्यम से निबटारा करने पर बल दिया एवं राष्ट्रीय लोक अदालत, विशेष मध्यस्थता अभियान एवं लोक अदालत के बारे में विस्तार से उपस्थित लोगों को बतायें। मो. ईमारान ने आगामी 22 फरवरी को आयोजित होनेवाली विशेष लोक अदालत के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उक्त तिथि को वैवाहिक व चेक अनादरण से संबंधित सभी वादों का निस्तारण विशेष लोक अदालत के दिन किया जायेगा।

## जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक मामले में सीआईडी ने जारी किए मोबाइल और ईमेल नंबर

एजेंसी

**रांची।** जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक मामले में झारखंड सीआईडी ने परीक्षार्थियों और आम लोगों से अपील करते हुए साक्ष्य या जानकारी मांगी है। इसके लिए सीआईडी ने मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी जारी किए हैं।

सीआईडी ने कहा है कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा, 2023 में कथित गड़बड़ी और अनियमितता के संबंध में किसी परीक्षार्थी या अन्य किसी के पास कोई साक्ष्य (अभिलेख, ऑडियो-वीडियो) या कोई अन्य जानकारी है तो मोबाइल नंबर 9934309058 और ईमेल आईडी (sp-cid@jhpolice.gov.in) पर उपलब्ध करा सकते हैं। इसके अलावा इस संबंध में किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अनुसंधानकर्ता से मिलकर जानकारी उपलब्ध करवाई जा सकती है। पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जायेगी।

**हाई कोर्ट ने मामला दर्ज कर जांच के दिए थे आदेश**

जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक मामले में झारखंड हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### सीपीपीसी प्रणाली में गड़बड़ी से पेंशनभोगी परेशान, पुरानी प्रणाली बहाल करने की मांग

**बोकारो।** डीवीसी पेंशन समाज के केंद्रीय सचिव सुजीत रॉय ने दिसंबर 2024 के पेंशन भुगतान में हुई देरी और सीपीपीसी प्रणाली में गड़बड़ी को लेकर गंभीर चिंता जताई है। इस संबंध में उन्होंने डीवीसी सदस्य वित्त, मुख्यालय कोलकाता को एक पत्र लिखकर सीपीपीसी प्रणाली के कारण हो रही समस्याओं का समाधान करने और पुरानी पेंशन भुगतान प्रणाली बहाल करने की मांग की है। सुजीत रॉय ने बताया कि कई पेंशनभोगियों ने आवश्यक दस्तावेज और डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट समय पर जमा कर दिए थे, फिर भी उन्हें पेंशन का भुगतान समय पर नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि सीपीपीसी प्रणाली लागू होने के बाद से पेंशन भुगतान में बार-बार बाधाएं आ रही हैं, जिससे पेंशनभोगियों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।।उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि जब डीवीसी द्वारा सीधे पेंशन का भुगतान किया जाता था, तब पेंशन समय पर और बिना किसी गड़बड़ी के मिलती थी। सीपीपीसी प्रणाली के कारण देरी और असुविधा बढ़ गई है। इस स्थिति से नाराज पेंशनभोगियों ने डीवीसी प्रबंधन से मांग की है कि इस नई प्रणाली को समाप्त किया जाए और पुरानी पेंशन भुगतान प्रणाली को पुनः लागू किया जाए। सुजीत रॉय ने यह भी कहा कि पेंशनभोगियों के लिए यह एक गंभीर समस्या है और इसे शीघ्र सुलझाना आवश्यक है ताकि भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने डीवीसी प्रबंधन से अपील की कि पेंशनधारियों की समस्याओं को प्राथमिकता दी जाए और उनके हितों की रक्षा के लिए त्वरित कदम उठाए जाएं।

### रेलवे इंजीनियर व प्रशासनिक विभाग ने अतिक्रमणकारियों को दिया नोटिस, लोगों में हड़कंप



**बेरमो/ बोकारो।** गोमो-बरकाकाना रेलखंड के फुसरो-बेरमो स्टेशन मार्ग के रेलवे की जमीन पर अतिक्रमण हटाने को लेकर रेलवे इंजीनियर व प्रशासनिक विभाग द्वारा शनिवार को दुकानदारों को नोटिस उपलब्ध कराया गया। नोटिस फुसरो रेलवे स्टेशन से पश्चिम मार्ग के बैंक मोड़ स्थित रेलवे लाइन के किनारे काबिज अतिक्रमणकारियों को चिन्हित कर नोटिस दिया गया है। रेलवे प्रशासन द्वारा नोटिस जारी किये जाने के बाद रेलवे किनारे बसे लोगों के बीच हड़कंप मच गया है। रेलवे विभाग द्वारा दिये गये नोटिस के अनुसार कब्जाधारियों को नोटिस प्राप्त होने के एक सप्ताह के बाद निर्मित ढांचे को गिराकर, जमीन को उसकी मूल स्थिति में बहाल करके, अनाधिकृत रेलवे भूमि को खाली करने का निर्देश दिया गया है। अवैध निर्माण को खाली नहीं करने पर रेलवे द्वारा कानूनी कार्रवाई करते हुए दुकान व मकान को तोड़ा जायेगा और तोड़ने का डेमरेज चार्ज भी वसूला जायेगा। साथ ही मुकदमा भी दायर किया जायेगा। मिली जानकारी के अनुसार 35 से 40 लोगों को नोटिस उपलब्ध कराया गया है। इसके बाद अन्य लोगों को भी नोटिस दिया जायेगा।

### भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान को बेरमो में भी चलाया जाएगा



**बेरमो/ बोकारो।** भाजपा के राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा एवं जिला प्रभारी राकेश भास्कर शनिवार की देर शाम को गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडे के फुसरो स्थित आवास पर पहुंचे। यहां श्री पांडेय सहित भाजपा के फुसरो नगर अध्यक्ष दिनेश यादव, महामंत्री टुनटुन तिवारी, रमेश सरकार, अनिल गुप्ता आदि ने उन्हें अंग वस्त्र, माला पहनकर व बुके देकर स्वागत किया। इस मौके पर पूरे देश में भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान को बेरमो में भी चलने को राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा में प्रेरित किया। साथ ही संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया। इस मौके पर भाजपा जिला प्रभारी राकेश भास्कर, जिला अध्यक्ष जयदेव राय, जिला उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष जगरनाथ राम, प्रकाश सिंह, अनिल गुप्ता, निर्मल महतो, रणविजय सिंह, राजेश सिंह, कमलेश यादव, ईश्वर महतो, देवीलाल महतो, डेगलाल महतो सहित अनेकों पदाधिकारी मौजूद थे।

### भाकपा माले ने निकाली जोहार झारखंड संकल्प यात्रा



**जारंगडीह/ बोकारो।** विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के पक्ष में जनादेश के लिए झारखंडी जनता को आभार के लिए भाकपा माले ने शनिवार को चलकरी में जोहार झारखंड संकल्प यात्रा निकाली। यात्रा पुरनाडीह पार्टी कार्यालय से शहीद स्मारक तक निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकताओं ने भाग लिया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राज्य कमेटी सदस्य भुनेश्वर केवट ने कहा कि झारखंड में इंडिया गठबंधन की जीत नफरत और हिंसा की राजनिति के खिलाफ सदभाव और भाईचारे की जीत है। जन मुद्दों के बजाय फर्जी और फालतू मुद्दों पर बरगलाने की राजनीति के लिए भाजपा को झारखंड की जनता से माफी मांगना चाहिए। यह जनादेश लूट और झूठ के खिलाफ है। वन नेशन वन इलेक्शन, झारखंड समेत अन्य छोटे राज्यों के हितों पर प्रहार है तथा उनके खिलाफ है।

# उपायुक्त ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया, केंद्रों की सूची प्रकाशित करने के दिए आदेश



संवाददाता

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने आगामी फरवरी माह में होने वाली मैट्रिक और इंटर परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र चयन समिति की बैठक की। इस बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई और परीक्षा के सुचारू संचालन को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा ने समिति को सूचित किया कि इस वर्ष मैट्रिक परीक्षा में कुल 25,910 छात्र शामिल होंगे, जिसके लिए 63 परीक्षा केंद्रों को चिन्हित किया गया है। वहीं, इंटर परीक्षा कला, विज्ञान और वाणिज्य में कुल 23,436 छात्र शामिल होंगे, जिसके लिए 44 परीक्षा केंद्रों को चयनित किया गया है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी ने प्रखंडवार परीक्षा केंद्रों, उनके अंतर्गत आने वाले विद्यालयों और छात्रों की संख्या के बारे में समिति के सदस्यों को विस्तार से जानकारी दी। उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने कहा कि कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन सुनिश्चित करने के लिए झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा जारी सभी गाइडलाइनों का पूरी तरह पालन किया जाएगा। इसमें किसी भी प्रकार की चूक स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके अलावा, बैठक में माननीय सांसद प्रतिनिधि गिरिडीह, माननीय विधायक प्रतिनिधि चंदनकियारी, माननीय विधायक प्रतिनिधि डुमरी, माननीय विधायक प्रतिनिधि बेरमो और सहायक जनसंपर्क अधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित अन्य समिति सदस्य भी उपस्थित थे और अपने-अपने विचार रखे।

बैठक के दौरान डुमरी विधायक प्रतिनिधि ने नावाडीह प्रखंड के उपरघाट क्षेत्र के छात्रों के परीक्षा केंद्र की दूरी पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि यह दूरी अत्यधिक लंबी है, जिससे छात्रों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में दिक्कत हो सकती है। उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से इस विषय में तकनीकी जानकारी ली और उन्हें नजदीक स्थित विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाने के लिए भौतिक समीक्षा करने का निर्देश दिया। इसके बाद वे इस मुद्दे पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। इस बैठक में माननीय सांसद प्रतिनिधि गिरिडीह और माननीय विधायक बेरमो प्रतिनिधि ने भी अपनी बात रखी।

उपायुक्त ने उनके सुझावों और समस्याओं का ध्यानपूर्वक विचार किया और डीईओ को जरूरी दिशा-निर्देश दिए, ताकि सभी पहलुओं का सही तरीके से समाधान हो सके। उपायुक्त ने इसके अलावा आदेश दिया कि मैट्रिक और इंटर परीक्षा केंद्रों की सूची को विभिन्न दैनिक अखबारों में प्रकाशित किया जाय और संबंधित विद्यालयों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जाय, ताकि छात्रों और उनके अभिभावकों को परीक्षा केंद्रों के बारे में पहले से जानकारी हो सके। बैठक में कई अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि आगामी परीक्षा पूरी तरह से व्यवस्थित और कदाचार मुक्त हो सके।

# ट्रक के कुचलने से युवक की मौत, सीओ के लिखित आश्वासन के बाद जाम हटा



संवाददाता

**बोकारो।** चास चंदनकियारी मुख्यपथ दारहा जोरिया के पास चास मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के एरिया में शनिवार को ट्रक के कुचलने से फाइनेंस कंपनी में कार्यरत 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मुआवजा समेत अन्य मांगों के समर्थन में सियालजौरी थाना क्षेत्र में परिजनों के साथ स्थानीय ग्रामीणों ने रोड जाम किया।

सीओ चास दिवाकर दुबे के लिखित आश्वासन के बाद लगभग चार घंटे बाद जाम हटा। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार चन्द्रा निवासी मदन मोहन ओझा के पुत्र जयदेव झा अपने बाइक से चास की ओर जा रहा था, तभी विपरीत दिशा से तेज गति से आ रही ट्रक के कुचलने से मृतक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ। तभी राहगीर की सूचना पर परिजनों ने घायल युवक को ईलाज के लिए चास के नीजि अस्पताल में ले जाया गया, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

युवक शनिवार को चंदनकियारी के एक शो रूम से कुछ कागजात लेकर अपने बाइक से चास जा रहा था। जैसे ही घटना घटी तेज आवाज होने की बात प्रत्यक्षदर्शी ने बताई। जैसे ही युवक की पहचान हुई घटना की सूचना परिजन को दी गई । परिजन ने घायल जयदेव ओझा को उठाकर अस्पताल ले जा रहे थे तभी रास्ते में युवक की मौत होने की बात बताई जाती है। घटना के बाद ट्रक चालक भागने में सफल रहा। इधर सूचना मिलने पर ग्रामीणों ने सड़क के दोनों किनारे ट्रक लगाकर जाम कर दिया।

घटना की सूचना पाकर चास मुफसिल थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची एवं जाम को हटाने का प्रयास किया। स्थानीय लोगो ने मुआवजा की मांग को लेकर घटनास्थल पर सीओ के अलावा किसी आधिकारिक अधिकारी को बुलाने की मांग की। घटना की जानकारी मिलने पर काफी देर बाद चास सीओ दिवाकर दुबे लगभग ढाई बजे घटनास्थल पर पंहुचे और सरकारी प्रावधान के तहत एक लाख मुआवजा का लिखित आश्वासन दिया, जहां एक लाख रुपया के अलावा सरकारी प्रावधान के अनुसार हर संभव लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। सीओ ने बताया कि मृतक के परिवार को एक लाख रुपये का मुआवजा मिलेगा, जो कि राज्य सरकार की नीति के अनुसार होगा। प्रशासन ने इस मामले में सभी कानूनी और प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी करने का वादा किया और मृतक के परिवार के साथ हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। इधर शव का पोस्टमार्टम करवाकर कर शव को परिजनों को सौप दिया है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र में राजभाषा कार्यान्वयन उपसमिति की तिमाही बैठक संपन्न



संवाददाता

**बोकारो।** डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र की इकाई 7 और 8 के सम्मेलन कक्ष में राजभाषा कार्यान्वयन उपसमिति की तिमाही बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने अपने विभाग में हिंदी भाषा में शत-प्रतिशत कार्य करने और उसका लेखा-जोखा रखने की शपथ ली। हिंदी अधिकारी रवि कुमार सिंह के संचालन में आयोजित इस बैठक में वरिष्ठ महाप्रबंधक सह परियोजना प्रधान विजयानंद शर्मा ने सभी विभागीय अधिकारियों को अपने कार्य हिंदी में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने हिंदी में सुचारू रूप से कार्य करने हेतु अनेक सुझाव और दिशा-निर्देश भी दिए। वरिष्ठ महाप्रबंधक डीसी पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी में कार्य करने से निगम की प्रतिष्ठा और मनोबल में वृद्धि होगी। उन्होंने कार्यालय में अधिक से अधिक कार्य हिंदी में करने हेतु कर्मचारियों को सदैव प्रेरित रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक अविजीत घोष, डॉ. पीके घोष, राजीव रंजन ओझा, ललन प्रसाद गुप्ता, हरि मुकुंद प्रजापति, संजीव कुमार, एहतशामुल हक, विनय कृष्ण दास, राजेश्वर प्रसाद सिंह, अक्षय कुमार, जयदेव चटर्जी, संजीत कुमार, बसंत कुमार महापात्रा, सत्येंद्र कुमार, मझियावा माझी, मो. इम्तियाज, राजीव रंजन, अमित सिन्हा, शौर्य दलाई, शुभंकर शेखर लाला, कृष्ण बास्के आदि अधिकारी उपस्थित थे।

### नावाडीह में संविधान रक्षक अभियान के तहत अमित शाह का पुतला दहन



संवाददाता

**बोकारो।** नावाडीह प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष इमरान अंसारी के नेतृत्व में शनिवार को संविधान रक्षक अभियान के तहत संविधान निमार्ता डॉ० भीमराव अंबेडकर पर संसद भवन में की गई अमर्यादित टिप्पणी का विरोध किया गया। इस दौरान नावाडीह के बैंक ऑफ इंडिया मोड़ से बिनोद बिहारी चौक तक विरोध मार्च निकाला गया। मार्च के उपरांत प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया और उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन में शामिल कार्यकताओं ने अमित शाह से तुरंत इस्तीफा देने और देश की जनता से माफी मांगने की मांग की। कार्यकताओं ने चेतावनी दी कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्टी देशव्यापी जन आंदोलन छेड़ेगी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि संसद में डॉ. भीमराव अंबेडकर के खिलाफ की गई टिप्पणी अमित शाह की दलित विरोधी मानसिकता को दर्शार्ती है। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर हमारे आदर्श हैं और भाजपा ने उनके प्रति अपमानजनक रवैया दिखाकर अपनी मानसिकता उजागर की है। इस विरोध प्रदर्शन में 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष देवाशीष मंडल, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मंजूर आलम, जिला प्रवक्ता हसमुल्ला अंसारी, ओबीसी स्टेट कॉर्डिनेटर आशा देवी, डॉ. अमित सिंह, शराफत अंसारी, प्रखंड सचिव तिलक तुरी, शिवनंदन रविदास, मनोज गुप्ता, सुनीता देवी, प्रकाश कुमार, भरत रविदास सहित अन्य लोग मौजूद थे।


# निजी विद्यालयों की समस्याओं पर चर्चा, समाधान के लिए 15 फरवरी को पुनः बैठक



संवाददाता

**बोकारो।** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के बोकारो जिला अध्यक्ष एवं शिशु विकास मंदिर, चंद्रपुरा के प्रधानाध्यापक विद्या गौतम भारती ने शनिवार को प्रेस वार्ता कर निजी विद्यालयों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि न्याय सदन, बोकारो में जिला शिक्षा अधीक्षक के साथ निजी विद्यालय संचालकों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले के लगभग 200 निजी विद्यालयों के संचालकों ने भाग लिया। बैठक में मुख्य रूप से निजी विद्यालयों के लिए जमीन की उपलब्धता, अग्निशमन व्यवस्था की समस्याएं, और कक्षाओं के आकार को लेकर चर्चा की गई। विद्या गौतम भारती ने बताया कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के तहत मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को जमीन बढ़ाने या कमरे के आकार बदलने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इस अधिनियम के अंतर्गत यू-डाइस मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को स्वीकृति देने की मांग की।।जिला शिक्षा अधीक्षक ने सरकार द्वारा जारी ऑनलाइन फॉर्म भरने की प्रक्रिया पर भी प्रकाश डाला। हालांकि, विद्यालय संचालकों ने इसे लागू करने में कई बाधाओं की ओर इशारा किया। संचालकों ने बताया कि सभी आवश्यक शर्तें पूरी करना उनके लिए संभव नहीं है। इस पर जिला शिक्षा अधीक्षक ने उनकी चिंताओं को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि वह इस मामले को वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद, समस्याओं के समाधान के लिए 15 फरवरी को पुनः बैठक आयोजित करने की बात कही गई।

### एसडीओ और एफएसओ ने सेक्टर 4 के विभिन्न मिष्ठान प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया



बोकारो। उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी चास, सुश्री प्रांजल ढ़ांडा एवं खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी श्रीमती श्वेता लकड़ा ने सेक्टर 04 स्थित विभिन्न मिष्ठान और खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान कोजी स्वीट्स, मानसरोवर स्वीट्स एवं रेस्टोरेंट, मोती महल डिलक्स, नटखट स्वीट्स सहित अन्य प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के सैंपल संग्रहित किए गए। सैंपल राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे जाएंगे और यदि किसी सैंपल में त्रुटि पाई जाती है या वह मानक अनुरूप नहीं होता, तो संबंधित प्रतिष्ठान के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसडीओ चास ने प्रतिष्ठानों को साफ-सफाई से संबंधित निर्देश दिए और खाद्य सुरक्षा - मानक अधिनियम 2006 के तहत निर्धारित मानकों को पूरा न करने वाले प्रतिष्ठानों को इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया। साथ ही, नोटिस का पालन 14 दिनों के भीतर सुनिश्चित करने को कहा गया। एसडीओ चास ने बताया कि नियमित रूप से जांच एवं सैंपलिंग की प्रक्रिया जारी रहेगी और किसी भी प्रकार की मिलावटखोरी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एफएसओ ने सभी प्रतिष्ठानों से अपील की कि वे साफ-सफाई का ध्यान रखें, साफ पानी का उपयोग करें और खाद्य सामग्री में अनावश्यक रंगों का उपयोग न करें।

### यूसीडब्ल्यूयू का 87 वां स्थापना दिवस संपन्न, शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि, लखनलाल महतो ने कहा–

# केंद्र की मजदूर विरोधी नीति से मजदूरों की स्थिति हुई बदतर



संवाददाता

**जारंगडीह / बोकारो।** जारंगडीह में शनिवार को यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन कार्यालय में शनिवार को यूनियन का 87 वां स्थापना दिवस मनाया गया। यहां सर्वप्रथम झंडोतोलन कर पार्टी के दिवंगत नेता रामटहल महतो सहित अन्य सक्रिय सदस्यों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। अध्यक्षता चंद्रशेखर झा ने की। इस मौके पर मुख्य रुप से जेबीसीसीआई सदस्य सह यूनियन के कार्यकारी उपाध्यक्ष लखनलाल महतो शामिल हुए। यहां लखनलाल महतो ने कहा कि देश का सबसे बड़ा व पुराना संगठन है यूसीडब्ल्यूयू। जिसने मजदूरों की मांगो पर हरदम लड़ाई लड़ने का काम किया है।

ब्रिटिश सरकार से मोदी सरकार तक कितने राजनितिक उतार चढ़ाव हुए, लेकिन संगठन कभी भी पीछे नहीं हटा। पूर्व में श्रम कानून मात्र 17 पेज में बना था, लेकिन वर्तमान में मोदी सरकार ने 52 पेज में कानून बनाया है जिसमें सीएमपीएफ में बदलाव करने के पक्ष में है। उन्होंने आगे कहा कि यूनियन के स्थापना काल में मजदूरों के लिए आवाज बुलंद किया गया था। आज यूनियन देश के अधिक सेक्टर में कार्य कर रही है। यूनियन के नेताओं ने काफी परिश्रम से संगठन को बढ़ाया है। उसी का परिणाम है कि देश के सबसे बड़े यूनियन के रुप में संचालित हो रहा है।

कहा कि केंद्र सरकार व कोल इंडिया की मजदूर विरोधी नीति के कारण आज कोयला मजदूरों की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। ऐसे समय में मजदूरों को एक पटल पर आकर इसका विरोध करना होगा, तभी नए नियम पर अंकुश लगाया जा सकता है। स्थापना दिवस के मौके पर अन्य यूनियन छोड़ अनेकों कार्यकताओं ने यूसीडब्ल्यूयू की सदस्ता ली, जिन्हें लखनलाल महतो ने माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर सुजीत कुमार घोष, जवाहर यादव, सुरेश प्रसाद शर्मा, नवीन कुमार विश्वकर्मा, बीके झा, रामबिलास रजवार, एसके आचार्या, रामदास केवट, भीम महतो, परण महतो,मथुरा सिंह यादव आदि ढोरी, बीएंडके व कथारा क्षेत्र के अध्यक्ष, सचिव व विभिन्न परियोजना के शाखा अध्यक्ष व सचिव उपस्थित थे।

### कोफिरैविमो की बैठक में डुमरी विधायक जयराम महतो का 6 से आहुत चक्का जाम का समर्थन करने का निर्णय

विस्थापित अपने अधिकार के लिए कमरकश चुके हैं : नसीरुद्दीन



संवाददाता

**बेरमो/ बोकारो।** कथारा फुटबॉल ग्राउंड में शनिवार को कोल फील्ड रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता तपेश्वर ठाकुर व संचालन सुनील कुमार सिन्हा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष नासीरुद्दीन अशरफी मुख्य रूप से मौजूद थे।

बैठक में विस्थापितों की समस्याओं और बकाया नौकरी, मुआवजा के साथ-साथ अन्य सुविधाएं दिलाने के लिए आंदोलन करने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के बाद मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष नसरुद्दीन अशरफी ने बताया कि डुमरी विधायक सह जेएलकेएम के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो के आह्वान पर 6 जनवरी 2025 से बेरमो कोयलांचल स्थित सीसीएल के तीनों एरिया कथारा, ढोरी और बीएंडके में आहुत चक्का जाम आंदोलन का पुरजोर समर्थन करने और आंदोलन को सफल करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि आंदोलन की मुख्य मांग सीसीएल द्वारा अधिग्रहित भूमि के बदले बकाया नौकरी, मुआवजा, पुनर्वास देने सहित अन्य सुविधाएं देने की मांगे शामिल हैं। जिसमें मुख्य रूप से जारंगडीह थाना नंबर 116 में लगभग 400 एकड़ भूमि सर्वे खतियान में दर्ज है उसमें लगभग 100 एकड़ आदिवासी भूमि है और खाता नंबर 5 में 55 एकड़ भूमि गेंदों मांझी वगैरह के नाम पर खतियान में दर्ज है। कहा कि कल 400 एकड़ भूमि में से 2013 में मात्र तीन लोगों को नौकरी दी गई है और शेष भूमि के बदले नौकरी, मुआवजा, पुनर्वास बकाया है।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, रविवार 05 जनवरी 2025



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

# संक्षिप्त खबरें

## उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने नौकोनिया में सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम में की शिरकत

**गिरिडीह।** जिले के पीरटांड़ प्रखंड के नौकोनिया गांव में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा और पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार ने सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर ग्रामीणों का पारंपरिक रीति-रिवाज से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और लोगों से इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। बढ़ती ठंड को ध्यान में रखते हुए गरीबों और जरूरतमंदों के बीच कंबल और गर्म कपड़े वितरित किए गए। इसके अलावा मनरेगा जॉब कार्ड का भी वितरण किया गया। उपायुक्त ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय के बच्चों के बीच खेल सामग्री जैसे बैट, बॉल, फुटबॉल आदि वितरित किए और उन्हें पढ़ाई और खेल के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं का गोदभराई और बच्चों का अन्नप्राशन कर पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की अपील की। कार्यक्रम में कई वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

## मवेशी लेकर लौट रही पिकअप पलटने से सात लोग गंभीर रूप से घायल

**तिसरी।** प्रखंड के थंभाचक के पास शनिवार को मवेशी लेकर लौट रही एक पिकअप वाहन के अनियंत्रित होकर पलटने से सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह किसान गिरिडीह जिले के देवरी प्रखंड के रहने वाले थे और छपरा, बिहार से मवेशी खरीदकर लौट रहे थे। गाड़ी में दुधारू गाय और बछड़े समेत चार मवेशी लोड किए गए थे। वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से 10 फीट दूर गड्ढे में पलट गया। घायलों को तिसरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद गिरिडीह सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सभी मवेशी भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से सभी को समय पर अस्पताल पहुंचाया गया। घटना में घायल व्यक्तियों में अजय कुमार राणा, भरत वर्मा, नीरज वर्मा, श्याम बाबू, कृष्णा वर्मा और प्रभा राणा शामिल हैं।

## कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज की बैठक



**लावालौंग।** शनिवार को लावालौंग प्रखंड में कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 7 जनवरी 2025 को प्रखंड स्तरीय धरना प्रदर्शन और प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपने पर चर्चा की गई। समाज के प्रमुख सदस्य संतोष पाण्डेय, बसंत पाण्डेय, किशोरी पाण्डेय, शशिभूषण पाण्डेय, सुरेश पाण्डेय, पंकज पाण्डेय सहित अन्य विप्र गण उपस्थित हुए। इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 7 जनवरी को धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए पूरे प्रखंड से ब्राह्मण समाज के लोग एकजुट होंगे। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा, जिसमें समाज की विभिन्न समस्याओं को उठाया जाएगा। समाज के पदाधिकारियों ने बैठक के माध्यम से इस अभियान को प्रखंड स्तर पर सफल बनाने के लिए रणनीतियां बनाई और एकजुटता का संकल्प लिया।

## सुखाड़ का पैसा दिलाने के नाम पर ठगी का मामला: एक गरीब युवक की दुखद कहानी

**सिमरिया/ चतरा।** चतरा जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र स्थित डाडी गाँव के निवासी भुनेश्वर महतो के पुत्र अवध कुमार ने शुक्रवार को चतरा पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर अपने साथ हुई ठगी के मामले में न्याय की गुहार लगाई है। अवध कुमार ने आरोप लगाया है कि 29 सितंबर 2024 को लगभग 12 बजे दिन में उनके बैंक खाते से 79,011 रुपये धोखाधड़ी से उड़ा लिए गए। अवध कुमार ने बताया कि वह अपनी मां के इलाज के लिए पैसे इकट्ठा कर रहे थे और एक-दो दिन में उन्हें रांची ले जाने का सोच रहे थे। उन्हें अचानक सिमरिया ब्लॉक से बदरूदीन नामक व्यक्ति ने फोन किया और कहा कि वह उनका सुखाड़ का पैसा उनके खाते में डाल रहा है। लेकिन जब उन्होंने बैलेंस चेक किया तो पैसा खाते में नहीं आया। फिर बदरूदीन ने उन्हें व्हाट्सएप वीडियो कॉल किया और बताया कि उनका फोन पे खाता बंद है, जिसे खोलने के लिए वह उन्हें कुछ निर्देश देंगे। बदरूदीन के कहे अनुसार जब उन्होंने फोन पे को खोला और दिए गए निदेर्शों का पालन किया, तो उनके खाते से अचानक 79,011 रुपये कट गए। बाद में उन्होंने आरोपी से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उसका मोबाइल स्वीच ऑफ हो गया। अब अवध कुमार ने इस धोखाधड़ी के मामले में चतरा पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

## विष्णुपद तीर्थ और निरंजना नदी के उद्गम स्थल पर गंगा आरती का आयोजन

**लावालौंग।** शनिवार को सनातन परंपरा के भगवान नारायण के पदचिन्ह और बौद्ध परंपरा से जुड़ी निरंजना नदी के उद्गम स्थल और विष्णुपद तीर्थ के स्थान पर गंगा आरती करने का निर्णय लिया गया। यह निर्णय प्रखंड मुख्यालय स्थित यज्ञशाला परिसर में आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक में नमामि निरंजना अभियान के संयोजक संजय सज्जन ने बताया कि बिहार के गया स्थित फल्गु नदी, जिसे निरंजना नदी के नाम से भी जाना जाता है, का उद्गम स्थल लावालौंग प्रखंड के सोहावन गांव में है। लेकिन आज के समय में यह पौराणिक नदी सूख चुकी है, जिसे पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है। ग्रामीणों ने 14 जनवरी मकर संक्रांति के दिन निरंजना नदी के उद्गम स्थल पर गंगा आरती करने और इस आयोजन को निरंजना महोत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया। उल्लेखनीय है कि फल्गु नदी को मोक्षदायिनी नदी कहा जाता है, और बौद्ध परंपरा में भी इसका विशेष महत्व है, क्योंकि भगवान बुद्ध ने इसी नदी के किनारे ज्ञान की प्राप्ति की थी। संजय सज्जन ने इस नदी को पुनः सदानीरा बनाने के लिए ग्रामीणों से सहयोग की अपील की। उनका कहना है कि इस नदी को पुनर्जीवित करने से ना केवल धार्मिक महत्व बढ़ेगा, बल्कि इस क्षेत्र में पर्यटकों का रुझान भी बढ़ेगा।
फोटो हअ0046

# प्रमंडलीय आयुक्त ने की राजस्व संग्रहण, खनन टास्क फोर्स समेत अन्य के कार्यों की समीक्षा

संवाददाता



**चतरा।** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग के प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार का शनिवार को चतरा आगमन हुआ। परिसदन पहुंचने पर उपायुक्त रमेश घोलप ने पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात समाहरणालय सभा कक्ष में प्रमंडलीय आयुक्त के अध्यक्षता में राजस्व से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई। जिसमें मुख्य रूप से ई कोर्ट, म्यूटेशन के लंबित मामले एवं भारतमाला परियोजना में अधिग्रहीत भूमि के रैयतों के मुआवजा से संबंधित बिंदुवार समीक्षा करते हुए कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए गए। दाखिल खारिज के मामले में आयुक्त ने निर्देशित करते हुए सभी अंचल अधिकारी को कहा कि न्यूनतम 30 एवं 90 दिनों के अंदर लंबित दाखिल खारिज के मामले का निष्पादन करें। वहीं भू अर्जन की समीक्षा के दौरान जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव कुमार सिंह ने जानकारी दिया की भारत माला परियोजना जिले के चार अंचल हंटरगंज, चतरा, पत्थलगड़ा व सिमरिया शामिल है।

जिसमें भारत माला परियोजना के लिए अधिग्रहीत की गई भूमि का भुगतान 157 करोड़ में से लगभग 100 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है।

शेष के भुगतान के लिए तीव्रगति से कार्रवाई की जा रही है। विवादित भूमि को लेकर भी सभी संबंधित को पूर्व के बैठक में जिला भू अर्जन पदाधिकारी के कार्यालय में विवादित भूमि का प्रतिवेदन भेजने का निर्देश दिया गया है।

जिससे सुनवाई की प्रक्रिया जल्द हो सके। इसके अलावे परियोजना कठौतिया-शिवपुर न्यू बीजी रेल लाइन में लंबित मुआवजा भुगतान, चतरा बाईपास समेत अन्य की भी समीक्षा कर कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए गए। राजस्व संग्रहण को लेकर वन विभाग, खनन विभाग, मत्स्य, नगर परिषद, उत्पाद, जिला परिवहन विभाग समेत अन्य विभागों से प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध राजस्व संग्रहण की जानकारी क्रमवार लेते हुए शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति का निर्देश दिया। वहीं अवैध खनन, परिवहन व भंडारण के विरुद्ध जिले में अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी जिला खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो से लिया। आयुक्त ने जिला स्तरीय, अनुमंडल स्तरीय, प्रखंड स्तरीय खनन टास्क फोर्स को औचक छापेमारी व जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त रमेश घोलप, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार, जिला खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो, सभी अंचल अधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# सीएम हेमंत सोरेन से मिले चतरा के सांसद और विधायक



संवाददाता

**चतरा।** चतरा लोकसभा के सांसद कालीचरण सिंह और विधायक जनार्दन पासवान ने शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुख्यमंत्री आवास में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने चतरा क्षेत्र की समस्याओं पर गहन चर्चा की और मुख्यमंत्री से उनके समाधान के लिए सहयोग की अपील की। मुख्यमंत्री ने दोनों नेताओं से मिलकर क्षेत्र की समस्याओं का गंभीरता से संज्ञान लिया और कहा कि वह क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए पूरा सहयोग देंगे। विधायक जनार्दन पासवान और सांसद कालीचरण सिंह ने मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ देकर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने इन नेताओं से क्षेत्र के विकास के लिए विचार विमर्श किया और आश्वासन दिया कि राज्य सरकार क्षेत्र की विकास कार्यों को प्राथमिकता देगी।

# चतरा जिले में गिरा तापमान, बढ़ी ठंड

संवाददाता



चतरा। चतरा जिले में इस सप्ताह के आरंभ होते ही तापमान में भारी गिरावट देखी गई, जिससे ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। जिले में तेज सर्द हवाओं और घने कुहासे ने जनजीवन को प्रभावित किया। मौसम विभाग के अनुसार, जिले में 85% नमी के साथ सर्द हवाएं 3 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हैं। इसके कारण चतरा, हंटरगंज, सिमरिया, टंडवा, पत्थलगड़ा, गिद्धौर और इटखोरी समेत सभी प्रखंडों में अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने लोगों से सुबह और शाम के समय घरों में ही रहने की सलाह दी है, साथ ही बेवजह बाहर न निकलने की चेतावनी दी है। शुक्रवार को दिनभर आसमान साफ रहा और तेज धूप भी खिली, लेकिन फिर भी शीतलहर का प्रभाव बना रहा। शाम होते ही सर्दी और बढ़ गई, जिससे किसान अपनी फसलों, जैसे आलू, मटर, टमाटर, और हरी साग-सब्जियों के नुकसान को लेकर चिंतित हैं। ठंड के कारण लोग रात होते ही अपने घरों के आसपास अलाव जलाने लगे हैं, ताकि ठंड से राहत मिल सके। साथ ही, सड़क पर शाम के समय सन्नाटा पसर जाता है, और लोग ठंड से बचने के लिए हर संभव उपाय कर रहे हैं।

# सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान

संवाददाता



**चतरा।** नए वर्ष के अवसर पर चतरा जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने सड़क सुरक्षा महीने के तहत एक जागरूकता अभियान शुरू किया है। यह अभियान जतराहिबाग के पास परिवहन पदाधिकारी इंदर कुमार और सदर थाना प्रभारी बिपीन कुमार के नेतृत्व में चलाया गया। इस दौरान, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को गुलाब का फूल देकर उन्हें नियमों का पालन करने की अपील की गई। अधिकारियों ने लोगों को बताया कि यातायात नियमों की अनदेखी से सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ सकता है, जो न केवल व्यक्ति के लिए बल्कि उनके परिवार और समाज के लिए भी हानिकारक हो सकता है। परिवहन पदाधिकारी इंदर कुमार ने कहा कि यह हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह यातायात नियमों का पालन करें। उन्होंने यह भी बताया कि दोपहिया वाहन चालकों को हमेशा हेलमेट पहनना चाहिए और चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का उपयोग करना अनिवार्य है। सदर थाना प्रभारी बिपीन कुमार ने इस अवसर पर कहा, ₹ट्रैफिक नियम का पालन न करना आपके जीवन को खतरे में डाल सकता है। जीवन अनमोल है, इसलिए नियमों का पालन करें।₹ उन्होंने सड़क सुरक्षा अभियान के उद्देश्य को लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सड़क दुर्घटनाओं को रोकना बताया। चतरा प्रशासन ने इसे नए साल में लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति सतर्क और जिम्मेदार बनाने का एक महत्वपूर्ण अवसर बताया है।

## बीडीओ ने आदिम जनजातियों का सर्वे कर जरूरतमंदों के बीच किया कंबल का वितरण



संवाददाता

**प्रतापपुर।** प्रखंड के बीडीओ अभिषेक पांडे ने आदिम जनजाति के बैगा और बिरहोर परिवारों का सर्वे किया और यह सुनिश्चित किया कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ ले रहे हैं या नहीं। इस सर्वे के दौरान, उनके जॉब कार्ड, राशन कार्ड और बैंक खाता के बारे में भी जानकारी ली गई। बीडीओ ने बताया कि आदिम जनजाति परिवारों को शत प्रतिशत विकास योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा ताकि वे सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ उठा सकें। इसके अलावा, उन्होंने विशेष रूप से रामपुर पंचायत के परहियाडीह बैगा टोला, प्रतापपुर पंचायत के हुमाजांग और पंचायत के झांटी गांव में कंबल वितरण किया। कंबल वितरण के लिए पंचायत के सभी मुखिया को कंबल उपलब्ध कराए गए थे, ताकि ये कंबल जरूरतमंद लोगों को समय पर मिल सकें। इस मौके पर रामपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि काशिफ रजा, प्रतापपुर पंचायत के प्रतिनिधि रविंद्र कुमार, हुमाजांग पंचायत के प्रतिनिधि मोती पासवान और प्रखंड के अन्य कर्मी मौजूद थे। बीडीओ अभिषेक पांडे ने इस अभियान को आदिम जनजाति परिवारों की बेहतरी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## नवनियुक्त तीन चौकीदारों ने सीओ के समक्ष दिया योगदान

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** पत्थलगड़ा अंचल के नोनगांव, लेम्बोईया और बरवाडीह बीट के लिए तीन नवनियुक्त चौकीदारों ने अंचलाधिकारी उदल राम के समक्ष योगदान दिया। उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी के आदेश अनुसार 14 दिसम्बर 2024 को आयोजित नियुक्ति (चौकीदारों) समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार चतरा जिला अंतर्गत चौकीदारों के रिक्त पदों को सीधी नियुक्ति हेतु निर्गत विज्ञापन संख्या 01/2024 के आलोक में कार्यालय के आदेश अनुसार ज्ञापांक 485/स्था. 14 अक्टूबर 2024 द्वारा नवनियुक्त चौकीदारों को निम्नानुसार बीट स्थापित किया गया। जिसके तहत 4 जनवरी 2024 को अंचलाधिकारी के समक्ष पत्थलगड़ा प्रखंड के नोनगांव बीट के लिए श्रीधर प्रसाद, लेम्बोईया बीट के लिए बीरबल कुमार और बरवाडीह बीट के लिए अमित कुमार रॉकी ने योगदान दिया है।

## फॉरवर्ड ब्लॉक 16 जनवरी से शुरू करेगा जन आंदोलन

**गिरिडीह।** फॉरवर्ड ब्लॉक के नेता राजेश यादव ने 16 जनवरी से बेंगाबाद प्रखंड में महेंद्र सिंह शहादत संकल्प दिवस से जन आंदोलन शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती पर जिला मुख्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा और 22 फरवरी को गांडेय प्रखंड मुख्यालय में किसान-मजदूरों के सवालों पर आंदोलन होगा। राजेश यादव ने बैठक में कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें जनता की मूलभूत समस्याओं को हल करने में विफल रही हैं। भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी ने जनता की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।
कार्यक्रमों की तैयारी के लिए पार्टी कार्यकताओं से आग्रह किया गया। बैठक में तेजलाल वर्मा, जागेश्वर वर्मा, गुल्ली राणा और अन्य नेता उपस्थित थे।

## गुहा आहर का किया जा रहा जीर्णोद्धार, दस फीट होगा गहरीकरण



संवाददाता

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत सलगा स्थित गुहा आहर का जीर्णोद्धार करवाया जा रहा है। उक्त कार्य भूमि संरक्षण विभाग से किया जा रहा है। जिसमें प्राकलन के अनुसार 10 फीट गहरीकरण किया जाना है। जिससे गांव के ग्रामीणों में खुशी देखा जा रहा है। लगभग 15 लाख की लागत से गुहा आहार का जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। इस आहर के सही से जीर्णोद्धार होने पर क्षेत्र के ग्रामीणों को बहुत ज्यादा फायदा होने वाला है। पानी के अभाव में किसान रवि फसल नहीं कर पा रहे थे।

## आउटरिज कार्यक्रम के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन



संवाददाता

**चतरा।** झालसा रांची के निदेर्शानुसार, चतरा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा हंटरगंज के सुलताना ताड़ गांव में डोर टू डोर भ्रमण सह आउटरिज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को महिला सशक्तीकरण, दिव्यांग सम्मान, वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली विधिक सेवाओं और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देना था। साथ ही, लोगों को 15100 टोल फ्री नंबर के माध्यम से कानूनी सलाह प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। पीएलवी कुमार विवेक रंजन, सरयु यादव, मिथलेश दास, अक्षय कुमार और अजय दास ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और इसे सफल बनाने के लिए प्रयास किए। उन्होंने गांवों के लोगों को यह समझाया कि वे विधिक सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकते हैं और किसी भी कानूनी समस्या के समाधान के लिए मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। यह कार्यक्रम ग्रामीण इलाकों में कानूनी जागरूकता फैलाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# पीएम आवास योजना में भ्रष्टाचार का मामला : डीडीसी ने जांच का दिया आदेश

संवाददाता

**प्रतापपुर/ चतरा।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को घर मुहैया कराने की सरकार की योजना को कुछ लोग अधिकारियों की मिलीभगत से गलत तरीके से हड़पने की कोशिश कर रहे हैं। चतरा जिले के प्रतापपुर प्रखंड के रामपुर पंचायत के कसमार गांव में एक मामला सामने आया है, जिसमें करोड़ों रुपए के संपत्ति के मालिक एक पिता और पुत्र को फर्जी तरीके से पीएम आवास का लाभ दिया गया।




यह मामला तब उजागर हुआ जब तत्कालीन बीडीओ मुरली यादव ने पिता-पुत्र की पीएम आवास की राशि निकासी पर रोक लगा दी थी। आरोप है कि इस भूमि पर न्यायालय ने निर्माण पर रोक लगा रखी थी, फिर भी सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत से पीएम आवास की राशि जारी की गई और विवादित जमीन पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया।

डीडीसी चतरा के निर्देश पर शुक्रवार को डीआरडीए डायरेक्टर अलका कुमारी ने स्थल का निरीक्षण किया और पाया कि दोनों को फर्जी तरीके से पीएम आवास का लाभ दिया गया था। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इस मामले में जांच की प्रक्रिया जारी है, और अधिकारियों को इस भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कदम उठाने का आदेश दिया गया है।

## स्वर्ण व्यवसायियों की सुरक्षा पर गिरिडीह में विशेष बैठक आयोजित

**गिरिडीह।** चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से स्वर्ण व्यवसायियों की सुरक्षा और जिले में बढ़ते अपराध पर चर्चा की। सिरसिया स्थित होटल सेलिब्रेशन में आयोजित इस बैठक में पुलिस अधिकारियों ने व्यवसायियों को सुरक्षा देने का आश्वासन दिया।
व्यवसायियों ने अपने विचार रखते हुए शहर में अपराध नियंत्रण के लिए सुझाव दिए। बैठक में सीसीटीवी कैमरे लगाने और दुकानों में सेंसर सिस्टम लगाने का निर्णय लिया गया। साथ ही, पुलिस प्रशासन ने अपराधियों पर कड़ी निगरानी रखने और पेट्रोलिंग बढ़ाने का आश्वासन दिया।
चैंबर के अध्यक्ष राहुल बर्मन ने कहा कि व्यवसायियों की सुरक्षा के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। बैठक में कई व्यवसायी और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, रविवार 05 जनवरी 2025



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### झरिया में ठंड से राहत के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम



**धनबाद।** झरिया विधानसभा क्षेत्र में ठंड से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में शनिवार को कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बस्ताकोला मंडल के इंदिरा आवास झरिया नगर सहित विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित हुआ।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि झरिया की नवनिर्वाचित विधायक श्रीमती रागिनी सिंह रहीं। उन्होंने स्वयं जरूरतमंद लाभुकों के बीच कंबल वितरित किए और ठंड के मौसम में राहत पहुंचाने का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि समाज के गरीब और जरूरतमंद तबके की सेवा करना उनकी प्राथमिकता है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नेता और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से रामेश्वर उर्फ मुखिया जी, तरुण राय, पप्पू पासवान, अवधेश साव, संजू वर्मा, रामदेव शर्मा, शोभा देवी, प्रतिमा गिरी, सुनीता पासवान, सरिता सिंह, नंद किशोर साव, संजय कुमार, राहुल साव, संजय साव और धर्मेंद्र साव शामिल थे। सभी ने मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

### 43 सूत्री मांगों को लेकर धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ का विरोध प्रदर्शन



**धनबाद।** धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ अपनी 43 सूत्री मांगों को लेकर पिछले तीन दिनों से एकेडब्लूएमसी प्रबंधन के खिलाफ लगातार प्रदर्शन कर रहा है। संघ का आरोप है कि प्रबंधन तीन महीनों से उनकी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। विरोध में संघ ने 2 जनवरी 2025 से गेट मीटिंग और पीट मीटिंग के माध्यम से जन जागरण कार्यक्रम शुरू किया है, जो 5 जनवरी तक जारी रहेगा। शनिवार को आयोजित गेट मीटिंग का संचालन शाखा सचिव अमरेश चौधरी ने किया, जबकि अध्यक्षता कुमुद शेखर कुमार ने की। वक्ताओं ने प्रबंधन पर आरोप लगाया कि उनकी उपेक्षा के कारण कर्मचारी और उनके परिवार कई समस्याओं का सामना कर रहे हैं। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि 5 जनवरी तक मांगें नहीं मानी गईं, तो 6 जनवरी से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। इस विरोध कार्यक्रम में केंद्रीय संयुक्त महामंत्री नवनीत कुमार सिंह, केंद्रीय कोषाध्यक्ष राघवेंद्र नारायण पांडेय, क्षेत्रीय अध्यक्ष रामजीत महतो, कार्यकारी अध्यक्ष सुनील कुमार, सचिव शिव शंकर गुप्ता, उपाध्यक्ष विजय कुमार भुइया, कोषाध्यक्ष रामदेव प्रसाद सुमन, संयुक्त सचिव राजेश कुमार मंडल, संगठन मंत्री दिलीप कुमार सिन्हा, सत्तार अंसारी, और एकेडब्लूएमसी के कोषाध्यक्ष सुरेश चौहान सहित सैकड़ों कर्मचारी शामिल हुए। संघ के नेताओं ने कहा कि यह आंदोलन कर्मचारियों के हितों के लिए है और प्रबंधन को जल्द से जल्द उनकी मांगों को पूरा करना चाहिए, अन्यथा आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

### महाकुंभ के यात्रियों के लिए चलेंगी 1 दर्जन से ज्यादा स्पेशल ट्रेन

**धनबाद।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह है।

देश के साथ ही दुनियाभर के लोग इसमें शामिल होने के लिए पहुंचेंगे। झारखंड से प्रयागराज जाने वाले यात्रिओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है।हावड़ा से धनबाद होकर एक दर्जन कुंभ स्पेशल ट्रेनों को चलाने का फैसला पहले ही लिया जा चुका है। अब गोमो व बोकारो के रास्ते भी स्पेशल ट्रेनें चलेंगी। दक्षिण पूर्व रेलवे ने रांची व टाटा से कुंभ स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है। इनमें टाटा-टुंडला कुंभ स्पेशल बोकारो के भोजूडीह व गोमो तथा रांची-टुंडला कुंभ स्पेशल ट्रेन बोकारो व गोमो होकर चलाई जाएंगी।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 25 वें प्रदेश अधिवेशन में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**धनबाद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 25 वें प्रदेश अधिवेशन के उद्घाटन समारोह के अवसर पर एस.जे.ए.एस सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। यह अधिवेशन धनबाद के गोविंदपुर स्थित के के सी ई एम कॉलेज में आयोजित किया गया। जिसमें शिविर के माध्यम से आगंतुकों और स्थानीय समुदाय को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर में अस्पताल की ओर से चार चिकित्सकों और कई अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों की टीम उपस्थित थी, जिन्होंने 200 से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। इस शिविर में सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किए गए, जिनमें रक्तचाप, शुगर स्तर और अन्य आवश्यक मापदंडों की जांच शामिल थी। शिविर में लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर इस सुविधा का लाभ उठाया। इस अवसर पर अस्पताल के प्रतिनिधियों ने बताया कि उनका उद्देश्य केवल स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना ही नहीं, बल्कि लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना भी है। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के स्वास्थ्य शिविर भविष्य में भी आयोजित किए जाएंगे ताकि समाज के हर वर्ग को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें।

## चिरकुंडा में 16वें श्याम अमृत महोत्सव पर भव्य निशान शोभा यात्रा निकाली गई



संवाददाता

**कुमारधुबी।** तीन बाणधारी भक्त मंडल, चिरकुंडा द्वारा आयोजित 16 वें दो दिवसीय श्री श्याम अमृत महोत्सव के तहत शनिवार को एक भव्य निशान शोभा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा चिरकुंडा के सोनारडंगाल स्थित प्रकृति फार्म पूर्व एफसीआई गोदाम से शुरू होकर पश्चिम बंगाल के नियामतपुर स्थित दादी श्याम मंदिर तक गई। यात्रा में कुल 651 महिलाओं और पुरुषों ने भाग लिया। भक्तजन अपने हाथों में निशान लेकर गाजे-बाजे के साथ श्री श्याम बाबा के भजनों पर नाचते-गाते नियामतपुर पहुंचे। वहां श्रद्धालुओं ने दादी श्याम मंदिर में पूजा-अर्चना की और फिर वापस चिरकुंडा लौट आए। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर जलपान और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की गई थी, जिससे यात्रा के भक्तजनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंडल के अनिल शर्मा और संजय शर्मा ने बताया कि महोत्सव का मुख्य उद्देश्य समाज में श्याम बाबा की भक्ति और आध्यात्मिकता का प्रचार-प्रसार करना है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि 5 जनवरी, रविवार की शाम को भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसमें नागपुर से कृष्ण प्रिया और जमशेदपुर से कृष्णा मूर्ति अपने मधुर स्वर में भजन प्रस्तुत करेंगे, जो श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर देंगे।

इस शोभा यात्रा में अनिल शर्मा, संजय शर्मा, अजय शर्मा, बुद्धराम शर्मा, धनंजय शर्मा, संदीप जिंदल, श्याम अग्रवाल, महादेव अग्रवाल, टिंका गाडिया, मिंटू शर्मा, संजय केजरीवाल, शंभू केडिया, विक्की अग्रवाल, और अन्य प्रमुख भक्त शामिल हुए। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। पूरे मार्ग को सजाया गया था और जगह-जगह भक्तों ने निशान यात्रा का स्वागत किया। यह आयोजन न केवल आध्यात्मिकता का प्रतीक है, बल्कि सामुदायिक समर्पण और भाईचारे की मिसाल भी प्रस्तुत करता है।

## ऑटो और धान लदा ट्रक के आमने-सामने भिड़ंत, चार की मौत

**दुमका।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दुमका-रामपुरहाट मुख्य पथ पर दासोरायडीह के समीप स्थित पेट्रोल पंप के पास ऑटो और धान लदा ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में दो महिला सहित चार की मौत हो गई। घटना में ऑटो सवार छह से ज्यादा सवार घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। जहां एक युवती, एक महिला सहित चार को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। बताया जा रहा है कि घायल और मृत सभी जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के नोनीहाट के रहने वाले थे। जो पिकनिक मनाने मसानजोर गए थे। लौट के दौरान यह हादसा हुआ। धान लदा ट्रक पश्चिम बंगाल जा रहा था। मृतको में संजय साह(55), पुनम देवी (45) मुस्कान कुमारी (22) एवं टेम्पू चालक है।टेम्पू चालक नगर थाना क्षेत्र के शिवपहाड़ निवासी है। चालक की पहचान नहीं हो सकी है।

## झरिया विधायक ने जिला उपायुक्त से जनसमस्याओं पर की गहन चर्चा




संवाददाता

**धनबाद।** झरिया विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को लेकर शनिवार को झरिया की विधायक श्रीमती रागिनी सिंह ने धनबाद जिला उपायुक्त माधवी मिश्रा से उनके आवासीय कार्यालय में मुलाकात की।

इस दौरान विधायक ने क्षेत्र में व्याप्त जनसमस्याओं जैसे पानी, बिजली, सड़क, और स्वच्छता जैसे मुद्दों पर चर्चा की। विधायक ने उपायुक्त को इन समस्याओं का विवरण प्रस्तुत करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। उपायुक्त ने समस्याओं पर गंभीरता से विचार करने और जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया। मुलाकात के दौरान विधायक ने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए उपायुक्त को पुष्पगुच्छ भेंट किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय से ही क्षेत्र के विकास को गति दी जा सकती है।

## ढुल्लू महतो मामले में अभियोजन को बहस का आदेश

संवाददाता



**धनबाद।** सड़क जाम कर आवागमन बाधित करने और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में शुक्रवार को एमपी-एमएलए न्यायालय की विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अर्पिता नारायण की अदालत में सुनवाई हुई। यह मामला बरोरा थाना क्षेत्र से जुड़ा है, जहां तत्कालीन थाना प्रभारी बीडी सिंह की लिखित शिकायत पर 25 जून 2006 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अदालत में धनबाद सांसद ढुल्लू महतो उपस्थित नहीं हुए। उनकी ओर से उनके अधिवक्ता नीरज कुमार बिशियार ने बहस पूरी की। सुनवाई के दौरान अदालत ने अभियोजन पक्ष के सहायक लोक अभियोजक को बहस करने का निर्देश दिया। अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 4 जनवरी 2025 की तिथि तय की है। गौरतलब है कि यह मामला धनबाद के राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों में लंबे समय से चर्चा में है। इसमें सड़क जाम और सरकारी कार्य में बाधा डालने जैसे गंभीर आरोप हैं, जो कानून व्यवस्था और प्रशासन पर बड़ा सवाल खड़ा करते हैं। अभियोजन पक्ष से अब उम्मीद की जा रही है कि वह अपने साक्ष्य और तर्कों के माध्यम से अदालत को प्रभावित करेगा।

## डीवीसी ने लगाया मोतियाबिंद जांच सह ऑपरेशन शिविर

**धनबाद।** डीवीसी मैथन प्रबंधन सीएसआर के तहत कालीमाटी पंचायत भवन में निःशुल्क मोतियाबिंद जांच सह ऑपरेशन शिविर शुक्रवार को लगाया गया। उद्घाटन वरीय महाप्रबंधक सीएसआर संजीव श्रीवास्तव, बीपी नियोगी अस्पताल के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ उमेश कुमार व समाजसेवी पूर्ण लाल मुर्मू ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में 104 लोगों की नेत्र जांच की गयी। इसमें 57 मोतियाबिंद के मरीज चिह्नित किये गये। सभी को ऑपरेशन के लिए बस से रामचंद्रपुर आई अस्पताल भेजा गया। सीएमओ डॉ उमेश कुमार ने विस्तार से मोतियाबिंद के कारण लक्षण और उपचार के बारे मे बताया। शिविर में आये सभी मोतियाबिंद ग्रस्त मरीजों को यहां से खाना खिलाकर बस द्वारा रामचंद्रपुर अस्पताल ले जाया जाएगा।

## झारखंड में किन्नर समाज का महाअधिवेशन, सिक्का बांटने की रस्म के साथ तीसरे दिन का समापन

संवाददाता



**धनबाद।** झारखंड के धनबाद में पहली बार आयोजित अखिल भारतीय किन्नर समाज का महाअधिवेशन ऐतिहासिक बन रहा है। इस अधिवेशन के तीसरा दिन का शनिवार को समापन हुआ, जिसमें शिक्का बांटने की रस्म पूरी की गई। देशभर से लगभग चार हजार किन्नर इस अधिवेशन में भाग ले रहे हैं। बोकारो की नायक बबीता किन्नर ने बताया कि पंजाब, मुंबई, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, गुजरात, आंध्र प्रदेश समेत कई राज्यों के प्रतिनिधि इस अधिवेशन में शामिल हो चुके हैं। सिलीगुड़ी की अलाव्या नायक ने झारखंड की मेजबानी की सराहना करते हुए कहा कि राज्य ने सभी मेहमानों के रहने, खाने और विश्राम की बेहतरीन व्यवस्था की है। प्रतिनिधियों ने झारखंड और धनबाद की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने राज्य के बारे में बहुत सुना था, लेकिन यहां आकर जो देखा, वह उनकी उम्मीदों से कहीं अधिक था। अधिवेशन में मुख्य रूप से झरिया की छम छम देवी नायक, सिलीगुड़ी की अलाव्या नायक, बोकारो की बबीता नायक, रामगढ़ की अरुणा नायक, इंदौर की सीमा नायक, पटना की ललन नायक, दिल्ली से आई देवी किन्नर और ज्योति नायक समेत कई प्रमुख हस्तियां शामिल हुईं। तीसरे दिन के इस भव्य आयोजन ने न केवल किन्नर समाज को एकजुट किया, बल्कि झारखंड की मेजबानी और संस्कृति को भी देश के अन्य हिस्सों तक पहुंचाने का अवसर प्रदान किया।

## 'नो हेलमेट नो पेट्रोल' अभियान का सफल संचालन

संवाददाता



**धनबाद।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आज जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी के निदेर्शानुसार धनबाद के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर ₹नो हेलमेट नो पेट्रोल₹ अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है।

मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर शुभम कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि यह पहल न केवल हेलमेट पहनने की आदत को बढ़ावा देने के लिए है, बल्कि सड़क पर चलने वाले प्रत्येक व्यक्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भी है। उन्होंने बताया कि ऐसे अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे ताकि यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाई जा सके। अभियान के दौरान उपस्थित अन्य अधिकारियों में हरीश कुमार, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार, आरईए अमरेश कुमार, और आईटी असिस्टेंट देवेंद्र कुमार शामिल थे। सभी ने मिलकर अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

## असर्फी हॉस्पिटल ने गंभीर रूप से बीमार बच्ची का सफल इलाज कर रचा इतिहास

संवाददाता



**धनबाद।** असर्फी हॉस्पिटल ने एक गंभीर रूप से बीमार बच्ची का सफल इलाज कर चिकित्सा क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। बच्ची को सेप्टिक शॉक, गंभीर श्वसन संकट और अत्यधिक निम्न ऑक्सीजन स्तर के साथ बेहद नाजुक स्थिति में अस्पताल लाया गया था। अस्पताल की विशेषज्ञ टीम ने अपनी त्वरित और प्रभावी चिकित्सा सेवाओं के जरिये बच्ची की जान बचाई।

जब बच्ची को अस्पताल लाया गया तो उसकी स्थिति बेहद गंभीर थी और उसे तुरंत आपातकालीन चिकित्सा की आवश्यकता थी। अस्पताल की टीम ने बच्ची को जीवनरक्षक ऑक्सीजन सपोर्ट, दवाइयां और अन्य आवश्यक उपचार प्रदान किए।

असर्फी हॉस्पिटल के नवजात शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ० किशोर गांधी एमडी, डीएनबी, डीआरएनबी और उनकी टीम ने आधुनिक चिकित्सा तकनीकों का उपयोग करते हुए बच्ची की स्थिति को धीरे-धीरे स्थिर किया। इसके बाद उसकी स्वास्थ्य स्थिति में लगातार सुधार होता गया। बच्ची के पिता ने अस्पताल की टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जब हमें बताया गया कि हमारी बेटी की स्थिति गंभीर है, तो हम बेहद डर गए थे। लेकिन असर्फी हॉस्पिटल की टीम ने हमें हिम्मत दी और अपनी पूरी ताकत झोंककर हमारी बेटी को बचा लिया। डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की मेहनत और दयालुता के लिए हम हमेशा उनके आभारी रहेंगे। डॉ० किशोर गांधी ने इस सफलता पर कहा कि

यह हमारे अस्पताल की उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधाओं और हमारी टीम के समर्पण का प्रमाण है। हम हर स्थिति से निपटने के लिए प्रतिबद्ध हैं और भविष्य में भी मरीजों को सर्वश्रेष्ठ उपचार प्रदान करते रहेंगे। असर्फी हॉस्पिटल अपने अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों, विशेषज्ञ डॉक्टरों और सुसज्जित आपातकालीन सेवाओं के लिए जाना जाता है। यह अस्पताल मरीजों को हर परिस्थिति में बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के अपने उद्देश्य के प्रति पूर्णतः समर्पित है।

## महिलाओं पर लाठीचार्ज : डीएमवीवी भारतीय महिला शक्ति फाउंडेशन ने राष्ट्रीय महिला आयोग से हस्तक्षेप की मांग की

संवाददाता



**कतरास।** धनबाद जिले के बैंक मोड़ थाना क्षेत्र में महिलाओं पर पुरुष पुलिसकर्मियों द्वारा किए गए लाठीचार्ज की घटना को लेकर डीएमवीवी भारतीय महिला शक्ति फाउंडेशन ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

संस्था ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए राष्ट्रीय महिला आयोग, नई दिल्ली से शिकायत की है और घटना की जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। संस्था के संस्थापक दुलाल मुखर्जी ने बताया कि रवि राय की हत्या के बाद उनके परिजन और पड़ोसी न्याय की मांग के लिए बैंक मोड़ थाना पहुंचे थे। इस दौरान कुछ विवाद के कारण पुरुष पुलिसकर्मियों ने न केवल पुरुषों, बल्कि महिलाओं पर भी बेरहमी से लाठीचार्ज कर दिया।

श्री मुखर्जी ने कहा कि इस प्रकार की पुलिसिया कार्रवाई न केवल कानून के खिलाफ है, बल्कि यह महिलाओं के अधिकारों का भी सीधा उल्लंघन करती है।

उन्होंने आगे कहा कि कानून के मुताबिक महिलाओं पर किसी भी प्रकार का बल प्रयोग केवल महिला पुलिसकर्मियों द्वारा ही किया जा सकता है। महिला पुलिसकर्मियों की उपस्थिति में पुरुष पुलिसकर्मियों का इस तरह से महिलाओं पर लाठीचार्ज करना स्पष्ट रूप से नियमों का उल्लंघन है और यह अमानवीय कृत्य है। इस प्रकार की कार्रवाई से महिलाओं के मानवाधिकारों का हनन होता है और यह कानून के प्रति अविश्वास को बढ़ावा देता है। डीएमवीवी भारतीय महिला शक्ति फाउंडेशन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और राष्ट्रीय महिला आयोग को पत्र भेजा है और इसमें विस्तृत जांच की मांग की है।

संस्था ने कहा कि इस घटना को लेकर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। संस्था के संस्थापक ने यह भी कहा कि उनकी संस्था महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और मानवाधिकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, इस घटना के खिलाफ न्याय की लड़ाई जारी रखेगी। उन्होंने यह सुनिश्चित करने की अपील की कि दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ उचित कार्रवाई हो, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## डीवीसी के धनबाद पावर ग्रीड में 33/11 केवी ई-हाउस सबस्टेशन का उद्घाटन

संवाददाता

**धनबाद।** कांड्रा औद्योगिक क्षेत्र स्थिति डीवीसी के धनबाद पावर ग्रीड में शुक्रवार को डीवीसी के चेयरमैन एस सुरेश ने धनबाद में पहला 33/11 केवी के ई-हाउस सबस्टेशन का उद्घाटन किया. इस अवसर पर आयोजित मिलन समारोह में उपस्थित व्यवसायियों व डीवीसी कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश व समाज की उन्नति में डीवीसी बड़ी भूमिका निभा रहा है।

आनेवाले समय में डीवीसी झारखंड में प्लांट व सबस्टेशन निर्माण करने में हजारों करोड़ रुपये निवेश करेगा. धनबाद में 33/11 ई-हाउस के चालू होने से व्यवसायियों व आमलोगों को लाभ होगा. समारोह को डीवीसी के सदस्य सचिव डाक्टर जॉन मथाई, सदस्य वित्त अरुप सरकार, सदस्य तकनीकी एसके पांडा, कंट्री बिजनेस हेड विवेक सरवटे, कार्यपालक निदेशक वितरण राजेश कुमार, कार्यपालक निदेशक वाणिज्य संजीव श्रीवास्तव आदि ने भी संबोधित किया. संचालन मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी राजीव रंजन सिन्हा ने किया। पावर ग्रीड के संबंध में डीवीसी के अधिकारियों ने बताया कि कांड्रा-बरवाअड्डा में स्थापित 33/11 हजार केवी ई-हाउस सबस्टेशन जीआइएस तकनीक से लैस है, जो बेहतर सुरक्षा, तेज स्थापना व अनुकूलित स्थान सुनिश्चित करता है. डीवीसी अपनी महत्वाकांक्षी विस्तार योजना के तहत 11 हजार केवी इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित कर रहा है. डीवीसी अपने प्लांटों में भूमिगत केबलिंग, एडवांस्ड डिट्रीब्यूशन व मैनेजमेंट सिस्टम जैसी उन्नत तकनीकों का उपयोग कर रहा है।

## सुभाषितम्

**युवावस्था आवेशमय होती है, वह प्रोध से आग हो जाती है तो करुणा से पानी भी। - प्रेमचंद**


## 2000 करोड़ रुपये का शराब घोटाला और कवासी लखमा की भूमिका

छत्तीसगढ़ में हाल ही में उजागर हुए 2000 करोड़ रुपये से अधिक के शराब घोटाले ने राज्य की राजनीति और प्रशासनिक तंत्र को हिलाकर रख दिया है। यह मामला राज्य के आबकारी विभाग से जुड़ा है, और इसमें असली के साथ नकली होलोग्राम छाप कर उन्हें शराब की बोतलों में चस्पाकर वितरण करने के आरोप लगे हैं। इस घोटाले ने राज्य के खजाने को नुकसान पहुंचाया है। छत्तीसगढ़ के आबकारी विभाग का कार्य शराब उत्पादन, वितरण और बिक्री पर नियंत्रण रखना है। यह विभाग राज्य सरकार के राजस्व में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता है। शराब की बिक्री से होने वाली आय सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लिए उपयोग में लाई जाती है। हालांकि, हालिया घोटाले ने विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का आरोप है कि राज्य में नकली होलोग्राम का व्यापक स्तर पर छापकर इसका उपयोग किया गया जिससे सरकारी खजाने को अरबों रुपये का नुकसान हुआ। नकली होलोग्राम में शराब के उत्पादन और बिक्री में शराब कंपनियों, वितरकों, और अधिकारियों की मिलीभगत का दावा किया जा रहा है। इससे न केवल राज्य सरकार को वित्तीय नुकसान हुआ, बल्कि इससे उत्पाद की गुणवत्ता में भी भारी गिरावट आई। घोटाले की जांच के दौरान यह सामने आ रहा है कि नकली होलोग्राम के उत्पादन और वितरण में विभागीय अधिकारियों, शराब कंपनियों और राजनेताओं के बीच मिलीभगत थी। ईडी ने यह भी कहा है कि शराब माफिया और अधिकारियों ने नियमों का उल्लंघन करके मुनाफा कमाने के लिए व्यवस्था का दुरुपयोग किया। कवासी लखमा, जो राज्य के पूर्व आबकारी मंत्री हैं, इस घोटाले में उनके व उनके बेटे का नाम आ रहा है। लखमा छत्तीसगढ़ के आदिवासी बहुल बस्तर क्षेत्र से आते हैं और एक प्रभावशाली नेता माने जाते हैं। उन्होंने लंबे समय तक कांग्रेस पार्टी में रहकर आदिवासियों के अधिकारों के लिए काम किया है। ईडी ने आरोप लगाया है कि कवासी लखमा के कार्यकाल में आबकारी विभाग में भ्रष्टाचार हुआ और नकली होलोग्राम में उनकी संलिप्तता रही। यह आरोप लगाया जा रहा है कि उनकी जानकारी में इस गड़बड़ी को अंजाम दिया गया।

हालांकि, कवासी लखमा ने इन आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने इसे उनके खिलाफ एक साजिश बताया है और कहा है कि यह मामला उन्हें आदिवासी समुदाय का प्रतिनिधित्व करने के कारण निशाना बनाकर उभारा गया है। लखमा छत्तीसगढ़ की आदिवासी राजनीति का एक बड़ा चेहरा हैं। आदिवासी समाज के बीच उनकी पकड़ और समर्थन मजबूत है। उन्होंने अपने खिलाफ लगे आरोपो को राज्य में आदिवासी नेतृत्व और उनकी राजनीतिक सक्रियता को कमजोर करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। ईडी ने घोटाले की जांच के तहत राज्य में कई ठिकानों पर छापेमारी की है। 3 जनवरी 2025 को कवासी लखमा को रायपुर में ईडी कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया गया। उनसे करीब नौ घंटे तक पूछताछ की गई। ईडी ने लखमा और उनके परिवार से संबंधित दस्तावेजों की मांग भी की है। इसके अलावा, घोटाले से जुड़े कई अन्य अधिकारियों और व्यक्तियों से भी पूछताछ की गई है। पूछताछ के बाद, कवासी लखमा ने मीडिया से कहा कि उन्होंने जांच में पूरा सहयोग किया है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि शराब बनाने वाली कंपनियों और वितरकों पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई। भाजपा और कांग्रेस दोनों इस मामले पर एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं। भाजपा, जो राज्य की सत्ता में है इस घोटाले को भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी सरकार की एक बड़ी उपलब्धि बताया है। पार्टी का कहना है कि उनकी सरकार ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ काम कर रही है।

भाजपा नेताओं ने कांग्रेस को घोटाले के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए इसे उनके शासन की विफलता का परिणाम बताया। कांग्रेस ने ईडी की कार्रवाई को राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया है। उनका कहना है कि भाजपा सरकार जांच एजेंसियों का उपयोग विपक्ष को दबाने और आदिवासी नेताओं को बदनाम करने के लिए कर रही है। कांग्रेस नेताओं ने यह भी कहा है कि यह जांच कवासी लखमा के राजनीतिक करियर को समाप्त करने की साजिश है। आदिवासी नेता कवासी लखमा पर लगे आरोपों ने राज्य की आदिवासी राजनीति को अस्थिर कर दिया है। आगे यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि छत्तीसगढ़ का शराब घोटाला एक गंभीर मुद्दा है जो राज्य की राजनीति, प्रशासन और न्यायिक व्यवस्था को प्रभावित कर रहा है, राज्य की राजनीति को किस दिशा में ले जाता है। इस मामले में निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की आवश्यकता है, ताकि सच सामने आ सके और दोषियों को सजा मिले। कवासी लखमा का मामला केवल एक नेता के राजनीतिक भविष्य से जुड़ा नहीं है, बल्कि यह आदिवासी समुदाय के अधिकारों और नेतृत्व की स्थिति पर भी प्रभाव डालेगा। ईडी की जांच और इसके परिणाम यह तय करेंगे कि यह भ्रष्टाचार के खिलाफ एक सच्चा कदम है या राजनीतिक प्रतिशोध का उदाहरण। राज्य और केंद्र सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि न्यायपालिका और जांच एजेंसियां स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से काम करें।

# संविधान को संकीर्ण राजनीतिक लड़ाई का उपकरण न बनाएं


हृदयनारायण दीक्षित



संविधान के खात्मे को लेकर खासी बहस चली है। भारत का संविधान अनूठा है, अद्वितीय है। यह देश का राजधर्म है। इस संविधान में अनेक लोकतांत्रिक संस्थाएं हैं। सबकी अपनी सीमा है। यह सीमा भी संविधान निर्देशित है। सभी संवैधानिक संस्थाओं का स्रोत संविधान है। विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका की शक्तियां भी संविधान प्रदत्त हैं। संविधान निमार्ता भविष्य के भारत के प्रति सजग थे। उन्होंने गहन विमर्श के बाद संविधान बनाया। परस्पर विचार विमर्श अच्छी बात है, लेकिन संविधान को समाप्त करने का दुष्प्रचार करने का विपक्षी दलों का निर्णय अनुचित है। लोकसभा चुनाव के समय संविधान को खत्म करने और बदलने का शोर मचाया गया। विपक्षी दल लगातार आरोप लगाते रहे कि केन्द्रीय सत्ता संविधान के खात्मे पर उतारू है। संविधान समाप्ति जैसी कोई योजना कभी प्रकाश में नहीं आई। न विचार में, न कर्म में और न ही लेखन सहित अन्य अभिव्यक्तियों में भी। संविधान को खत्म करने की अफवाह देश के कोने कोने तक पहुंची। शिक्षित लोग सन्न थे कि संविधान के खात्मे की बात कहां से आई? संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी संविधान की किताब लेकर फोटो खिंचवा रहे थे।


मजेदार बात है कि संविधान खत्म किए जाने की सूचना संभवतः सबसे पहले उनको ही प्राप्त हुई। यह झूठ देश के मानस में बार-बार आ रहा है। संविधान के खात्मे का दुष्प्रचार करने वाले व्यक्ति/दल/समूह नितांत झूठ का सहारा ले रहे हैं। संविधान बदलने का सबसे बड़ा दुस्साहस 1976 में अधिनियमित 42वें संविधान संशोधन में कांग्रेस ने किया था। दुर्भाग्य से इस संविधान के खात्मे का विषय ठीक से जानने वाले लोगों की संख्या कम है। संसद और विधान मण्डल और न्यायालयों की बहसों में संविधान की सर्वोपरिता है। संविधान की उद्देशिका में राष्ट्रजीवन के लक्ष्य हैं। उद्देशिका में उल्लिखित भारत को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास और धर्म उपासना की स्वतंत्रता, अवसर की समता प्राप्त कराना मुख्य उद्देश्य है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने तमाम निर्णयों में उद्देशिका के महत्व और उपयोगिता की चर्चा की है। बेशक संविधान के अन्य प्रावधानों की तरह उद्देशिका को न्यायालय द्वारा प्रवर्तित नहीं किया जा सकता। लेकिन न्यायालयों के कई निर्णयों में यह शासन का मुख्य घटक है।

उद्देशिका हम भारत के लोग से शुरू होती है। संविधान सभा को मिली शक्ति भारत के लोगों द्वारा ही अर्जित है। कुछ राजनीतिक दल जाति और मजहब के आधार पर राजनीतिक समूह या संगठन चलाते हैं। इस प्रकार के दलों द्वारा समाज तोड़ने वाले शब्द चलाए जाते हैं। इनकी बात माने तो संविधान की उद्देशिका में लिखा जाता कि भारत जाति पाति आदि कई संकीर्णताओं में लिप्त है। इसे भारत के लोग कहना बेकार है। वे कहते हैं कि यहां की जनता केवल कुछ समूहों का गठजोड़ है। जबकि संविधान रचना का उद्देश्य और कारण सुस्पष्ट हैं। प्रत्येक भारतवासी उद्देशिका के अनुरूप हम भारत के लोग का हिस्सा है। भारत हजारों वर्ष पहले भी एक राष्ट्र था। वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक भारत की एक संस्कृति है। इस संस्कृति के कारण ही हम भारत के लोग एक सशक्त राष्ट्र हैं। डॉ. आम्बेडकर ने लिखा है कि यह बात ठीक है कि भारतवासी परस्पर लड़ते झगड़ते रहते हैं। किन्तु संस्कृति के कारण भारत एक राष्ट्र है। संविधान रचना के उद्देश्य स्पष्ट हैं। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने संविधान सभा में उद्देश्य और संकल्प का प्रस्ताव रखा था। संकल्प के अनुसार प्रभुत्व संपन्न स्वतंत्र भारत की सभी शक्तियां और प्राधिकार उसके संगठक भाग शासन के सभी अंग आम जनों से उत्पन्न हैं। संकल्प के अनुसार भारत की जनता को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, प्रतिष्ठा और अवसर की तथा विधि के समक्ष समता, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और संगठन बनाने आदि कार्यों की विधि के अधीन स्वतंत्रता होगी। आगे कहा है कि, राज्य क्षेत्र की अखण्डता, भूमि, समुद्र और आकाश पर उसके प्रभुत्वसंपन्न अधिकार, न्याय और अन्य राष्ट्रों की विधि के अनुसार बनाए रखे जाएंगे। संकल्प के अंतिम आठवें प्रावधान में लिखा है, यह प्राचीन भूमि विश्व में अपना समुचित और गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त करेगी, और विश्व शांति तथा मानव कल्याण के लिए स्वेच्छा से अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेगी। संकल्प में उल्लिखित प्राचीन भूमि का अर्थ क्या हो सकता है? सारी दुनिया की भूमि प्राचीन है। भारत के अर्थ में प्राचीन भूमि का अर्थ प्राचीन संस्कृति होना चाहिए। संविधान निमार्ताओं ने भारत को संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न राष्ट्र बताया है।

स्वाधीनता मिलने तक भारत राष्ट्रकुल का सदस्य था। इंग्लैंड के सम्राट के अधीन राष्ट्रमण्डल में भारत के बने रहने पर आलोचना हुई। प्रत्यक्ष रूप में यह निर्णय उचित नहीं था। सभा में प्रधानमंत्री नेहरू को स्पष्टीकरण देना पड़ा। आखिरकार एक संप्रभु राष्ट्र इंग्लैंड के राजा रानी के प्रति निष्ठा कैसे रख सकता है? आयरलैंड ने रिपब्लिक आफ आयरलैंड एक्ट बनाकर अपने आप को इंग्लैंड से पृथक कर लिया। आलोचनाओं के बाद कहा गया कि भारत में सम्राट के प्रति निष्ठा स्वीकार्य नहीं है। यह निर्णय प्रधानमंत्रियों के सम्मेलन में लिया गया। प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि प्रभुत्व संपन्न गणराज्य बन जाने के पश्चात भी भारत राष्ट्रकुल का पूर्ण सदस्य बना रहेगा।

लोकमंगल भारत के राष्ट्रजीवन का लक्ष्य रहा है। अनेक महत्वपूर्ण विषय ऐसे भी थे जो संविधान सभा में अंतिम निर्णय तक पारित नहीं किए जा सके। संविधान सभा ने उन महत्वपूर्ण विषयों को भी संविधान में जगह दी। उन्हें राज्य का नीति निदेशक तत्व कहा है। संविधान के नीति निदेशक तत्वों (भाग चार-अनुच्छेद 36 से 51) में ऐसे उपयोगी उद्देश्य रखे गए हैं। संविधान में कहा गया है कि प्रशासन और विधि के निर्माण में इन सिद्धांतों का अनुसरण किया जाए। गोवंश का संरक्षण भी ऐसा ही नीति निदेशक तत्व है। बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्राप्त कराने का लक्ष्य भी नीति निदेशक तत्वों में है। शक्ति के पृथक्करण के सिद्धांत भी सम्मिलित हैं। संविधान निमार्ताओं की क्षमता भी अद्भुत थी। नीति निदेशक तत्व किसी न्यायालय द्वारा प्रवर्तित नहीं हैं। वे किसी को सुभाषित लग सकते हैं, लेकिन वस्तुतः सबके लिए मार्गदर्शी हैं। संविधान में राष्ट्रजीवन के सभी मूलभूत विशेषताओं का उल्लेख है। सम्प्रति संविधान के बदलने को लेकर झूठी अफवाहें हैं। संविधान निमार्ता जानते थे की नई राष्ट्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप काम करना कठिन होगा। इसलिए उन्होंने संविधान में संविधान संशोधन का भी स्पष्ट उल्लेख कर दिया। अमेरिका में संविधान संशोधन की विधि के सापेक्ष भारत में संविधान संशोधन की विधि उदार है। इसीलिए भिन्न-भिन्न अवसरों पर अनेक संविधान संशोधन हुए हैं। अधिकांश राजनीतिक कार्यकर्ता भी संविधान से नहीं जुड़ते। सामान्य बोलचाल में युवा प्रश्न करते हैं कि अमेरिका में न्यायपालिका का शासन चलता है और ब्रिटेन में संसद का तो भारत में किसका शासन चलता है? इसका सीधा उत्तर है कि भारत में संविधान का शासन है। संविधान सगुण है और निर्गुण भी। सगुण में रूप और चेहरा देखा जाना चाहिए और निर्गुण में आंतरिक भाव। संविधान के पक्ष में खड़े होना भक्ति भाव है। अध्यात्म भाव है और सगुण उपासना है। संविधान के एक-एक वाक्य पर निष्ठा रखना, उसे अंतःकरण में जगह देना निर्गुण है। कृपया, संविधान को संकीर्ण राजनीतिक लड़ाई का उपकरण न बनाएं।

## क्यों वीर सावरकर के नाम पर कॉलेज खुलने से खफा है कांग्रेस?


डॉ.आर.के. सिन्हा

वीर सावरकर के नाम पर दिल्ली यूनिवर्सिटी एक नया कॉलेज खोलने जा रही है। वीर सावरकर जैसे महान स्वाधीनता सेनानी के नाम पर कॉलेज खुलने से देशभर के नौजवान निश्चित रूप प्रेरित ही होंगे। इस बारे में किसी को किसी तरह का शक भी नहीं होना चाहिए, पर कांग्रेस को तकलीफ हो रही है। कांग्रेस को वीर सावरकर के नाम से ही हमेशा ही चिढ़ रही है। अब कांग्रेस को कौन बताए कि वीर सावरकर, जिनका पूरा नाम विनायक दामोदर सावरकर था, भारत के स्वाधीनता आंदोलन के एक ही अत्यंत महत्वपूर्ण हस्ताक्षर थे।

वे एक महान क्रांतिकारी, राष्ट्रवादी विचारक, लेखक और वकील थे। उनका जीवन और कार्य भारतीय इतिहास के एक अत्यंत ही महत्वपूर्ण और क्रांतिकारी अध्याय का प्रतिनिधित्व करते हैं। काश, सावरकर के नाम पर खुलने वाले कॉलेज का विरोध करने वाले वीर सावरकर के बारे में अपनी महान नेत्री इंदिरा गांधी की ही राय को जान लेते। इंदिरा गांधी जब भारत की सूचना और प्रसारण मंत्री थीं तब उन्हीं के निर्देश पर वीर सावरकर पर केंद्रित डाक्यमेंट्री फिल्म उनके विभाग ने बनाई थी। इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री रहते हुए सावरकर की स्मृति में डाक टिकट भी जारी हुआ। श्रीमती गांधी ने अपने निजी खाते से सावरकर स्मृति कोष के लिए 11 हजार रुपये का अंशदान भी किया था।

इंदिरा गांधी ने सावरकर को रिमार्केबल सन ऑफ इंडिया कहा था। इंदिरा गांधी ने 20 मई 1980 को पंडित बाखले, सचिव, स्वतंत्रवीर सावरकर राष्ट्रीय स्मारक के नाम से संबोधित चिट्ठी में सावरकर के योगदान का जिक्र किया था। इस पत्र में इंदिरा गांधी ने लिखा है, मुझे आपका पत्र 8 मई 1980 को मिला था। वीर सावरकर का ब्रिटिश सरकार के खिलाफ मजबूत प्रतिरोध हमारे स्वतंत्रता आंदोलन के लिए काफी अहम है। मैं आपको देश के महान सपूत के शताब्दी समारोह के आयोजन के लिए बधाई देती हूं। मशहूर लेखक वैभव पुरंदरे ने अपनी किताब 'द टू स्टोरी ऑफ फादर ऑफ हिंदुत्व' में लिखा है कि इंदिरा गांधी का लिखा पत्र सत्य है।

किताब में लिखा है कि इंदिरा गांधी ने 1966 में सावरकर के निधन पर गहरा शोक भी जताया था। इंदिरा गांधी ने सावरकर को महान क्रांतिकारी बताते हुए तारीफ की थी और एक बयान भी जारी किया था। इंदिरा गांधी ने कहा था कि सावरकर ने अपने कार्यों से पूरे देश को प्रेरित किया था। अफसोस कि कांग्रेसियों को सच जानने से कोई मतलब ही नहीं रहा। उन्हें तो मीन-मेख निकालनी है। इसलिए इतनी पुरानी पार्टी सिकुड़ती ही चली जा रही है। वीर सावरकर तो बचपन से ही देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत थे और उन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ विरोध में भाग लेना शुरू कर दिया था। सावरकर 1905 में श्यामजी कृष्ण वर्मा द्वारा स्थापित 'इंडिया हाउस' में शामिल होने के लिए लंदन चले गए। लंदन में, उन्होंने 'अभिनव भारत' नामक एक गुप्त क्रांतिकारी संगठन की स्थापना की, जिसका उद्देश्य भारत को ब्रिटिश शासन से मुक्त करना था। उन्होंने '1857 का भारतीय स्वतंत्रता संग्राम' नामक एक पुस्तक लिखी, जिसमें उन्होंने 1857 के सिपाही विद्रोह को भारत का पहला स्वतंत्रता संग्राम बताया।

इस पुस्तक को ब्रिटिश सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया था। सावरकर ने इटली के क्रांतिकारी नेता गिउसेप्पे मैजिनी से प्रेरणा ली और उनकी क्रांतिकारी विचारधारा को भारतीय संदर्भ में लागू करने का प्रयास किया। 1910 में, सावरकर को नासिक के जिला मजिस्ट्रेट जैक्सन की हत्या में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें दोषी ठहराया गया और 50 साल की कारावास की सजा सुनाई गई। उन्हें अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में स्थित सेलुलर जेल में भेजा गया, जहां उन्होंने कई वर्षों तक कठोर यातनाएं सहीं। काला पानी में उन्होंने एकांत कारावास, कठोर श्रम और अमानवीय परिस्थितियों का सामना किया।कोल्हू में बेल की तरह जोतकर उनसे सूखे नारियल से तेल निकलवाया जाता था ।

सावरकर ने भारत की स्वतंत्रता के लिए लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने क्रांतिकारी गतिविधियों में भाग लिया और अंग्रेजों के खिलाफ आवाज उठाई। सावरकर हिंदू राष्ट्रवाद के एक प्रमुख पैरोकार थे। उन्होंने एक मजबूत और एकजुट हिंदू राष्ट्र की वकालत की। सावरकर ने जाति व्यवस्था और छुआछूत जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उन्होंने हिंदू समाज में सुधार लाने के लिए कई आंदोलन चलाए। वे एक कुशल वक्ता और लेखक थे। उनके भाषणों और लेखों ने लोगों को प्रेरित किया और उनमें देशभक्ति की भावना जगाई।

सावरकर के गृह राज्य महाराष्ट्र में कई संगठन और संस्थान हैं जो उनके विचारों और कार्यों को बढ़ावा देते हैं। वीर सावरकर महाराष्ट्र में एक सम्मानित और प्रभावशाली व्यक्ति हैं और उन्हें कई लोगों द्वारा एक महान स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक के रूप में याद किया जाता है। वीर सावरकर का एक शानदार चित्र पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में लगा हुआ था। उनके चित्र का 26 फरवरी, 2003 को तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने संसद भवन में अनावरण किया था। इसे चंद्रकला कुमार कदम ने बनाया था। जब वीर सावरकर का चित्र लगाने की पहल हुई तब भी कांग्रेस ने यह कहकर विरोध किया था कि वे सांसद नहीं थे। तब कांग्रेसी भूल गए थे कि लोकमान्य तिलक तथा महात्मा गांधी जैसे राजनीति व स्वाधीनता संग्राम में अहम योगदान देने वाले व्यक्ति भी तो सांसद नहीं थे। उनके त्याग व समर्पण को देखते हुए केन्द्रीय कक्ष में उनका चित्र स्थापित कर सम्मान दिया गया।

कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने कुछ समय पहले वीर सावरकर पर गैर- जरूरी टिप्पणी अपमानजनक की थी। उनकी बयानबाजी से शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे भी नाराज हो गए थे। उनहोंने तब कहा था ₹हम स्वातंत्र्यवीर सावरकर के बारे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान से सहमत नहीं हैं। हमारे मन में सावरकर के लिए सम्मान है। आपको कोई पसंद नहीं तो ठीक है। खैर, वीर सावरकर कॉलेज खुलने से राजधानी में उस महान स्वाधीनता सेनानी के नाम पर महत्वपूर्ण प्रतीक स्थापित हो जाएगा। देर से ही सही राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अब वीर सावरकर का एक अहम प्रतीक स्थापित होने जा रहा है।

# स्कूलों में छात्रों की संख्या का घटना चिन्ताजनक

**ललित गर्ग**

शिक्षा मंत्रालय के अन्तर्गत शिक्षा के लिए एकीकृत जिला सूचना प्रणाली की ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारत में स्कूलों की संख्या बढ़ रही है, पर स्कूली छात्रों की संख्या घट रही है। स्कूली छात्रों की संख्या घटना न केवल चिंताजनक और विचारणीय है बल्कि नये भारत-सशक्त भारत निर्माण की एक बड़ी बाधा भी है। भारत में स्कूलों की संख्या में करीब 5,000 की बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्राथमिक, माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तरों सहित 14,89,115 स्कूल हैं। ये स्कूल 26,52,35,830 छात्रों को पढ़ाते हैं। इनमें से कुछ स्कूलों को उनकी प्रतिष्ठा, स्थापना के वर्षों महत्वपूर्ण स्कूल परिणामों, मार्केटिंग रणनीतियों आदि के कारण उच्च छात्र नामांकन प्राप्त होते हैं लेकिन पर साल 2022-23 व 2023-24 के बीच स्कूली छात्रों के नामांकन में 37 लाख की कमी आई है।

यह स्थिति अनेक सवाल खड़े करती है। क्या स्कूली शिक्षा ज्यादातर बच्चों की पहुंच के बाहर है? क्या शिक्षा का आकर्षण पहले की तुलना में घटा है? भारत में शिक्षा प्रणाली लाखों छात्रों के जीवन और भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अपने समृद्ध इतिहास और विविध संस्कृति के साथ, भारत में एक जटिल और विशाल शैक्षिक परिदृश्य है। भारत में शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत पूर्व-प्राथमिक, प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा सहित विभिन्न चरण शामिल हैं। महत्वपूर्ण प्रगति के बावजूद चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं। डेटा एग्रीगेशन प्लैटफॉर्म यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस की यह ताजा रिपोर्ट देश के स्कूली इन्फ्रास्ट्रक्चर में हुए सुधार के साथ ही उन अहम दिक्कतों की भी झलक देती है, जिन्हें दूर किया जाना बाकी है। बुनियादी सुविधाओं की स्थिति बेहतर होने के बावजूद छात्रों की संख्या का घटना गहन विमर्श का विषय है।

शिक्षा मानव-जीवन के विकास का आधार स्तंभ है। शिक्षा के अभाव में मानव-जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती। यह मनुष्य को उत्कृष्टता एवं उच्चता के शिखर पर स्थापित करती है। शिक्षा प्रकाश एवं शक्ति का ऐसा स्रोत है जो नये भारत के विकास का आधार है। जो हमारी शारीरिक, मानसिक, भौतिक और आध्यात्मिक शक्तियों तथा क्षमताओं का निरन्तर सामंजस्यपूर्ण विकास करके नये भारत, सशक्त भारत के निर्माण के संकल्प को मजबूती देता है। देश में पिछले साल के मुकाबले स्कूलों की संख्या तो बढ़ी है, लेकिन छात्रों के नामांकन में गिरावट देखी गई है। जहां स्कूलों की संख्या 14.66 लाख से बढ़कर 14.71 लाख हो गई वहीं इनमें होने वाला छात्रों का नामांकन 25.17 करोड़ से घटकर 24.80 करोड़ हो गया। यह गिरावट कमोबेश सभी श्रेणियों यानी लड़के लड़कियां, ओबीसी, अल्पसंख्यक आदि में है। जहां तक शिक्षा के बीच में छात्रों के स्कूल छोड़ने के मामलों की बात है तो इसमें सेकंडरी स्तर में होने वाली बढ़ोतरी ज्यादा परेशान करने वाली है। मिडल स्कूलों में जो ड्रॉपआउट दर 5.2 प्रतिशत है, वह सेकंडरी स्टेज में आकर 10.9 प्रतिशत हो जाती है। इसके पीछे ओबीसी और एससी-एसटी श्रेणी के छात्रों को दाखिले के दौरान होने वाली जटिल प्रक्रिया, मुश्किलें और किसी अभावग्रस्त छात्र के लिए आर्थिक मदद या छात्रवृत्ति जैसी सुविधाओं की कमी का हाथ हो सकता है।

छात्रों के नामांकन की घटती संख्या को जाति के आधार पर अगर देखें, तो अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के छात्रों के नामांकन में 25 लाख से अधिक, अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के छात्रों में 12 लाख और अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के छात्रों में दो लाख की गिरावट हुई है। नामांकन से वंचित हुए अल्पसंख्यक छात्रों की संख्या तीन लाख है, जबकि इनमें से एक तिहाई मुस्लिम हैं। भारत में नई पीढ़ी को यथोचित शिक्षा नहीं मिल पा रही है। शिक्षा से वंचित रहने के जो कारण हैं, उनमें सबसे बड़ा कारण गरीबी है। सरकारी स्तर पर सरकारों ने गरीब छात्रों के लिए अनेक इंतजाम किए हैं, पर इन इंतजामों का सभी छात्रों तक समान रूप से पहुंचना आसान नहीं है। निचले स्तर पर शिक्षकों और शिक्षा कर्मचारियों को जितना सजग होना चाहिए, उतना सजग वे नहीं हो पा रहे हैं। भारत जैसे देश में शिक्षा एक अभियान है, इसके लिए अगर नियोजित एवं उत्साहपूर्ण माहौल न बनाया जाए, तो गरीब व वंचित बच्चों तक शिक्षा को पहुंचाना चुनौतीपूर्ण है। कोई संदेह नहीं कि किसी भी अभियान में अगर समर्पित लोग आपके पास नहीं हैं, तो फिर उस अभियान की सफलता संदिग्ध हो जाती है।

भारत में शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव की जरूरत है। यदि हमें सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त करना है और सही दिशा में आगे बढ़ना है तो कई पहलुओं एवं मोर्चों पर काम करना आवश्यक है। हमारी आजादी के बाद से ही शिक्षा क्षेत्र में कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिन्होंने हमें दुनिया में एक विकसित राष्ट्र बनने से रोक दिया है। भारत में एक सभ्य शिक्षा प्रणाली के महत्व की जरूरत को समझते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नयी शिक्षा प्रणाली के अन्तर्गत अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। देश की शिक्षा प्रणाली को नया आकार दिया जा रहा है और शिक्षा से जुड़े कई बड़े बदलाव किए जा रहे हैं। प्रणाली को आधुनिक बनाने और व्यावसायिक प्रशिक्षण शुरू करने के प्रयास हो रहे हैं। बहरहाल, यह खुशी की बात है कि अब भारत के 91.7 प्रतिशत स्कूलों तक बिजली पहुंच चुकी है। अभियान चलाकर देश के बाकी बचे स्कूलों तक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होनी चाहिए। देश में 98 प्रतिशत से ज्यादा स्कूलों तक पेयजल सुविधा के साथ ही टॉयलेट की सुविधा पहुंच चुकी है। स्कूलों को संसाधन संपन्न बनाने के साथ ही शिक्षकों और पुस्तकों की गुणवत्ता एवं स्कूलों को संसाधन के स्तर पर भी बहुत मजबूत करने की जरूरत है। भारत के 60 प्रतिशत स्कूलों में भी कंप्यूटर उपलब्ध नहीं हैं और इंटरनेट की सुविधा वाले स्कूलों की संख्या 50 प्रतिशत से भी कम है।

आज के समय में जब हमें बड़े पैमाने पर कुशल कामगारों की जरूरत पड़ेगी, तब किसी का कंप्यूटर शिक्षा से वंचित होना बहुत महंगा पड़ेगा। आज के समय में हर छात्र या हर नागरिक को कंप्यूटर और इंटरनेट का सामान्य ज्ञान होना ही चाहिए। कंप्यूटर आज के समय में विलासिता नहीं, बल्कि महत्वपूर्ण एवं अनिवार्य जरूरत है। नया भारत बनाने के लिए शिक्षा का बहुत महत्व है। शिक्षा के जरिए ही देश का विकास होता है और समाज में सकारात्मक बदलाव आता है। हालांकि, कई स्कूल अभिभावकों और छात्रों को बनाए रखने और आकर्षित करने के लिए संघर्ष करते हैं। इन संघर्ष की स्थितियां का नियंत्रित होना जरूरी है।

## आज का राशिफल

**मेष :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**वृष :** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय समान रहेगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। अंधविश्वासी न बनें।

**मिथुन :** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**कर्क :** किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी।

**सिंह :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी।

**कन्या :** शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा।

**तुला :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है, मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। सुख-आराम प्रभावित होगा।

**धनु :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। नौकरी में लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**मकर :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। आर्थिक चिंताएं कम होगी।

**कुभ :** विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**मीन :** कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें।

## संक्षिप्त खबरें

### हाईवा की टक्कर से सहायक अध्यापिका की मौत, सड़क दुर्घटना में हुई दर्दनाक घटना

**बड़कागांव।** शनिवार शाम को बड़कागांव टंडवा मुख्य मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक सहायक अध्यापिका की मौत हो गई। यह हादसा करीब 6:50 बजे हुआ जब एक हाईवा ने मोटरसाइकिल सवार महिला को जोरदार टक्कर मार दी। मृतका की पहचान शांति देवी (35) के रूप में हुई है, जो बड़कागांव के सिकरी स्थित नव प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापिका के रूप में कार्यरत थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हाईवा बड़कागांव की ओर से टंडवा की दिशा में जा रहा था, जबकि महिला अपनी मोटरसाइकिल से सिकरी की ओर अपने घर लौट रही थी। जैसे ही वह करणपुरा कॉलेज के पास पहुंची, पीछे से आ रही हाईवा ने उसे जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि महिला घटनास्थल पर ही गिर गई और उसकी मौत हो गई। इस घटना से इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। महिला के परिवार ने बताया कि शांति देवी एक शिक्षिका होने के साथ-साथ एक जिम्मेदार मां और पत्नी भी थीं, और इस अनहोनी घटना ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और घटनास्थल से सबूत जुटाने के प्रयास कर रही है।

### चौपारण पुलिस ने लूटपाट की वारदात का किया उद्भेदन अभियुक्तों को भेजा जेल

**चौपारण।** थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश के नेतृत्व में चौपारण पुलिस ने दो दिनों में किए गए लूटपाट की घटना का उद्भेदन किया है। इस संबंध में बताया गया कि बीते बुधवार की रात्रि में चौपारण थाना अन्तर्गत ग्राम वृन्दा स्थित सुनसान जगह पर डाक पार्सल गाड़ी से लुट काण्ड की घटना को अंजाम दिया गया था। इस संदर्भ में वादी के लिखित आवेदन पर चौपारण थाना काण्ड सं0-02/25 दिनांक- 02/01/25 धारा-310(2) भा. न्या. सं. दर्ज कर वरीय पदाधिकारी को सुचित करते हुए काण्ड में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध एक छापामारी दल का गठन अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही के नेतृत्व में किया गया। जिसमें थाना प्रभारी चौपारण एवं अनुसंधानकर्ता पुअनि रौशन कुमार वर्णवाल द्वारा सशस्त्र बल के साथ छापामारी की गई। छापामारी के क्रम में काण्ड का उद्दभेदन करते हुए काण्ड में संलिप्त अभियुक्त एक निरुद्ध बालक एवं दूसरा सुधीर कुमार पिता-स्व जुगल यादव दोनो सा० वृन्दा थाना चौपारण जिला- हजारीबाग को गिरफ्तार किया गया एवं गिरफ्तार अभियुक्त के निशानदेही पर लुटे गए समान को ग्राम बृन्दा में पुलिया के नीचे छीपाकर रखा गया था जो बरामद किया गया। जिसको विधिवत जप्ती सूची बनाकर जप्त किया गया। घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाईकिल भी जप्त किया गया। गिरफ्तार दोनों अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा गया एवं अन्य अभियुक्तों के विरुद्ध अनुसंधान किया जा रहा है।

### अनिल प्रसाद द्वारा कंबल वितरण, ठंड से राहत की पहल

**हजारीबाग।** झारखंड राज्य में इन दिनों शीतलहरी के कारण ठंड काफी बढ़ गई है, जिससे लोग परेशान हो रहे हैं। हजारीबाग जिले में भी हड्डियां हिला देने वाली ठंड ने लोगों को असहज कर दिया है, विशेषकर उन गरीब और असहाय लोगों के लिए जो सड़कों पर गुजर-बसर और भिक्षाटन करके अपनी आजीविका चलाते हैं। इस स्थिति को देखते हुए निवर्तमान वार्ड सांसद अनिल प्रसाद और उनकी धर्मपत्नी पूनम प्रसाद ने गरीब, असहाय और बुजुर्गों के बीच कंबल वितरण किया। अनिल प्रसाद ने इस अवसर पर कहा कि नर सेवा नारायण सेवा, यानी भगवान की सेवा को हम मानव सेवा के रूप में समझते हुए यह कार्य कर रहे हैं। उनका मानना है कि इस तरह की सहायता से ठंड में राहत मिलेगी और गरीबों तक मदद पहुंचाई जा सकेगी। पूनम प्रसाद ने भी इस पहल का समर्थन करते हुए कहा कि समाज के कमजोर वर्ग को हर संभव सहायता मिलनी चाहिए, ताकि वे इस कठोर मौसम में राहत महसूस कर सकें। उनका कहना था कि ठंड के इस मौसम में कंबल वितरण केवल एक छोटे से कदम के रूप में राहत पहुंचाने की कोशिश है, ताकि जरूरतमंदों को राहत मिल सके। यह पहल हजारीबाग में बढ़ती ठंड के बीच असहाय लोगों के लिए एक आशा की किरण बनी और इस तरह की कार्यवाहियों से समाज में सहानुभूति और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिला है।

### गौ विज्ञान अनुसंधान एवं सामान्य ज्ञान परीक्षा का आयोजन

**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली, हजारीबाग में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा गौ विज्ञान अनुसंधान एवं सामान्य ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में हजारीबाग के विभिन्न विद्यालयों सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, डी ए वी पब्लिक स्कूल और के डी चिल्ड्रन स्कूल के कुल 87 भैया-बहनों ने भाग लिया। परीक्षा में बाल एवं किशोर वर्ग के बच्चों ने गौ विज्ञान के क्षेत्र में अपनी जानकारी का प्रदर्शन किया, और सामान्य ज्ञान के विभिन्न पहलुओं पर अपनी दक्षता दिखाई। यह परीक्षा संघ के मार्गदर्शन में और ज्ञानचंद मेहता के पर्यवेक्षण में आयोजित की गई। विद्यालय के सचिव डॉ० जयप्रकाश रविदास ने वंदना सभा में छात्रों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति के अनुसार शिक्षा ग्रहण करना एक गौरव की बात है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे पूरी मेहनत और समर्पण के साथ पढ़ाई करें और अपने लक्ष्य को प्राप्त करें।

### हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने जन्मदिवस पर क्षेत्रवासियों को दी ऐतिहासिक सौगात

# संजीवनी सेवा कुटीर का हुआ भव्य उद्घाटन

संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने अपने जन्मदिवस के मौके पर शनिवार को हजारीबाग सदर अस्पताल परिसर में संजीवनी सेवा कुटीर का भव्य उद्घाटन किया। इस सेवा कुटीर का उद्देश्य शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को राहत प्रदान करना है। यह पहल हजारीबाग और आसपास के इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और प्रभावी बनाने के लिए एक बड़ा कदम है।

इस उद्घाटन समारोह में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, चतरा सांसद कालीचरण सिंह, बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, मांडू विधायक तिवारी महतो, चतरा विधायक जनार्दन पासवान सहित कई प्रमुख नेता और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। संजीवनी सेवा कुटीर 24x7 सेवाएं प्रदान करेगा, जिसमें एक प्रशिक्षित कर्मचारी मरीजों और






उनके परिजनों को आवश्यक जानकारी और मदद देगा। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कार्यक्रम में कहा कि इस केंद्र में ठंड के मौसम को देखते हुए कंबल की व्यवस्था की जाएगी और दवाइयां भी रखी जाएंगी, ताकि मरीजों के परिजनों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने यह भी बताया कि अगले छह महीनों में एक लैब का निर्माण किया जाएगा, जिससे मरीजों को सस्ती और निशुल्क जांच की सुविधा मिल सकेगी। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने इस केंद्र की उपयोगिता पर प्रकाश डाला और कहा कि यह न केवल मरीजों को राहत प्रदान करेगा, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में भी मदद करेगा। चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने इस पहल की सराहना की और कहा कि यह ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों के लिए वरदान साबित होगा। बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने इसे स्वास्थ्य सुविधाओं में क्रांति का प्रतीक बताया, जबकि मांडू विधायक तिवारी महतो ने इसे एक अनुकरणीय पहल माना। चतरा विधायक जनार्दन पासवान ने इसे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के मरीजों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में भाजपा के जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, चतरा भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता, प्रसिद्ध यूट्यूबर आर राजेश, हॉस्पिटल के सीएस, जिला परिषद सदस्य, भाजपा नेता और सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित थे। सभी ने इस पहल को क्षेत्रवासियों के लिए एक बड़ी राहत और सुविधा बताया। विधायक प्रदीप प्रसाद ने इस मौके पर कहा कि उनका सपना है कि क्षेत्र में एक भव्य अस्पताल का निर्माण किया जाए, ताकि आसपास के जिले से आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। इसके साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि सदर अस्पताल में बिचौलियों की समस्या को जल्द से जल्द समाप्त करने के लिए वह पूरी कोशिश करेंगे।

### सीमा सुरक्षा बल मेरू कैंप में 'वार्ब' तिमाही बैठक का आयोजन

**हजारीबाग।** सीमा सुरक्षा बल, नई दिल्ली के निदेशांनुसार, वार्ब के तत्वावधान में हजारीबाग स्थित मेरू परिसर के परिवार कल्याण केन्द्र में झारखंड राज्य के सीमा सुरक्षा बल के सेवानिवृत्त कार्मिकों व उनके आश्रितों के लिए पेन्शन और रिटायमेंट लाभ में उत्पन्न विसंगतियों का निवारण करने हेतु एक विशेष तिमाही बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का उद्देश्य सेवानिवृत्त कार्मिकों व उनके आश्रितों की पेंशन संबंधी समस्याओं को एक ही पटल पर सुनना और उनका समाधान करना था। बैठक में गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा गठित वार्ब के तहत सेवानिवृत्त कार्मिकों और उनके आश्रितों के पुनर्वास व कल्याण हेतु दी जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर राकेश रंजन लाल उपमहानिरीक्षक प्रशासन, कैंप के सक्षम अधिकारी, अनुभवी लेखा अधिकारी और अन्य संबंधित विभागों के प्रभारी उपस्थित रहे।

### डीएमएफटी प्रबंधकीय समिति की बैठक में डीसी ने उपकरणों के समुचित उपयोग पर दिया जोर

संवाददाता

**हजारीबाग।** डीएमएफटी द्वारा संचालित कार्यों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करने के लिए एक बैठक का आयोजन उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद भी मौजूद थे। बैठक समाहरणालय के सभाकक्ष में डीएमएफटी प्रबंधकीय समिति के सदस्यों के साथ आयोजित की गई, जिसमें नए प्रपोजल पर विस्तार से चर्चा की गई।

उपायुक्त ने कहा कि डीएमएफटी मद से जुड़ी योजनाओं में जनहित से जुड़े प्राथमिक क्षेत्रों जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और महिला एवं बाल विकास को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने चुनाव पूर्व स्वीकृत कार्यों की निविदा प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी ली और यह सुनिश्चित किया कि इन योजनाओं को जल्दी से लागू किया जाए। उपायुक्त ने विशेष रूप से डीएमएफटी मद द्वारा



स्वास्थ्य विभाग को प्रदान किए गए महंगे उपकरणों के रखरखाव और उनके सही संचालन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी कारणवश ये उपकरण बंद नहीं होने चाहिए और इसके लिए जिला स्तर पर एक निगरानी टीम गठित की जाए, ताकि उपकरणों के तकनीकी खराबी का समाधान शीघ्र किया जा सके और उन्हें कार्यशील बनाए रखा जा सके। उन्होंने बताया कि इन उपकरणों का सही रखरखाव न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाएगा, बल्कि डीएमएफटी मद के तहत की गई निवेश का भी उचित उपयोग सुनिश्चित करेगा। उपायुक्त ने आगे कहा कि डीएमएफटी मद से अन्य विभागों की जरूरतों को पूरा करने और उनकी कार्यक्षमता में सुधार करने का उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि इस मद से कई योजनाओं को लागू किया जा रहा है, जिनमें गुणवत्ता और स्थिरता सुनिश्चित करना संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी कहा कि डीएमएफटी मद से प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में कई विकासात्मक कार्य किए जा रहे हैं, और इन कार्यों का समुचित सदुपयोग किया जाना चाहिए। बैठक में सभी स्वीकृत योजनाओं की अद्यतन स्थिति और निविदा प्रक्रियाओं पर भी चर्चा की गई।

### उपायुक्त की अपील : शीतलहर से बचाव के लिए जरूरी कदम उठाएं

संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड में शीतलहरी और बढ़ती ठंड ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के विभिन्न हिस्सों में तापमान में लगातार गिरावट हो रही है, जिससे हजारीबाग जिले में भी ठंड और कुहासा के प्रकोप में वृद्धि हो रही है। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त नैंसी सहाय ने जिलेवासियों से ठंड से बचाव के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने की अपील की है। उपायुक्त नैंसी सहाय ने जिले के प्रशासनिक अधिकारियों को ठंड से बचाव के लिए विभिन्न निर्देश जारी किए हैं, ताकि शीतलहरी से प्रभावित लोग सुरक्षित रह सकें। उन्होंने जिले के संवेदनशील इलाकों, जैसे नदी-नालों और डैम के किनारे बसे गांवों, अस्पताल परिसर, रैन बसेरा, बस स्टैंड, रेल पटरियों और सार्वजनिक स्थलों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया है। इन स्थानों पर अलाव जलाए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रैन बसेरों की व्यवस्था भी की जाएगी। इसके अलावा, उपायुक्त ने आवासहीन, गरीब, दिव्यांग, वृद्ध और असहाय व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें कंबल वितरित करने का आदेश दिया। उन्होंने



सभी शरण स्थलों और रैन बसेरों में अलाव और कंबल की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही, गैर सरकारी संस्थाओं से भी सहयोग लेने की बात कही है, ताकि शीतलहर से प्रभावित लोगों की मदद की जा सके। उपायुक्त ने शीतलहर से बचाव के उपायों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रचार-प्रसार करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके तहत स्कूल, कॉलेज, सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं, साथ ही मीडिया के माध्यम से लोगों को ठंड से बचाव के उपायों के बारे में बताया जाएगा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को इस संबंध में पम्पलेट और बैनर जारी करने के लिए भी कहा, ताकि अधिक से अधिक लोग ठंड से बचाव के उपायों से अवगत हो सकें। उपायुक्त ने जिलेवासियों से यह अपील की है कि वे ठंड से बचाव के लिए प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें और ठंड के इस कठिन मौसम में सुरक्षित रहें।

### कौशल इंजीनियरिंग लिमिटेड के कर्मचारी लंबित वेतन भुगतान की मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठे

संवाददाता

**चौपारण।** सिक्स लेन सड़क निर्माण कंपनी कौशल इंजीनियरिंग लिमिटेड के कर्मचारियों ने शनिवार को कंपनी के मुख्य गेट पर अपने लंबित वेतन भुगतान की मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठने का निर्णय लिया। यह स्थिति तब उत्पन्न हुई जब कंपनी ने कर्मचारियों को पिछले 9 महीनों से वेतन का भुगतान नहीं किया, जिसके कारण कर्मचारियों के समक्ष भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गई है।

कर्मचारियों द्वारा वेतन भुगतान के लिए बार-बार मांग की गई, लेकिन कंपनी ने उनकी समस्या का समाधान नहीं किया, जिससे कर्मचारियों ने अंततः सड़क निर्माण



कार्य को ठप कर दिया। पहले भी कर्मचारियों के समर्थन में बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने उनकी समस्याओं को सुना था और उनकी स्थिति को समझते हुए कंपनी के प्रबंधन के साथ कई बार वार्ता की थी, लेकिन उसका भी कोई प्रभावी परिणाम नहीं निकला। विधायक ने कहा था कि जब तक बकाया कर्मियों का भुगतान नहीं होता, तब तक सड़क निर्माण का कार्य बंद रहेगा। विधायक ने कंपनी के प्रबंधक सुमन चटर्जी और कमलेश मिश्रा से भी संपर्क किया था और शीघ्र मानदेय भुगतान करने की बात कही थी। इसके अलावा, विधायक ने एनएचआई के परियोजना निदेशक से भी फोन पर बातचीत की थी और दोनों पक्षों के बीच जल्द ही वार्ता की आवश्यकता जताई थी, लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकला।

### दुष्कर्म के मामले में स्कूल के शिक्षक को भेजा गया जेल

**हजारीबाग।** नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने शनिवार को कोर्ट में पेशी के बाद शिक्षक को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। हजारीबाग मुफस्सिल थाना क्षेत्र के एक निजी स्कूल का शिक्षक था। नाबालिग छात्रा ने अपने परिवार को बताया कि शिक्षक ने उसको धमकी देकर कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया था। आरोप है कि शिक्षक ने छात्रा को यह सब बातें बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी। छात्रा के गुमशुम रहने पर परिवार को कुछ अनहोनी का अंदेशा हुआ था। जिसके बाद पीड़िता के परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी थी।

### नावाडीह में संविधान रक्षक अभियान के तहत अमित शाह का पुतला दहन



संवाददाता

**बोकारो।** नावाडीह प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष इमरान अंसारी के नेतृत्व में शनिवार को संविधान रक्षक अभियान के तहत संविधान निमार्ता डॉ० भीमराव अंबेडकर पर संसद भवन में की गई अमर्यादित टिप्पणी का विरोध किया गया। इस दौरान नावाडीह के बैंक ऑफ इंडिया मोड़ से बिनोद बिहारी चौक तक विरोध मार्च निकाला गया। मार्च के उपरांत प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया और उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की।


प्रदर्शन में शामिल कार्यकताओं ने अमित शाह से तुरंत इस्तीफा देने और देश की जनता से माफी मांगने की मांग की। कार्यकताओं ने चेतावनी दी कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्टी देशव्यापी जन आंदोलन छेड़ेगी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि संसद में डॉ. भीमराव अंबेडकर के खिलाफ की गई टिप्पणी अमित शाह की दलित विरोधी मानसिकता को दशार्ती है। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर हमारे आदर्श हैं और भाजपा ने उनके प्रति अपमानजनक रवैया दिखाकर अपनी मानसिकता उजागर की है। इस विरोध प्रदर्शन में 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष देवाशीष मंडल, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मंजूर आलम, जिला प्रवक्ता हसमुल्ला अंसारी, ओबीसी स्टेट कॉर्डिनेटर आशा देवी, डॉ. अमित सिंह, शराफत अंसारी, प्रखंड सचिव तिलक तुरी, शिवनंदन रविदास, मनोज गुप्ता, सुनीता देवी, जेएमएम जिला सचिव जयनारायण महतो, पूर्व जिला उपाध्यक्ष लालजी प्रसाद, सोनाराम हेंब्रम, निर्मल महतो, शेर खान, भुनेश्वर महतो, प्रकाश कुमार, भरत रविदास सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**हजारीबाग** हजारीबाग की शान, कलाकारों की पहचान

# सिमरन रंगमंच के साथ-साथ सिविल सर्विस की कर रही तैयारी

प्रदीप पाठक

**हजारीबाग।** हजारीबाग की सिमरन को बचपन से ही गायकी का शौक था। शहर के मंडईकला गांव निवासी सिमरन कुमारी पढ़ाई के साथ साथ कम उम्र में ही अपनी पहचान गायकी, लेखन और पेंटिंग में बनायी है। इनकी आवाज श्रेया घोषाल, रेशमा और नेहा कक्कड़ सरीखे दिग्गज गायिकाओं से मिलती है। बचपन से ही संगीत में रुचि को देखते हुए पिता अनिल राणा और मां ममता देवी ने अपने बेटी को आगे बढ़ाने का काम किया। सिमरन हजारीबाग बोंगा जवाहर नवोदय विद्यालय से 12 वीं क्लास की पढ़ाई की एवं हजारीबाग आनंद कॉलेज से बी ए की पढ़ाई पूरा की। स्कूल एवं कॉलेज के संस्कृत कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती थी और कई प्राइज इसने अपने नाम किया। हजारीबाग के जाने माने जानू राज फिल्म एंड टीवी इंटरनेशनल के संस्थापक हंसराज लोहरा द्वारा 2012 में इनकी प्रतिभा को निखारने के लिए अपने संस्था में गुरु सुबोध दुबे द्वारा 2 साल तक उसे संगीत का निःशुल्क प्रशिक्षण दिलवाया गया। ये दोनों इसके प्रथम गुरु हैं। 2014 में स्वर भारतीय संगीत महाविद्यालय द्वारा आयोजित सुर संगम कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुर संगम में गायकी में उसका



जलवा देखकर ही स्वर भारतीय संगीत महाविद्यालय के निदेशक प्रतिभा नंदन ने इन्हें परखा और प्रयाग संगीत महाविद्यालय से संगीत में थर्ड ईयर की शिक्षा ग्रहण करवाया, जो इनके गुरु हैं। बचपन से ही सिमरन ने बहुत सारे कार्यक्रम किए। 2012 में संत रॉबर्ट बालिका मध्य उच्च विद्यालय ने संगीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

झारखंड- बिहार के नवोदय विद्यालय का वैशाली, बिहार में आहूत शास्त्रीय संगीत की राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में स्वरचित गीत कार्यक्रम में इन्होंने पेश किया, जिसमें प्रथम स्थान मिला। वहीं झारखंड राज्यस्तरीय गायिका में भी उसका चयन हुआ। 2016 में वन एवं पर्यावरण विभाग द्वारा आयोजित संगीत के कार्यक्रम में प्रथम स्थान, 2016 हजारीबाग आर्ट एंड कल्चरल एसोसिएशन के नगर भवन में आयोजित कलाकार उत्सव सम्मान समारोह में उत्कृष्ट गायन का पुरस्कार, 2016 में संत रॉबर्ट बालिका मध्य उच्च विद्यालय द्वारा एकल गायन प्रतियोगिता में एकल गायन में प्रथम स्थान, 2016 में इंडियन आइडियल में थर्ड राउंड और 2018 में इंडियन आईडियल में सेकेंड राउंड तक अपनी गायकी का सफर तय किया। 2022 में कोलकाता में आयोजित सारेगामापा के कार्यक्रम में भागीदारी निभाई
20-23 में हजारीबाग झारखंड म्यूजिक डांस अकादमी द्वारा हमार झारखंड कर झंकार गाने में स्वर एवं अभिनय किया, जिसकी लोगों ने बहुत सराहना की।

अटल संस्कृत मंच के द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों मे भागीदारी निभाई सिटी न्यूज चैनल के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में इनकी गायकी के लिए सम्मानित भी किया गया। वहीं शांति एवं सद्भावना पर स्वरचित अंतराष्ट्रीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में पूरे भारत में प्रथम स्थान प्राप्त कर लगातार उपलब्धियों की ओर है। वर्तमान में सिविल सर्विस की तैयारी कर रही है। अपने कामों से अपना नाम एवं हजारीबाग का नाम रौशन कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध वोटर कार्ड बनाता था आरोपी

**कोलकाता।** अवैध रूप से वोटर कार्ड बनाने के आरोप में पुलिस ने गुरुवार रात अशोकनगर के कछुआ निवासी एक युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार शख्स का नाम सौमेन रॉय है। पुलिस के मुताबिक, पांडा सौमेन भारतीय वोटर कार्ड बनाने और बेचने का सरगना है। पुलिस का दावा है कि वह बांग्लादेशियों को भारतीय वोटर कार्ड भी बेचता था` एक पुलिस अधिकारी के शब्दों में, भारतीय मतदाता कार्ड प्राप्त करने के लिए, किसी के पास अन्य पहचान दस्तावेज होने चाहिए। इन सभी की अलग-अलग स्तर पर जांच की जाती है। लेकिन सौमेन ने सब कुछ व्यवस्थित कर रहे थे।" पिछले सोमवार को पुलिस ने घुसपैठ के आरोप में हाबरा से मोहम्मद मतीउर रहमान उर्फ मतीन सरकार उर्फ मोहम्मद मतीन अली नाम के एक बांग्लादेशी को गिरफ्तार किया था` पुलिस ने उनके पास से भारतीय वोटर कार्ड बरामद किया है` पुलिस ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ के बाद उन्हें सौमेन का नाम पता चला` जांचकताओं के मुताबिक, सौमेन प्रत्येक कार्ड के लिए 5,000 रुपये या उससे अधिक लेता था। स्थानीय निवासियों का दावा है कि बांग्लादेशी भी सौमेन के पास आते थे।

### चन्द्रशेखर बावनकुले का विजन रामायण को नई पीढ़ी के लिए जीवंत बनाता है



**कोलकाता।** पिछले साल 22 जनवरी को राम मंदिर के उद्घाटन ने भारत के सांस्कृतिक गौरव के पुनरुत्थान का संकेत दिया, और रामायण सांस्कृतिक केंद्र इस भावना को और आगे बढ़ाता है। चंद्रशेखर बावनकुले का नेतृत्व इस पहल का केंद्र रहा है, जो यह सुनिश्चित करता है कि यह सांस्कृतिक पुनर्जागरण का केंद्र बने। अत्याधुनिक तकनीक और परंपरा के प्रति श्रद्धा के साथ, रामायण सांस्कृतिक केंद्र एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करता है। आगंतुक आधुनिक प्रदर्शनियों और कार्यशालाओं के माध्यम से रामायण की शिक्षाओं को गहराई से समझ सकते हैं, जिससे भारत की आध्यात्मिक जड़ों से उनका गहरा जुड़ाव होगा। इस केंद्र में इमर्सिव डिजिटल डिस्प्ले, ऐतिहासिक कलाकृतियां और शैक्षिक अनुसंधान के लिए स्थान हैं, जो इसे एक सांस्कृतिक एपीसेंटर बनाता हैं जो दुनिया भर से आगंतुकों को आकर्षित करता है।

### टीटागढ़ से युवक का शव बरामद

**कोलकाता।** शनिवार की सुबह टीटागढ़ के तालपुकुर इलाके में बीटी रोड के किनारे एक नाले से एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया गया` नगर निगम के सफाई कर्मचारी नाले की सफाई करने पहुंचे तो उन्हें शव मिला। उन्होंने स्थानीय पार्षद हरिराम चौधरी को सूचना दी। सूचना मिलने पर टीटागढ़ पुलिस मौके पर आई। शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### फिर से राज्य सरकार के एसआरडीए के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त अणुव्रत



**कोलकाता।** अणुव्रत मंडल फिर से राज्य सरकार की राज्य ग्रामीण विकास एजेंसी (एसआरडीए) के अध्यक्ष हैं। जिला तृणमूल सूत्रों ने बताया कि राज्य सरकार ने फैसले पर मुहर लगा दी है। हालांकि अणुव्रत को दो साल की जेल हुई, लेकिन किसी और को एसआरडीए का अध्यक्ष नियुक्त नहीं किया गया। जेल में लौटकर तृणमूल जिला अध्यक्ष फिलहाल अपने रौ में हैं। विभिन्न सरकारी समारोहों में भाग लेना। हालाँकि, इस बात पर विवाद था कि वह किसी आधिकारिक क्षमता में आधिकारिक समारोहों में भाग ले रहे थे। विवाद तब खत्म हुआ जब राज्य सरकार ने अणुव्रत को पद पर लौटा दिया। इस संदर्भ में अनुब्रत ने कहा, "मुझे नहीं पता कि मेरी अनुपस्थिति में उस पद पर कोई हो" मैं था, मैं हूं ।

### रेसकोर्स में युवक का शव, हत्या या आत्महत्या, जांच कर रही है पुलिस

**कोलकाता।** शनिवार की सुबह खास कोलकाता में एक युवक का शव बरामद किया गया। पुलिस ने रेस कोर्स इलाके से शव बरामद किया`यह हत्या है या आत्महत्या इसे लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है` प्रारंभिक धारणा यह है कि व्यक्ति ने आत्महत्या की है। घटना से इलाके में तीव्र उत्तेजना फैल गयी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मृतक का नाम समशाद है। क्षेत्र में अस्थायी कर्मचारी के रूप में काम कर रहे थे। शनिवार की सुबह स्थानीय लोगों ने उसका शव सड़क किनारे टीन शेड के एक हिस्से में लटका हुआ पाया गया। खबर थाना तक गयी। शव को बरामद कर अस्पताल भेजा दिया गया। सवाल यह उठता है कि अगर किसी व्यक्ति ने सड़क किनारे आत्महत्या करने की कोशिश की तो किसी ने देखा नहीं या फिर किसी ने उसकी हत्या कर शव लटका दिया ये सवाल भी उठा है। पुलिस की प्रारंभिक धारणा यह है कि समशाद ने आत्महत्या कर ली क्योंकि उसके पास लंबे समय से करने के लिए कोई काम नहीं था। स्थानीय लोगों के एक वर्ग ने यह भी अनुमान लगाया कि पैसे की कमी और कोई काम नहीं होने के कारण वह मानसिक रूप से टूट गया था। इसीलिए यह अतिवादी निर्णय। शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हालांकि इसे आत्महत्या माना जा रहा है, लेकिन पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

## दूसरे चरण की प्रगति यात्रा में नीतीश कुमार पहुंचे गोपालगंज

# जिले को दी 140 करोड़ की सौगात

● पंचायती राज, शिक्षा, मनरेगा व सड़क आदि विकास योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास भी किया

● सीएम की प्रगति यात्रा को लेकर जिले भर में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए थे



एजेंसी

**पटना।** दूसरे चरण की प्रगति यात्रा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को गोपालगंज पहुंचे। उन्होंने जिलेवासियों को विकास योजनाओं की सौगात दी। श्री कुमार कुल 01 अरब 39 करोड़ 02 लाख 75 हजार रुपए की योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। जिसमें कुल 71 करोड़ 69 लाख 08 हजार रुपए की 61 योजनाओं कर जिलेवासियों को सौगात दी। जबकि, 67 करोड़ 33 लाख 67 हजार रुपए की 11 योजनाओं का शिलान्यास कर नए वर्ष 2025 का तोहफा दिया।

इसमें सात निश्चय,पंचायती राज,शिक्षा,मनरेगा व सड़क आदि विकास योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास शामिल है। सीएम ने मुख्य रूप से सिधवलिया प्रखंड की करसघाट पंचायत के पकड़ी पोखरा टोला गांव जाकर ओपेन जिम, पौधरोपण व जल जीवन हरियाली कार्यक्रम का अवलोकन एवं पकड़ी पोखरा टोला के विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन किया। आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण और तालाब, सामुदायिक भवन, वर्कशेड आदि का अवलोकन किया।

उधर, सीएम की प्रगति यात्रा को लेकर जिले भर में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए थे। करीब 250 दंडाधिकारी और 05 हजार से अधिक पुलिस बल सुरक्षा व्यवस्था में तैनात किए गए थे। सिधवलिया, मीरगंज व जिला मुख्यालय में सुरक्षा के चाक-चौबंद प्रबंध किए गए थे। यहां दंडाधिकारी व पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गयी थी। जगह-जगह बैरिकेडिंग की गयी है और रास्ते डायवर्ट या वनवे किए गए थे। विशेष पुलिस बल और भारी संख्या में पुलिस अफसरों की तैनाती की गयी है। सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे और वीडियोग्राफर की तैनाती की गयी थी। नीतीश कुमार रविवार 5 जनवरी को मुजफ्फरपुर आ रहे हैं जहां 450 करोड़ के योजनाओं की सौगात जिला वासियों को देंगे। 6 जनवरी सोमवार को वे वैशाली जाएंगे। दोनों जिलों में पहले चरण में 27 और 28 दिसम्बर को प्रगति यात्रा होनी थी। लेकिन 26 दिसम्बर को पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के निधन के बाद सात दिनों के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई। इसी के तहत सीएम मुजफ्फरपुर और वैशाली नहीं जा पाए।

## बिहार-बंगाल का कुख्यात सुशील मोची पूर्णिया में पुलिस मुठभेड़ में ढेर



एजेंसी

**पटना।** बिहार में पूर्णिया जिले के ताराबाड़ी के समीप पुलिस मुठभेड़ में दो लाख के इनामी डकैत सुशील मोची को मार गिराया गया। पूर्णिया रेंज के डीआईजी प्रमोद कुमार मंडल ने इसकी पुष्टि की है। डीआईजी मंडल ने बताया कि पूर्णिया में बायसी के ताराबाड़ी के समीप पुलिस ने सुशील मोची को एनकाउंटर में मार गिराया। मारे गए डकैत सुशील मोची की तलाश बिहार पुलिस के साथ-साथ बंगाल पुलिस को भी थी। उस पर दो लाख रुपये का इनाम रखा गया था।

डीआईजी ने बताया कि बिहार के साथ-साथ पश्चिम बंगाल के विभिन्न थानों में उसके खिलाफ हत्या, लूट, डकैती के केस दर्ज थे। ऐसे में दोनों राज्यों की पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए अभियान चला रही थी। इसके बाद पूर्णिया पुलिस ने मुठभेड़ में उसे ढेर कर दिया।

इस बाबत पूर्णिया रेंज के डीआईजी प्रमोद कुमार मंडल ने बताया कि अपराधी के होने की सूचना पर पुलिस घेराबंदी कर रही थी। तभी अपराधी के द्वारा पुलिस पर फायरिंग की गई। इसी दौरान आत्मरक्षा में की गई फायरिंग में कुख्यात अपराधी को गोली लगी और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। पुलिस विधि संवत कार्रवाई कर रही है।

## पटना बेउर के जेल अधीक्षक के ठिकानों पर ईओयू की छापेमारी

**जेल अधीक्षक से जुड़ी संपत्तियों को लेकर ईओयू की टीम को कई महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले हैं**

एजेंसी

**पटना।** पटना स्थित बेउर जेल अधीक्षक विधु कुमार के ठिकानों पर आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने छापेमारी की है। आरोप है कि उन्होंने आय से 146 प्रतिशत अधिक संपत्ति अर्जित की है। जेल अधीक्षक से जुड़ी संपत्तियों को लेकर ईओयू की टीम को कई महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले हैं। विधु कुमार के पटना स्थित सरकारी आवास के अलावा उनके पैतृक गांव स्थित आवास पर भी आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने छापा मारा है।

बेऊर काराधीक्षक बनने के बाद और उससे पहले की उनकी कमाई और वेतन के साथ-साथ पूर्वजों की संपत्ति का भी मिलान किया जा रहा है। उन्होंने आय से काफी अधिक संपत्ति अर्जित की है। अधिकारियों ने उनकी संपत्तियों और वित्तीय लेनदेन की भी जांच की है।

बेऊर जेल अधीक्षक बनने से पहले विधु कुमार पूर्णिया, मधुबनी और कटिहार जेल में भी अधीक्षक के पद पर रह चुके है। उस दौरान भी उन पर कई गंभीर आरोप लगे थे।

आर्थिक अपराध इकाई ने छापेमारी को लेकर जो जानकारी साझा की है, उसके अनुसार 4 जनवरी को विधु कुमार के कई ठिकानों पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में छापेमारी की गई है। प्रारंभिक रूप से जांच के दौरान आय से 146 प्रतिशत अधिक संपत्ति अर्जित करने के साक्ष्य मिले हैं। इस संदर्भ में 3 जनवरी को ही आर्थिक अपराध थाना में बेऊर जेल अधीक्षक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई थी।

## वारंटियों को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला, दो पुलिसकर्मी घायल

एजेंसी

**पटना।** बिहार में दरभंगा शहर के लहेरियासराय अन्तर्गत सैदनगर-अभंडा में भीड़ ने शनिवार को दो वारंटियों को गिरफ्तार कर ले जा रही लहेरियासराय थाने की पुलिस पर जानलेवा कर दिया। इसमें दो सब-इंस्पेक्टर व एक सिपाही जख्मी हो गए। उन्हें दरभंगा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (डीएमसीएच) इमरजेंसी में ले जाया गया है।

पुलिस टीम कोर्ट के आदेश पर फरार आरोपित जितेंद्र कुमार यादव को गिरफ्तार करने पहुंची थी। जितेंद्र के खिलाफ वारंट और कुर्की की कार्रवाई का मामला दर्ज था। गिरफ्तार कर ले जारी आरोपितों के पक्ष में स्थानीय लोगों ने पुलिस पर जमकर पथराव किया। इस दौरान भीड़ ने एक पुलिस कर्मी से पिस्टल भी छीनने की कोशिश की।

जख्मी पुलिस कर्मी अमित कुमार ने कहा कि हम लोग दोनों वारंटियों को गिरफ्तार कर ले जा रहे थे। इस बीच कुछ महिला-पुरुष उन्हें ले जाने से रोकने लगे। हमने उन्हें सरकारी काम में बाधा डालने से मना किया। इसके बाद वहां भीड़ जुट गयी और पुलिस पर पथराव किया जाने लगा। इससे हम लोगों को चोट लगी।

घटना की जानकारी मिलते ही वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) जगनाथ रेड्डी जलारेड्डी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। एसएसपी ने बताया कि लहेरियासराय थाने की पुलिस ने समस्तीपुर फैमिली कोर्ट से निर्गत नोटिस के आधार पर दो वारंटियों को गिरफ्तार किया था। इसके विरोध में आरोपितों के परिजनों ने पुलिस पर हमला किया और मारपीट की। इसमें दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। उन्हें डीएमसीएच भेजा गया है। पथराव में पुलिस की दो गाड़ियां क्षतिग्रस्त हुई हैं। लोगों ने रोड पर टायर भी जलाए हैं। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उन लोगों की पहचान की जा रही है। एसएसपी ने बताया कि छोटे बच्चों को भी उकसाकर उनसे भी पथराव कराया गया है। उन्होंने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस की ओर से एक राउंड हवाई फायरिंग करने की भी बात कही। एसएसपी ने बताया कि इस मामले में दोनों वारंटियों समेत अन्य कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## भाजपा के नवनियुक्त नगर अध्यक्ष के सम्मान को लेकर समारोह आयोजित

एजेंसी

**भागलपुर।** जिले में सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ धाम के मारवाड़ी युवा मंच के प्रांगण में शनिवार को भाजपा के नवनियुक्त नगर अध्यक्ष डॉक्टर कुमारी अलका चौधरी के सम्मान को लेकर समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष कुमार साह, सुल्तानगंज के स्थानीय विधायक डॉक्टर प्रोफेसर ललित नारायण मंडल, भाजपा जिला महामंत्री योगेश पांडे, भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष उमाशंकर, जिला मंत्री राजेश टंडन, भाजपा चुनाव प्रभारी शशि शंकर राय, प्रदीप कुमार, वरिष्ठ कार्यकर्ता अरुण सिंह और विधानसभा संयोजक दिलीप शाह मुख्य रूप से मंच पर उपस्थित थे।



## सुदूर सुंदरवन क्षेत्र के पिछड़े इलाकों के छात्रों को भारत सेवाश्रम संघ ने पाठ्य सामग्री प्रदान की



संवाददाता

**कोलकाता।** नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत में, भारत सेवाश्रम संघ ने सुंदरबन के दूरस्थ और पिछड़े इलाकों के लगभग 42 स्कूलों के छात्रों को चौथी कक्षा तक के पाठ्यपुस्तकें और अन्य शैक्षणिक सामग्री निःशुल्क प्रदान की।

कोलकाता के बालीगंज में आयोजित इस कार्यक्रम में भारत सेवाश्रम संघ के प्रधान सचिव स्वामी विश्वात्मानंद महाराज ने इन सामग्रियों को स्कूलों तक पहुंचाते हुए कहा कि वे शिक्षा के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास के लिए भी निरंतर कार्य कर रहे हैं। संघ विज्ञान आधारित पशु संसाधन विकास, मछली पालन, और अन्य गतिविधियों के माध्यम से स्थानीय लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण भी प्रदान कर रहा है। साथ ही, निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। गंगासागर, बसंती, गोसाबा, कुलपी, मंदिर बाजार, और कुलतली के मयपीठ जैसे क्षेत्रों में जरूरतमंद छात्रों के लिए यह सहायता उपलब्ध कराई गई है। इस कार्यक्रम में संबंधित स्कूलों के शिक्षक और शिक्षिकाएं भी उपस्थित थीं। इसके अतिरिक्त, स्वैच्छिक संस्था जय फाउंडेशन ने भी इस पहल में अपना योगदान दिया। संस्था की ओर से उत्पल धर इस कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## मालदा में तृणमूल नेता की हत्या के आरोप में २ और गिरफ्तार, हत्या का मकसद अब भी अज्ञात

संवाददाता



**कोलकाता।** इंग्रेजबाजार के पार्षद की हत्या के मामले में पुलिस ने 2 और को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभिजीत घोष और अमित रजक हैं। ये दोनों इंग्रेजबाजार के रहने वाले हैं। गिरफ्तार अभिजीत घोड़ापीर के घोसपारा का रहने वाला है। अमित झलझलिया स्थित रेलवे कॉलोनी का रहने वाला है। इस घटना में अब तक कुल 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि, दो दिन बीत जाने के बाद भी पार्षद की हत्या के पीछे का मकसद स्पष्ट नहीं हो सका है। पिछले 2 जनवरी को मालदा के इंग्रेजबाजार नगर पालिका के तृणमूल पार्षद दुलाल उर्फ बबला सरकार अपनी फैक्ट्री जा रहे थे` वह पाइप लाइन जंक्शन पर अपनी निजी कार से उतरे। आरोप है कि उसी वक्त एक बाइक पर सवार चार बदमाशों ने पार्षद का पीछा किया। कार से उतरते ही पार्षद अपनी फैक्ट्री के सामने एक दुकान की ओर भागे। खुद का जान बचने का प्रयास किये। बदमाश दुकान में भी घुस गए। पार्षद पर 4 राउंड फायरिंग की गई । अस्पताल ले जाने के बाद पार्षद की मौत हो गई। इस घटना पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जिला पुलिस अधीक्षक को कड़ी फटकार लगायी ।

पार्षद की हत्या क्यों की गयी, यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। इंग्रेजबाजार थाने के एक सूत्र के मुताबिक, जांच अधिकारियों को शुरूआती तौर पर लगता है कि बबला सरकार की हत्या जमीन संबंधी मामले में हुई होगी। पुलिस उसी आधार पर आगे बढ़ रही है। जांचकर्ता राजनीतिक दुश्मनी के मुद्दों से भी इनकार करने में अनिच्छुक हैं। इस बीच, विहार-योग सिद्धांत गति पकड़ रहा है। पुलिस के मुताबिक, मोटी रकम के बदले सुपारी किलरों को बिहार से हायर किया गया था। हत्या के आरोपित बिहार के दो बदमाशों समेत कुल तीन लोगों की गिरफ्तारी के मामले से यह स्पष्ट हो गया है।

पुलिस ने गुरुवार दोपहर हत्या के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है` इनमें से एक बिहार का रहने वाला है ।इंग्रेजबाजार गबगाछी जादूपुर का रहनेवाला है` एक अन्य व्यक्ति को पुलिस ने हरिश्चंद्रपुर से सटे बिहार सीमा क्षेत्र से गिरफ्तार किया है ।

**समिट** 9वां ईस्टर्न इंडिया माइक्रोफाइनेंस समिट-2025 दस जनवरी को किया जाएगा आयोजित

# अवसरों की पहचान करने का अवसर भी प्रदान करेगा समिट

संवाददाता



**कोलकाता ।** एसोसिएशन ऑफ माइक्रोफाइनेंस इंस्टीट्यूशंस - पश्चिम बंगाल (एएमएफआई-डब्ल्यूबी) एम2आई, इक्विफैक्स, एमएफआईएन और सा-धन के सहयोग से ईस्टर्न इंडिया माइक्रोफाइनेंस समिट 2025 के 9वें संस्करण का आयोजन करेगा। इस वर्ष माइक्रोफाइनेंस समिट का विषय है 'माइक्रोफाइनेंस - महिला उद्यमिता और वित्तीय सशक्तिकरण के माध्यम से 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर'। 9वां ईस्टर्न इंडिया माइक्रोफाइनेंस समिट 2025 10 जनवरी 2025 को सुबह 9 बजे से विश्व बांग्ला कन्वेंशन सेंटर, हिडको, न्यू टाउन, कोलकाता में आयोजित किया जाएगा। 9वां ईस्टर्न इंडिया माइक्रोफाइनेंस समिट विभिन्न क्षेत्रों- बैंकिंग, माइक्रोफाइनेंस, निवेशक, बीमा, फिनटेक और स्वास्थ्य सेवाओं- के व्यवसायियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रस्तुत करेगा। यह समिट हितधारकों को अंतर्दृष्टि साझा करने और 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के व्यापक लक्ष्य की दिशा में योगदान करने के लिए रणनीतियों पर सहयोग करने का अवसर प्रदान करेगा, जिसमें इस परिवर्तन के चालकों के रूप में महिला उद्यमिता और वित्तीय सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके अलावा, साझेदारी के लिए आम अवसरों की पहचान करने का अवसर भी प्रदान करेगा।

माइक्रोफाइनेंस को व्यापक रूप से एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में मान्यता प्राप्त है, जो सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में योगदान देता है और उन्हें आगे बढ़ाता है। इसकी बहुआयामी भूमिकाओं में सतत विकास को बढ़ावा देने में सहायक कुछ प्रमुख पहलू शामिल हैं। वित्तीय समावेशन के माध्यम से, माइक्रोफाइनेंस पूंजी तक पहुंच का लोकतंत्रीकरण करता है, पिछड़े वर्ग में रहने वाले समुदायों को सशक्त बनाता है और आर्थिक भागीदारी को बढ़ाता है। यह गरीबी उन्मूलन में योगदान देता है, उद्यमिता और रोजगार सृजन के लिए अवसर प्रदान करता है।

माइक्रोफाइनेंस महिलाओं को वित्तीय सेवाओं तक पहुंच प्रदान करके लैंगिक समानता को भी बढ़ावा देता है। परिवर्तन के उत्प्रेरक के रूप में, माइक्रोफाइनेंस वित्तीय सशक्तिकरण को सामाजिक सशक्तिकरण के साथ जोड़ता है, जिससे अधिक समावेशी और टिकाऊ भविष्य की ओर मार्ग प्रशस्त होता है। इस वर्ष के सत्र में एमएफआई प्रैक्टिशनर्स, नियामकों और फंडर्स के भाग लेने की उम्मीद है, ताकि इस क्षेत्र के सामने आने वाले सबसे प्रासंगिक मुद्दों पर चर्चा की जा सके।

2027 तक 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था हासिल करने के भारत के महत्वाकांक्षी लक्ष्य में इसके तीन व्यापक क्षेत्रोंः सेवा, विनिर्माण और कृषि के योगदान पर विशेष जोर दिया गया है। लक्षित जीडीपी में, सेवा क्षेत्र से 3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का योगदान मिलने की उम्मीद है, जबकि विनिर्माण और कृषि क्षेत्रों से सामूहिक रूप से 2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का योगदान मिलने का अनुमान है। माइक्रोफाइनेंस और अन्य विनियमित वित्तीय संस्थाएं इन क्षेत्रों, विशेष रूप से विनिर्माण और कृषि की वित्तीय आवश्यकताओं को समर्थन देकर इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं, जिसमें उद्यमियों के रूप में महिलाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## पासपोर्ट धोखाधड़ी मामले में पूर्व वेरिफिकेशन अधिकारी गिरफ्तार




**कोलकाता ।** पासपोर्ट फजीर्वाड़ा मामले में एक पूर्व एसआई गिरफ्तार। पुलिस की खुफिया विभाग ने शुक्रवार की रात छापेमारी कर हाबरा के अशोकनगर से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया ।इसके साथ ही गिरफ्तारियों की संख्या बढ़कर 9 हो गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी को शनिवार को अलीपुर कोर्ट में पेश किया गया।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक गिरफ्तार शख्स का नाम अब्दुल हाई है । उम्र 61 साल। वह हाल ही में एसआई पद से सेवानिवृत्त लिए थे। अब्दुल कोलकाता पुलिस के सुरक्षा नियंत्रण संगठन से जुड़े थे। 150 फर्जी पासपोर्ट के मामले में 52 जांच अधिकारी आरोपी थे। इस वजह से वह आसपास के कई लोगों को जानता था। कथित तौर पर वह उनके संपर्क में रहकर पासपोर्ट फजीर्वाड़े में मदद करता था` वह प्रति पासपोर्ट 25 हजार लेता था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, धृत अब्दुल पासपोर्ट मामले के आरोपी समरेश से जुड़ा था। वैसे बेहाला में ट्रैवल एजेंसियों की आड़ में फर्जी पासपोर्ट बनाए जा रहे हैं और मोटी रकम लेकर फर्जी आधार का धंधा भी चल रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### नगर निगम कर्मी संघ के अध्यक्ष का चुनाव 109 मतों से विष्णु राम चंद्रवंशी जीते



**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर नगर निगम कर्मी संघ का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद के चुनाव में 109 मत से नगर निगम के कर्मी विष्णु राम चन्द्रवंशी जीते। संतोष कुमार दूसरे स्थान पर रहे। मौके पर विष्णु राम चन्द्रवंशी ने कहा कि उनकी जीत नगर निगम की कर्मियों की जीत है। वे कर्मियों के हर सुख दुख मे उनका साथ देंगे।

### कोलकाता में 'खेलो इंडिया खेलो' प्रतियोगिता में संत मरियम के खिलाड़ी चयनित




**मेदिनीनगर।** संत मरियम विद्यालय के 6 कराटे खिलाड़ियों का चयन कोलकाता में आयोजित होने वाली तृतीय 'खेलो इंडिया खेलो ओपन नेशनल कराटे चैंपियनशिप' में हुआ है। यह चैंपियनशिप 5 जनवरी को हावड़ा स्थित वेल्स ग्लोबल स्कूल में आयोजित की जाएगी। चयनित खिलाड़ियों में रितू राज, अभिषेक कुमार सिंह, रितिक कुमार सिंह, शुभम कुमार सिंह, युवराज कोरवा और गौरव कुमार सिंह शामिल हैं। संत मरियम विद्यालय के छात्र शिहान संतोष कुमार के नेतृत्व में 4 जनवरी को कोलकाता के लिए रवाना होंगे। इसके साथ ही, टीम मैनेजर अमित कुमार प्रजापति को नियुक्त किया गया है। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने खिलाड़ियों को तिलक कर और पुष्प वर्षा के साथ कोलकाता भेजा। यह आयोजन भारतीय कराटे संघ और शितो-रियु कराटे डू फेडरेशन के तत्वावधान में किया जा रहा है। चयनित खिलाड़ियों का यह टीम प्रतियोगिता में भाग लेने कोलकाता जा रही है, जहां वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। यह उनके कराटे के सफर में एक महत्वपूर्ण मोड़ है और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने का एक शानदार अवसर मिलेगा।

### स्वर्गीय अनिल चौरसिया राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



**मेदिनीनगर।** दिनकर स्पॉटिंग क्लब लोकया के तत्वावधान में स्वर्गीय अनिल चौरसिया राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 5 जनवरी से 11 जनवरी तक किया जाएगा। यह टूर्नामेंट डालटनगंज के भंडारिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया द्वारा उद्घाटित किया जाएगा, जो 5 जनवरी को दोपहर 2:00 बजे आयोजन स्थल पर होंगे। आलोक चौरसिया ने कहा कि उनके पिता स्वर्गीय अनिल चौरसिया ने हमेशा इस मैदान पर जिला और राज्य स्तर के फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित किए थे। उनकी सोच और विरासत को आगे बढ़ाते हुए हर साल यह टूर्नामेंट आयोजित किया जाता है, ताकि युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित किया जा सके। इस टूर्नामेंट में बक्सर, कोलकाता, मुगलसराय, पलामू, छत्तीसगढ़, सोनभद्र, बोकारो, जबलपुर और अन्य क्षेत्रों की टीमें हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट में कुल चार टीम सेमीफाइनल तक पहुंचेंगी, जबकि दो टीमें फाइनल मुकाबले के लिए निर्धारित की जाएंगी। फाइनल मैच 11 जनवरी को खेला जाएगा। आलोक चौरसिया ने क्षेत्रवासियों और खेल प्रेमियों से अनुरोध किया कि वे इस टूनामेंट में भाग लें और इसे सफल बनाने में अपना योगदान दें। मौके पर जिले के पार्षद राम लव चौरसिया, भीष्म चौरसिया, ज्ञान धन चौरसिया, आशीष चौरसिया, रमकरेश प्रसाद, मुखिया पति सुनील प्रसाद, व्यास राम चौरसिया, कमल किशोर चौरसिया, रामकृष्ण चौरसिया और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### दूरदर्शन ने कौवाखोह तथा खड़गपुर गांव में गांव यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया



**हरिहरगंज।** हरिहरगंज प्रखंड के दो महत्वपूर्ण गांवों, कौवाखोह और खड़गपुर में शनिवार को दूरदर्शन चैनल द्वारा जागरूकता के उद्देश्य से एक विशेष गांव यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और उनके लाभ के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान, ग्रामीणों से स्ट्रॉबेरी और अन्य कृषि फसलों की उपज, उनकी बिक्री, और इससे होने वाली आमदनी की जानकारी ली गई। इसके अतिरिक्त, स्वास्थ्य, शिक्षा, और चिकित्सा से जुड़ी सरकारी योजनाओं का विवरण भी दूरदर्शन चैनल द्वारा एक कथा के रूप में प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी पारितोष प्रियदर्शी, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर प्रणव कुमार, खड़गपुर पंचायत की मुखिया काजल कुमारी, और समाजसेवी सत्येंद्र मेहता सहित अन्य सम्मानित व्यक्तियों के साथ-साथ ग्रामीण भी उपस्थित रहे। दूरदर्शन चैनल के कर्मियों ने इस कार्यक्रम को व्यापक रूप से कवर किया, ताकि ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं का सही लाभ मिल सके।

# डीडीसी ने आवास योजना और मनरेगा के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा की

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने बुधवार को डीआरडीए सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। जिसमें मनरेगा और आवास योजना के तहत हो रहे कार्यों की गहरी समीक्षा की गई।

इस बैठक में उन्होंने विशेष रूप से वित्त वर्ष 2021-22 और उससे पहले की लंबित योजनाओं पर चर्चा की, जिनकी संख्या 17,263 थी। उन्होंने संबंधित बीडीओ को एक सप्ताह के भीतर इन योजनाओं को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया।

समीक्षा के दौरान, यह पाया गया कि विभिन्न प्रखंडों में मानव दिवस सृजन का प्रदर्शन अपेक्षित स्तर से कम था। उदाहरण स्वरूप, प्रखंड मेदिनीनगर ने 37.27%, पाटन ने 43.39%, हुसैनाबाद ने 46.01%, बिश्रामपुर ने 46.51%, और पांकी ने 49.95% तक ही लक्ष्य पूरा किया था। इस पर उन्होंने अप्रसन्नता जाहिर करते हुए पंचायत वार समीक्षा करने का आदेश दिया। उन्होंने सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली पंचायतों को चिन्हित कर



कारण बताओ नोटिस जारी करने, मानदेय में कटौती करने और कार्य मुक्त करने की अनुशंसा की।

इसके अलावा, उप विकास आयुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को शत-प्रतिशत आधार सीडिंग, जॉब कार्ड वेरिफिकेशन, और जियो टैगिंग सुनिश्चित करने का आदेश दिया।

आवास योजनाओं की समीक्षा के दौरान, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, अबुआ आवास योजना, पीएम जनमन आवास, और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना और पीएम जनमन आवास के तहत स्वीकृति और पहली किस्त के लिए एक सप्ताह के भीतर विशेष कैंप आयोजित कर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, अबुआ आवास योजना के तहत प्लिंथ और लिंटल के स्तर तक पूर्ण हुए आवासों में लंबित दूसरी और तीसरी किस्तों का प्रस्ताव शीघ्र प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सभी आवास के लाभार्थियों को मनरेगा के माध्यम से अनिवार्य रूप से मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित किया जाय। इस बैठक में विभिन्न प्रखंड विकास पदाधिकारी और प्रखंड समन्वयक भी उपस्थित थे।

## जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान मार्च का आयोजन छह से

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने स्थानीय कांग्रेस भवन के सभागार में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में आगामी 6 जनवरी से 'जय बापू जय भीम जय संविधान अभियान मार्च' के शुभारंभ की जानकारी दी। यह अभियान पांकी विधानसभा के मनातू प्रखंड से शुरू होकर पूरे पलामू जिले के 21 प्रखंडों में 26 जनवरी 2025 तक आयोजित किया जाएगा। इस अभियान के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता और नेता संविधान, महात्मा गांधी और डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान को जनता के बीच पहुंचाने का कार्य करेंगे।



उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से यह बताने की कोशिश की जाएगी कि वर्तमान सरकार और भारतीय जनता पार्टी तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ किस प्रकार भारतीय संविधान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा संविधान निमार्ता डॉ० भीमराव अंबेडकर का अपमान कर रहे हैं। जिला अध्यक्ष ने यह भी कहा कि यह तीनों महापुरुषों के योगदान के बिना भारत के भविष्य की कल्पना करना भी बेमानी होगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए प्रत्येक प्रखंड के संयोजक और प्रखंड कार्यक्रम प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। पत्रकार सम्मेलन में जिला कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं विमला कुमारी, सत्यानंद दुबे, समीम अहमद, राइन ईश्वरी प्रसाद सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, शंकर पांडे, जितेंद्र कमलापुरी और अन्य लोग उपस्थित थे।

## अपर लोक अभियोजक मनोज कुमार सिंह को सेवानिवृत्ति के उपरांत विदाई

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सिविल कोर्ट पलामू के अपर लोक अभियोजक मनोज कुमार सिंह को सेवानिवृत्त होने के बाद शनिवार को एक विदाई समारोह में सम्मानित किया गया। 31 दिसंबर को अपनी सेवाओं से सेवानिवृत्त होने वाले मनोज कुमार सिंह का सम्मान अभियोजन कार्यालय द्वारा आयोजित समारोह में किया गया। इस अवसर पर लोक अभियोजक राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि मनोज कुमार सिंह एक ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी थे, जिन्होंने हमेशा निष्पक्षता और निष्ठा से कार्य किया। उन्होंने अपने कार्यकाल में कई मामलों में दोषियों को सजा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और न्याय व्यवस्था को मजबूती दी। लोक अभियोजक ने कहा कि सरकारी नौकरी में सेवानिवृत्ति एक



सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन मनोज कुमार सिंह के योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। मनोज कुमार सिंह ने अपने कार्यकाल के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि उन्हें पलामू न्याय मंडल में काम करने का अवसर प्राप्त होना उनके करियर का सबसे बेहतरीन समय रहा। उन्होंने कहा कि यहां के बार और बेंच का रिश्ता अत्यंत मधुर था और कार्य के दौरान उन्हें सभी से भरपूर सहयोग मिला। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी व्यक्ति को अपने कार्य में ईमानदारी और निष्ठा से काम करना चाहिए, क्योंकि सेवानिवृत्ति एक निश्चित तिथि पर होती है, लेकिन सही कार्य का मार्ग हमेशा जिंदा रहता है। इस विदाई समारोह में अपर लोक अभियोजक पुष्पा सिन्हा, प्रवीण कुमार सिंह, सहायक लोक अभियोजक दिलीप सिंह, उस्मान गनी, जगरनाथ, शैलेश रंजन और अन्य कई लोग उपस्थित थे। सभी ने मनोज कुमार सिंह को पुष्प माला पहनाकर और गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## नगर पंचायत प्रशासन ने वार्ड 15 और 16 में जरूरतमंदों के बीच 300 कंबल वितरण किए

संवाददाता

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज नगर पंचायत प्रशासन ने शनिवार को अपने वार्ड 15 और 16 में ठंड के मौसम को देखते हुए 300 कंबल का वितरण किया। इन कंबल को प्राप्त करने के बाद महिला, पुरुष और वृद्धों के चेहरे पर खुशी साफ देखी गई। सिटी मैनेजर नजीबुल्लाह अंसारी ने इस वितरण के बारे में बताते हुए कहा कि ठंड में कोई भी जरूरतमंद कंबल से वंचित न रहे, इसलिए नगर प्रशासन की ओर से यह कंबल



वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से हरिहरगंज नगर पंचायत कार्यालय को लगभग 2300 कंबल उपलब्ध कराए गए थे, जिन्हें पूरे नगर पंचायत क्षेत्र में जरूरतमंदों के बीच वितरित किया जा रहा है।

इस कंबल वितरण कार्यक्रम में सीओ बिचित्रा कुमारी, जीई कुलदीप कुमार, सुबोध कुमार, और अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। साथ ही, मोहल्लेवासियों ने भी इस पहल की सराहना की और इसे एक महत्वपूर्ण कदम बताया जो ठंड के मौसम में जरूरतमंदों को राहत प्रदान करेगा।

## गढ़वा के जंगलों में बाघ की दस्तक, वन विभाग अलर्ट



संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के दक्षिणी वन क्षेत्र में भंडारिया के रोदो गांव के ठेकही टोला में गुरुवार रात बाघ के हमले की आशंका से इलाके में दहशत फैल गई है।

घटना के दौरान इंद्रदेव यादव की भैंस जंगल में चर रही थी, तभी उस पर बाघ के हमले की बात सामने आई। हमले में भैंस की मौत हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि जिस तरह से बलशाली भैंस पर हमला हुआ है, उससे बाघ की मौजूदगी की आशंका मजबूत हो रही है। दक्षिणी वन क्षेत्र गढ़वा के डीएफओ इबिनी अब्राहम ने बताया कि भैंस पर हमला करने वाला जानवर संभवतः बाघ हो सकता है। हालांकि अब तक कैमरा ट्रैप में बाघ की तस्वीर या उसके पगमार्क नहीं मिले हैं, लेकिन हमले का तरीका बाघ जैसा प्रतीत हो रहा है। वन विभाग ने इलाके के लोगों को

### बाघ के हमले की आशंका से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त

सतर्क रहने की सलाह दी है और टीम हमलावर जानवर का पता लगाने में जुटी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, भैंस पर हमला जिस तरह से हुआ, वह बाघ की मौजूदगी का संकेत देता है। हालांकि गढ़वा जिले में बाघ पिछले कई वर्षों से नहीं देखा गया है, लेकिन बेतला नेशनल पार्क की नजदीकी के कारण बाघ के होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। वन विभाग की टीम स्थिति पर नजर रखे हुए है और जांच के बाद ही स्पष्ट जानकारी दी जाएगी।वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे जंगल में अकेले न जाएं और रात के समय पालतू जानवरों को सुरक्षित स्थान पर रखें।

## विराट शिव गुरु महोत्सव 14 को, शिव शिष्य परिवार ने किया नगर भ्रमण

**मेदिनीनगर।** पलामू हरिहरगंज स्थानीय सीएचसी के नए भवन के पीछे बटाने नदी के तट पर आगामी 14 जनवरी को विराट शिव गुरु महोत्सव का आयोजन किया गया है। इसे लेकर शिव शिष्य परिवार ने भजन कीर्तन करते हुए शुक्रवार को नगर भ्रमण किया। साथ ही लोगों को उक्त महोत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया।



महाराजगंज ठाकुरबाड़ी से शुरू होकर भ्रमण यात्रा हरिहरगंज दुर्गा मंदिर, मुख्य बाजार, मेन रोड, अररुआ सहित कई स्थानों का भ्रमण किया। इस संबंध में सत्यनारायण शौंडिक सहित कई शिव शिष्यों ने बताया कि इस महोत्सव में शिव शिष्या दीदी बरखा आनंद जी के द्वारा शिव शिष्य हरिद्रानंद जी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। नगर भ्रमण में बड़ी संख्या में भजन कीर्तन करते महिला पुरुष शिव शिष्य शामिल थे।

## पर्यावरण धर्म के तहत डॉ. कौशल किशोर ने मृतक को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अनाथ बच्चों को गोद लिया

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले के छतरपुर अनुमंडल में चिरू और चराई पंचायत के दो महत्वपूर्ण श्राद्धकर्मों में पर्यावरण धर्मगुरु और वनराखी मूवमेंट के प्रणेता, डॉ० कौशल किशोर जायसवाल और उनके पुत्र, छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने शामिल होकर विशेष पहल की। डॉ. कौशल और उनके पुत्र ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम और कटहल के पौधे लगाए।

उन्होंने इस अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि श्राद्ध में किए गए पौधारोपण से मृतक की आत्मा को शांति मिलती है। डॉ० कौशल ने लोगों से



पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों का पालन करने की अपील की और साथ ही सभी को पौधरोपण की शपथ भी दिलाई। इस दौरान, डॉ० कौशल को जानकारी मिली कि स्व० बिहारी राम की धर्मपत्नी लक्ष्मी देवी तीन वर्ष पहले दमा रोग के कारण निधन हो गई थीं और अब उनके दो छोटे बच्चे, सात वर्षीय रेशमा और आठ वर्षीय सत्यम अनाथ हो गए हैं। यह देखकर डॉ० कौशल और उनके पुत्र अमित कुमार जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के दूसरे मूल मंत्र के तहत बच्चों की शिक्षा और उनके भविष्य की जिम्मेदारी उठाने का संकल्प लिया।

डॉ० कौशल ने इस अवसर पर कहा कि गरीब और असहाय लोग भगवान का रूप होते हैं और उनकी सेवा ही सच्ची पूजा है। उन्होंने बताया कि पर्यावरण धर्म का मुख्य उद्देश्य वनों, पौधों, अनाथ बच्चों और गरीबों की रक्षा करना है।

इस पहल के तहत उन्होंने अनाथ बच्चों की देखभाल और उनके भविष्य की सुरक्षा का संकल्प लिया और उनका मार्गदर्शन करने का वचन दिया। समारोह में मृतक बिहारी राम के परिवार के सदस्य, उनके पिता रामनाथ राम, भाई अजय राम, शंकर राम, उमेश राम सहित अन्य परिवारजन और चिरू पंचायत के टोला हेनहे में स्व. बुधन यादव के परिजनों ने भी भाग लिया। इस नेक कार्य में डॉ० कौशल के साथ उनके समर्थक और पर्यावरण धर्म के अनुयायी उपस्थित थे। सभी ने पर्यावरण धर्म को अपनाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लिया।

**उर्दू बालिका उच्च विद्यालय, डालटनगंज, पलामू**

**स्थापना अनुमति प्राप्त अनुदानित विद्यालय। 2970/73 दिनांक- 07.03.1980**

**आवश्यकता**

| | | |
|---|---|---|
| भाषा समूह | - | 03 पद (महिला) (उर्दू -01, हिंदी - 01, अंग्रेजी - 01) |
| विज्ञान समूह | - | 02 पद (महिला) (भौतिक/रासायन- 01, जीव विज्ञान - 01) |
| सामाजिक विज्ञान | - | 02 (महिला) (नागरिक/अर्थशास्त्र - 01, भुगोल - 01) |
| कंप्यूटर अनुदेशक | - | 01 (महिला/पुरुष) |
| आदेशपाल | - | 02 पद (महिला/पुरुष -01) |

**योग्यता एंव आहर्ताएं**

1. शिक्षक पद के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक एवं बी.एड होना अनिवार्य है एवं उर्दू भाषा की जानकारी आवश्य है।
2. कंप्यूटर अनुदेशक के लिए कंप्यूटर साइंस में डिग्री या डिपलोमा एवं स्नातक होना अनिवार्य है। साथ ही उर्दू भाषा का ज्ञान होना चाहिए।
3. आदेशपाल के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मेट्रिक पास होना चाहिए।

ह./-
प्रधानाध्यापक
उर्दू बालिका उच्च विद्यालय,
डालटनगंज, पलामू

## संक्षिप्त खबरें

### लीजेंड 90 लीग : हरियाणा ग्लेडिएटर्स में शामिल हुए हरभजन सिंह



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह फरवरी से शुरू हो रहे लीजेंड 90 लीग में हरियाणा ग्लेडिएटर्स की तरफ से जादू बिखेरते नजर आएंगे। 103 टेस्ट और 236 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल चुके हरभजन का अनुभव निश्चित तौर पर ग्लेडिएटर्स के बहुत काम आने वाला है। इसके अलावा टीम में पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बेन डंक, श्रीलंकाई ऑलराउंडर असेला गुणरत्ने और गेंदबाज पवन सुयाल, अनुरीत सिंह और प्रवीण गुप्ता को भी शामिल किया गया है। हरियाणा ग्लेडिएटर्स का स्वामित्व रियल स्टेट की अग्रणी फर्म शुभ इंफ्रा के पास है। टीम के बारे में शुभ इंफ्रा के निदेशक हरीश गर्ग ने एक बयान में कहा कि हरियाणा ग्लेडिएटर्स साहस, दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता के मूल्यों पर बनी है। हम पूरी तरह से आश्वस्त हैं कि हरभजन सिंह जैसे अनुभवी खिलाड़ी के नेतृत्व में हमारी टीम सफलता के नए आयाम स्थापित करेगी।

### फरवरी में सभी प्रारूपों की श्रृंखला के लिए आयरलैंड की मेजबानी करेगा जिम्बाब्वे



**बुलावायो।** जिम्बाब्वे फरवरी में आयरलैंड की मेजबानी करेगा, जिसमें सात मैचों का ऑल-फॉर्मेट दौरा शामिल है। यह दौरा 6 से 10 फरवरी तक बुलावायो में एकमात्र टेस्ट मैच के साथ शुरू होगा, उसके बाद हरारे में व्हाइट-बॉल लेग खेला जाएगा। टीमें 14, 16 और 18 फरवरी को तीन वनडे और 22, 23 और 25 फरवरी को इतने ही टी20 मैच खेलेंगी। मूल रूप से, इस श्रृंखला को आईसीसी पुरुष भविष्य के दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) में छह व्हाइट-बॉल खेलों के साथ दो टेस्ट के लिए चुना गया था। जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को उक्त घोषणा की। जिम्बाब्वे वर्तमान में अफगानिस्तान के खिलाफ अपने बहु-प्रारूप घरेलू श्रृंखला के अंतिम चरण में है, जहां उन्होंने क्रमशः टी20आई और वनडे सीरीज 2-1 और 2-0 से गंवा दी और उच्च स्कोरिंग, बारिश से प्रभावित पहले टेस्ट में ड्रॉ हासिल किया। यह दौरा 6 जनवरी को चल रहे दूसरे टेस्ट के साथ समाप्त होगा। जिम्बाब्वे क्रिकेट के प्रबंध निदेशक गिवमोर मकोनी ने बैक-टू-बैक पूर्ण दौरों की मेजबानी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा हम आयरलैंड का स्वागत करते हुए बहुत खुश हैं, जो एक रोमांचक और प्रतिस्पर्धी दौरा होने का वादा करता है।

### जसप्रीत बुमराह की पीठ में ऐंठन, सिडनी टेस्ट के दूसरे दिन स्कैन के बाद स्टेडियम लौटे



**सिडनी।** भारतीय कप्तान और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को सिडनी टेस्ट के दूसरे दिन लंच के बाद के सत्र में पीठ की चोट के कारण मैदान से जल्दी बाहर जाना पड़ा। बुमराह को स्कैन करवाने के लिए स्टेडियम परिसर से बाहर जाते हुए देखा गया, बाद में वह अंतिम सत्र में ड्रेसिंग रूम में वापस लौट आए। दिन के खेल के अंत में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में, प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा कि बुमराह की पीठ में ऐंठन थी। बुमराह ने दूसरे दिन सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर आठ ओवर फेंके और मार्नस लाबुशेन का विकेट लिया, लेकिन लंच के बाद के सत्र की शुरूआत में एक ओवर के बाद मैदान से बाहर चले गए। बुमराह अब तक बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में पांच टेस्ट मैचों में 151.2 ओवर फेंके हैं, जबकि उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पैट कमिंस ने उनसे अधिक (152 ओवर) गेंदबाजी की है। बुमराह की मेहनत ने उन्हें सीरीज में 13.06 की औसत से 32 विकेट दिलाए हैं, लेकिन टीम संयोजन और अन्य जगहों पर क्षमता की कमी के कारण उनके कार्यभार ने उन्हें अधिक गेंदबाजी करने के लिए मजबूर कर दिया है।

# सिडनी टेस्ट: भारत ने 141 रन पर खोए 6 विकेट, पंत का अर्धशतक

**सिडनी। एजेंसी**

भारत ने यहां शनिवार को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल खत्म होने पर अपनी दूसरी पारी में 6 विकेट पर 141 रन बना लिए हैं। रवींद्र जडेजा 8 और वाशिंगटन सुंदर 6 रन बनाकर नाबाद हैं। भारत ने अपनी पहली पारी में 185 रन बनाए थे, जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 181 रनों पर सिमट गई और भारत को पहली पारी के आधार पर 4 रनों की बढ़त हासिल हुई। दूसरी पारी में भारत को यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने सधी शुरूआत दिलाई। यशस्वी जायसवाल ने मिचेल स्टार्क को पहले ही ओवर में 4 चौके जड़ दिये। दोनों ने पहले विकेट के लिए 42 रन जोड़े। इसी स्कोर पर बोलैंड ने केएल राहुल (13) को बोल्ड कर भारत को पहला झटका दिया। राहुल के आउट होने के बाद जायसवाल भी चलते बने। 47 के कुल स्कोर पर बोलैंड ने





● भारतीय टीम की कुल बढ़त 145 रन की हुई

उन्हें बोल्ड कर दिया। विराट कोहली एक बार फिर असफल रहे और 59 के कुल स्कोर पर केवल 6 रन बनाकर बोलैंड का तीसरा शिकार बने। 78 के कुल स्कोर पर शुभमन गिल वेबस्टर को बड़ा शॉट लगाने के चक्कर में एलेक्स कैरी को कैच थमा बैठे। 124 के कुल स्कोर पर पैट कमिंस ने पंत की इस आतिशी पारी का अंत किया। पंत ने केवल 33 गेंदों में 6 चौके और 4 छक्कों की बदौलत 61 रन बनाए। पंत के आउट होने के बाद नीतीश रेड्डी भी कुछ खास नहीं कर सके और 129 के कुल स्कोर पर केवल 4 रन बनाकर बोलैंड का चौथा शिकार बने। इसके बाद सुंदर (नाबाद 6) और रवींद्र जडेजा (नाबाद 8) ने दिन का खेल समाप्त होने तक कोई और नुकसान नहीं होने दिया। दिन के खेल की समाप्ति पर भारत ने 6 विकेट पर 141 रन बना लिए हैं। भारत की कुल बढ़त 145 रनों की हो गई है। ऑस्ट्रेलिया की ओर से दूसरी पारी में स्टॉक बोलैंड ने 4, पैट कमिंस और वेबस्टर ने 1-1 विकेट लिया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 181 रनों पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया के लिए ब्यू वेबस्टर ने सर्वाधिक 57 रन बनाए। वेबस्टर के अलावा स्टीवन स्मिथ ने 33, सैम कोंस्टास ने 23 और एलेक्स कैरी ने 21 रन बनाए। भारत की तरफ से मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने 3-3, जबकि

#### पंत ने 28 गेंदों में पूरा किया अपना अर्धशतक

दूसरी ओर पंत ने अपने चिर-परिचित अंदाज में बल्लेबाजी करनी शुरू की और केवल 28 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने मिचेल स्टॉर्क की गेंद पर छक्का लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया और अगली ही गेंद पर एक और जोरदार छक्का जड़ा।

जसप्रीत बुमराह और नीतीश रेड्डी ने 2-2 विकेट लिया।

**भारत की पहली पारी 185 रन पर सिमटी**

इससे पहले भारत ने अपनी पहली पारी में 185 रन बनाए। भारत के लिए ऋषभ पंत ने सर्वाधिक 40 रन बनाए। पंत के अलावा रवींद्र जडेजा ने 26, कप्तान जसप्रीत बुमराह ने 22 और शुभमन गिल ने 20 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से स्कॉट बोलैंड ने सर्वाधिक 4 विकेट लिए।

### बिग बैश लीग के दौरान चोटिल हुए बैनक्रॉफ्ट


**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कैमरून बैनक्रॉफ्ट को बिग बैश लीग मैच के दौरान टीम के साथी डेनियल सैम्स के साथ हुई टक्कर में कंधे और नाक की हड्डी टूट गई। उनकी टीम सिडनी थंडर ने शनिवार को उक्त जानकारी दी। शुक्रवार को पर्थ स्कॉर्चर्स के खिलाफ मैदान में कैच पकड़ने के दौरान गेंद भिड़ंत के बाद बैनक्रॉफ्ट और सैम्स को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। भिड़ने के बाद दोनों खिलाड़ी चोटिल हो गए और मैदान पर पड़े रहे। मी बल्लेबाज बैनक्रॉफ्ट, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 10 टेस्ट खेले हैं और 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गेंद से छेड़छाड़ के मामले में नौ महीने के लिए प्रतिबंधित किए गए थे, उनकी नाक से खून बह रहा था। ऑस्ट्रेलिया के लिए 10 टी20 मैच खेल चुके सैम्स को अपने साथी 32 वर्षीय खिलाड़ी के साथ सिर टकराने के बाद स्ट्रेचर पर ले जाया गया। टीम ने एक बयान में कहा कि सिर में चोट लगने के अलावा, बैनक्रॉफ्ट को नाक और दाहिने कंधे की हड्डी में भी फ्रैक्चर है।

### केर्ली मियामी पुलिस के साथ कथित विवाद में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** डबल ओलंपिक पदक विजेता फ्रेड केर्ली को मियामी पुलिस ने शुक्रवार देर रात गिरफ्तार कर लिया और उन पर मारपीट के आरोप लगाए। पुलिस के साथ झड़प के दौरान उन पर टेजर से हमला किया गया। 29 वर्षीय अमेरिकी धावक ने 2024 पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की 100 मीटर स्पर्धा में कांस्य और 2020 टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीता। वह रिले और 100 मीटर स्प्रिंट स्पर्धाओं में पूर्व विश्व चैंपियन भी हैं। स्थानीय समाचार चैनल फॉक्स 7 न्यूज ने मियामी पुलिस के हवाले से कहा कि केर्ली सक्रिय जांच स्थल पर पहुंचे और प्रयासों में बाधा उत्पन्न की। उन्होंने अपनी कार के बारे में चिंता व्यक्त की जो पास में ही खड़ी थी। धावक को क्षेत्र खाली करने के लिए कहा गया, लेकिन उसने मना कर दिया। पुलिस ने दावा किया कि वह आक्रामक हो गया और फिर उसने उसे बिजली के झटके दिए, यह बॉडी कैम फुटेज में देखा जा सकता है।

### कोच फ्लिक ने ओल्मो और पॉ विक्टर के टीम में शामिल नहीं होने से जताई नाराजगी

**मैड्रिड। एजेंसी**



एफसी बार्सिलोना के कोच हांसी फ्लिक ने स्वीकार किया कि वह उस स्थिति से खुश नहीं हैं, जिसके कारण क्लब सीजन के दूसरे भाग के लिए स्पेन के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी डेनी ओल्मो और फॉरवर्ड पॉ विक्टर को पहली टीम में शामिल नहीं कर पाया है। नए साल की पूर्वसंध्या से पहले वित्तीय निष्पक्ष खेल आवश्यकताओं को पूरा करने में बार्सिलोना की असमर्थता का मतलब था कि दो‌नों खिलाड़ियों को बार्का की पहली टीम के दल से हटा दिया गया था, नियमों के अनुसार एक खिलाड़ी को एक ही क्लब के साथ एक सत्र में दो बार पंजीकृत नहीं किया जा सकता है। इसका प्रभावी रूप से मतलब है कि ओल्मो एक मुफ्त हस्तांतरण पर क्लब से दूर जा सकते हैं, और हालांकि खिलाड़ी के एजेंट ने शुक्रवार को जोर देकर कहा कि उनका क्लब छोड़ने का कोई इरादा नहीं है, जब तक कि स्पेनिश फुटबॉल महासंघ के लिए अपील सफल नहीं होती है। शनिवार को कोपा डेल रे के तीसरे दौर के मुकाबले से पहले निचली लीग बारबास्ट्रो के खिलाफ होने वाले मैच से पहले कोच ने कहा, ईमानदारी से कहूँ तो मैं इस स्थिति से खुश नहीं हूँ, लेकिन हालात ऐसे ही हैं और हम पेशेवर हैं।

## ह्यूबर्ट हर्काज, स्विएटेक ने पोलैंड को यूनाइटेड कप के फाइनल में पहुंचाया

**सिडनी। एजेंसी**



■ पोलैंड को 1-0 की बढ़त दिलाकर स्विएटेक ने निर्णायक प्रदर्शन के लिए मंच तैयार किया

इगा स्विएटेक ने शनिवार को सिडनी में सेमीफाइनल मुकाबले में अपने सबसे कठिन प्रतिद्वंद्वियों में से एक एलेना रयबाकिना पर कड़ी जीत के साथ पोलैंड को लगातार दूसरे यूनाइटेड कप फाइनल में पहुंचा दिया। शीर्ष 10 खिलाड़ियों और ग्रैंड स्लैम चैंपियन के बीच मुकाबले में स्विएटेक ने कजाकिस्तान की एलेना रयबाकिना को 7-6(5), 6-4 से हराया, जिससे 2024 के फाइनलिस्ट के लिए 2-0 की अजेय बढ़त हासिल हुई। इससे पहले, ह्यूबर्ट हर्काज ने अलेक्जेंडर शेवचेंको पर शानदार जीत के साथ पोलैंड को 1-0 की बढ़त दिलाकर स्विएटेक के निर्णायक प्रदर्शन के लिए मंच तैयार किया। एलेना रयबाकिना, उन कुछ खिलाड़ियों में से एक हैं जो लगातार पांच बार की प्रमुख चैंपियन स्विएटेक को चुनौती देती हैं, शनिवार के मैच में एक मजबूत रिकॉर्ड के साथ उतरीं, उन्होंने अपने पिछले छह मुकाबलों में से चार में जीत हासिल की थी। 2022 विंबलडन चैंपियन ने शुरूआत में ही अपनी खास ताकत का प्रदर्शन किया, और 5-3 की बढ़त हासिल की, जबकि स्विएटेक कई फोरहैंड त्रुटियों से जूझ रही थीं। चुनौतियों का सामना करते हुए, स्विएटेक ने अपनी लय पाई, रैलियों में गति बढ़ाई और खेल के अपने चौथे ब्रेक पॉइंट पर 5-5 से वापसी की। स्विएटेक ने फिर 6-5 पर दो सेट पॉइंट अर्जित किए, लेकिन राइबाकिना ने संघर्ष किया।

## लेब्रोन जेम्स ने माइकल जॉर्डन का रिकॉर्ड तोड़ा

**लॉस एंजिल्स। एजेंसी**

लेब्रोन जेम्स ने शुक्रवार रात अटलांटा के खिलाफ लॉस एंजिल्स लेकर्स के मैच के दौरान माइकल जॉर्डन के 30 अंकों के एनबीए रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। 5:58 मिनट शेष रहते जेम्स ने अपने करियर में 563वीं बार नियमित सत्र में कम से कम 30 अंक बनाए, जिसने 2003 में जॉर्डन द्वारा स्थापित रिकॉर्ड को तोड़ दिया। जॉर्डन ने 15 सत्रों में 1,072 करियर खेलों में रिकॉर्ड बनाया, जबकि जेम्स ने 22 सत्रों में अपनी 1,523वीं उपस्थिति में यह रिकॉर्ड तोड़ा। जेम्स ने ओहियो के अक्रोन में



अपने बचपन के दौरान जॉर्डन को अपना आदर्श माना, और जब उन्होंने मार्च 2019 में एनबीए की करियर स्कोरिंग सूची में जॉर्डन को पीछे छोड़ते हुए चौथा स्थान प्राप्त किया, तो उस पल ने उन्हें लेकर्स की बेंच पर आंसू बहाए। संयोग से, जेम्स ने लेकर्स से लेकर्स की यात्रा के दौरान एनबीए के इतिहास में नियमित सत्र में खेले गए चौथे सबसे अधिक मैचों के डर्क नोवित्स्की (1,522) के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। जेम्स पिछले सप्ताह 40 वर्ष के हो गए, और वे उन कुछ सक्रिय खिलाड़ियों में से हैं जिन्होंने व्यक्तिगत रूप से जॉर्डन को 1990 के दशक में शिकागो बुल्स के साथ उनके शीर्ष पर देखा था। जेम्स ने एक रात पहले पोर्टलैंड के खिलाफ 38 अंक बनाए।

### मेहदी हसन ने बांग्लादेश टी-20 टीम की कप्तानी के लिए पेश की दावेदारी



**ढाका।** बांग्लादेश के हरफनमौला खिलाड़ी मेहदी हसन ने टी-20 कप्तानी के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि अगर मौका मिलता है तो वह इसका लुत्फ उठाने के लिए तैयार हैं। यह घोषणा बीसीबी अध्यक्ष फारुक अहमद द्वारा आधिकारिक तौर पर घोषित किए जाने के कुछ घंटों बाद आई, जिसमें उन्होंने कहा था कि वे नए टी-20 कप्तान की तलाश कर रहे हैं, क्योंकि नजमुल हुसैन सबसे छोटे प्रारूप में टीम का नेतृत्व नहीं करना चाहते हैं। फारूक ने शुक्रवार को शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में संवाददाताओं से कहा चोट के कारण शांतो टीम से बाहर हो गए हैं और अगर वह वापस आते हैं तो वह कप्तान (टेस्ट और वनडे में) के रूप में वापसी करेंगे। उन्होंने हमें बताया कि वह टी-20 कप्तान के रूप में सहज नहीं हैं।

## व्यापार

## रिलायंस जियो का आईपीओ लाने की तैयारी में मुकेश अंबानी

**नई दिल्ली। एजेंसी**



मुकेश अंबानी की रिलायंस जियो जल्द ही भारत का सबसे बड़ा आईपीओ लॉन्च कर सकती है। सूत्रों के अनुसार, जियो का आईपीओ लगभग 35,000 से 40,000 करोड़ रुपये का हो सकता है। यह आईपीओ ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) और ताजा शेयर जारी करने के साथ आएगा। रिलायंस जियो की ओर से इस आईपीओ के लिए प्री-आईपीओ प्लेसमेंट की प्रक्रिया पहले ही शुरू की जा चुकी है। निवेश बैंकर्स का मानना है कि यह आईपीओ काफी बड़ा हो सकता है, और इसमें सब्सक्रिप्शन की कोई समस्या नहीं होगी। कंपनी की योजना वर्ष 2025 की दूसरी छमाही में इसे लॉन्च करने की है। रिलायंस जियो का आईपीओ देश का सबसे बड़ा आईपीओ हो सकता है, जिससे भारतीय शेयर बाजार में हलचल मच सकती है। यदि यह आईपीओ सफल होता है, तो यह पिछले साल आए हुंडई मोटर इंडिया के 27,870 करोड़ रुपये के आईपीओ को भी पीछे छोड़ देगा। रिलायंस जियो के आईपीओ में ओएफएस कंपोनेंट का महत्वपूर्ण स्थान होगा, क्योंकि इससे मौजूदा निवेशकों को अपनी हिस्सेदारी बेचने का मौका मिलेगा। कंपनी की वैल्यूएशन की बात करें तो कई ब्रोकरेज का कहना है कि रिलायंस जियो की वैल्यूएशन 100 अरब डॉलर हो सकता है, जबकि कुछ सूत्रों के अनुसार कंपनी की वैल्यूएशन 120 अरब डॉलर तक हो सकती है। रिलायंस जियो ने हाल ही में एनवीडिया से साझेदारी की है और एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के क्षेत्र में भी कदम बढ़ाए हैं। इसके साथ ही, कंपनी सैटेलाइट इंटरनेट सर्विसेज और टेलीकॉम सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए लगातार निवेश कर रही है। रिलायंस जियो, जो कि देश की सबसे बड़ी टेलीकॉम ऑपरेटर है, अब 46 करोड़ से ज्यादा सब्सक्राइबर बेस के साथ भारतीय बाजार में अपनी पकड़ मजबूत कर चुकी है।

## सर्राफा बाजार में महंगा हुआ सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

**नई दिल्ली। एजेंसी**



घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार तीसरे दिन सोना महंगा हुआ है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी तेजी आई है। सोने की कीमत में आज 800 रुपये से लेकर 870 रुपये प्रति 10 ग्राम की उछाल दर्ज की गई है। सोने के भाव में आई तेजी की वजह से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 79,350 रुपये से लेकर 79,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 72,750 रुपये से लेकर 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी 2,000 रुपये प्रति किलोग्राम तेजी आई है, जिसके कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 79,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 72,750 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 79,200 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 79,250 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 72,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

### पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं



**नई दिल्ली।** देश की सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों ने शनिवार को पेट्रोल डीजल की नई कीमतें जारी कर दी हैं। हालांकि ये कंपनियां रोजाना सुबह 6 बजे नई दरों को जारी कर देती हैं। इन कंपनियों ने देश के चार महानगरों के साथ-साथ झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश के प्रमुख जिलों के लिए भी कीमतें जारी की है। हालांकि दिल्ली और मुंबई सहित देश के चारों महानगरों में शुक्रवार को भी तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल 94.77 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.67 प्रति लीटर मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपेय प्रति लीटर और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटर कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये प्रति लीटर और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर है।

## नए साल में उतार-चढ़ाव के बाद एलन मस्क की संपत्ति 437 अरब डॉलर हुई

**नई दिल्ली। एजेंसी**




दुनिया के सबसे अमीर इंसान एलन मस्क की संपत्ति में इस साल के पहले ही सप्ताह में बड़े उतार-चढ़ाव आए। हफ्ते की शुरूआत में उनकी नेटवर्थ में 17.7 अरब डॉलर की गिरावट आई, लेकिन शुक्रवार को उनकी कंपनी टेस्ला के शेयरों में 8.22 फीसदी की उछाल के बाद एलन मस्क की संपत्ति 22.3 अरब डॉलर बढ़कर 437 अरब डॉलर तक पहुंच गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एलन मस्क दुनिया के सबसे धनी इंसान हैं और उनके बराबर कोई अन्य अरबपति नहीं है। 2023 में उनकी नेटवर्थ में 203 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई थी। वहीं, 2024 की शुरूआत में संपत्ति में 4.61 अरब डॉलर का इजाफा हुआ। दूसरी ओर फ्रांस के बर्नार्ड अरनॉल्ट की संपत्ति में 5.22 अरब डॉलर की गिरावट आई। वह 169 अरब डॉलर के साथ छठे स्थान पर है। दुनिया के अन्य अमीरों में जेफ बेजोस 243 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ दूसरे और फेसबुक के मार्क जकरबर्ग 214 अरब डॉलर के साथ तीसरे स्थान पर हैं। एशिया के सबसे अमीर इंसान रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी हैं, उनकी संपत्ति 93.1 अरब डॉलर है। वहीं, गौतम अडानी की नेटवर्थ 84 करोड़ डॉलर से घटकर 78 अरब डॉलर रह गई है। उनका दुनिया के 19वां स्थान है। एलन मस्क की नेटवर्थ में इस उछाल से यह साफ हो जाता है कि उनकी कंपनी टेस्ला का प्रदर्शन उनकी संपत्ति में बड़ा बदलाव ला सकता है।

